वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

सोमवार, 01 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 147, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सात कंपनियों की पूंजी 1.54 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से कुल 1.54 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आयी। } 10

आत्मनिर्भर होने के लिए जैव ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में बिटुमेन और विमानन ईंधन का कम उत्पादन होता है तथा आयात पर निर्भरता घटाने के लिए घरेलू स्तर पर जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। } 12

राजीव कृष्णा बने यूपी के स्थायी डीजीपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस को चार वर्ष बाद पुलिस महानिदेशक मिला है। अभी तक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की भूमिका में काम कर रहे 1991 बैच के आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा अब स्थायी पुलिस महानिदेशक हो गए हैं। राजीव कृष्णा पिछले एक वर्ष से कार्यकारी पुलिस महानिदेशक बने हुए थे। राजीव कृष्णा जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। राजीव कृष्णा की नियुक्ति का आदेश अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने जारी किया। ...शेष पृष्ठ 10 पर

बेंगलुरु ने 'विराट' अंदाज में जीता दूसरा आईपीएल खिताब

आरसीबी ने फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराया, कोहली ने बनाये नाबाद 75 रन, लगाया विजयी छक्का

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। पिछले सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर टीम पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी ने इस बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए नया इतिहास रच दिया। रविवार को अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 75 रन बनाकर जीत का छक्का लगाया। (विस्तृत खेल पेज 11 पर)

होमगार्ड समाज का फर्स्ट रिस्पांडर

आधुनिक और तकनीक -सक्षम होगा होमगार्ड संगठन: सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को होमगार्ड विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होमगार्ड संगठन उत्तर प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा जनसेवा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। बदलते समय और नई चुनौतियों के अनुरूप इस संगठन को अधिक सक्षम, प्रशिक्षित, तकनीक-सक्षम और आधुनिक बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण क्षमता विस्तार, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण और मानव संसाधन विकास से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए, ताकि होमगार्ड स्वयंसेवक प्रत्येक परिस्थिति में प्रभावी भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड केवल पुलिस बल के सहायक के रूप में ही नहीं, बल्कि आपदा राहत, भीड़ प्रबंधन, चुनावी व्यवस्थाओं, सामुदायिक सेवा तथा जनजागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से होमगार्ड संगठन की कार्यक्षमता को और बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस व होमगार्ड का जवान समाज का फर्स्ट रिस्पांडर होता है। किसी भी घटना में पीड़ित के पास सबसे पहले यही पहुंचते हैं, इसलिए इन्हें सीपीआर व फर्स्ट एड की अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग दी जाए और गोल्डन ऑवर के महत्व के बारे में भी बताया जाए। इनकी सजगता जीवन बचाने में काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 1963 में स्थापित उत्तर प्रदेश होमगार्ड संगठन में 1,18,348 पद स्वीकृत हैं। स्थापना के समय जहां मात्र 2,000 होमगार्ड व्यवस्थापित ...शेष पृष्ठ 10 पर

जन सुरक्षा की मजबूत ढाल बनेगा नागरिक सुरक्षा विभाग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नागरिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नागरिक सुरक्षा की भूमिका केवल युद्धकालीन परिस्थितियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव, जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव, अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विभाग की क्षमताओं को और मजबूत किया जाना चाहिए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा गतिविधियों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री जी ने आर्मी से सेवानिवृत्त लोगों के द्वारा प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अवकाश का समय चल रहा है। ऐसे में एनसीसी, एनएसएस आदि के स्वयंसेवकों को भी सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग के साथ जोड़ा जाए। इन्हें भी सीपीआर व फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी जाए। मुख्यमंत्री जी ने आपदा से पहले लोगों को जागरूक करने के लिए सायरन के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। बैठक में बताया गया कि भारत-चीन युद्ध के बाद वर्ष 1962 में नागरिक सुरक्षा की स्थापना की गई थी तथा वर्ष 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया। नागरिक सुरक्षा संशोधित अधिनियम-2009 के माध्यम से विभाग को आपदा पूर्व, आपदा के दौरान तथा आपदा उपरांत कार्यों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। वर्तमान में विभाग राहत एवं बचाव, क्षति न्यूनीकरण, अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा फंसे हुए लोगों की सुरक्षित निकासी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विभाग की जनजागरूकता एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा देश : मोदी

लखनऊ की दशहरी और काशी का लंगड़ा आम है बेमिसाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का दशहरी और मेरी काशी का लंगड़ा। उन्होंने कहा कि दशहरी देश के साथ ही विदेशों में भी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का हापुस या अल्फांसो, गुजरात का केसर- ये तो आमरस की जान हैं। बिहार का जर्दालू जिसकी खुशबू दूर से पहचान में आ जाए। चौसा, मालदा...हर नाम के साथ लोगों की यादें जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई दक्षिण भारत जाए तो उसे बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, पश्चिम बंगाल के हिमसागर, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सुवर्णरखा जैसी अन्य किस्में मिलेंगी। उन्होंने कहा, यानी, जगह बदलती है और साथ ही आम का रूप-रंग एवं उसका स्वाद भी बदल जाता है ... आम की यह यात्रा अब गांवों से वैश्विक बाजार तक भी पहुंच रही है। देश के गांवों और शहरों में ऐसे अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं जिनसे यह विश्वास मजबूत होता है कि देश लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ रहा है।

पीएम मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेड़ियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134 वीं कड़ी में इसी तरह के अनेक प्रेरणादायी कार्यों का उल्लेख करते हुए लोगों से इनकी सराहना करने तथा इनसे जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के हर गाँव में, हर शहर में, कुछ-न-कुछ ऐसा हो रहा है जो हमें प्रेरणा देता है। कई बार, इन प्रयासों की ज्यादा चर्चा नहीं होती, लेकिन जब हम इन्हें जानते हैं, तो ये विश्वास और मजबूत होता है कि देश अपने लोगों की शक्ति से आगे बढ़ रहा है। मेरा आपसे आग्रह है कि अपने आसपास ऐसे प्रयासों को जरूर देखिए। जो लोग समाज के लिए अच्छा काम कर रहें हैं, उन्हें पहचानिए, उनकी सराहना कीजिए, उनसे सीखिए, और ...शेष पृष्ठ 10 पर

सात्विक-चिराग पहली बार बने सिंगापुर ओपन चैंपियन

एजेंसी

सिंगापुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व विश्व नंबर एक जोड़ी ने रविवार को पुरुष युगल फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी को हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन बैडमिंटन खिताब जीत लिया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन इस भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए दो वर्षों में अपना पहला खिताब जीता। यह उनके करियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती गेम में पिछड़ने के बाद रोमांचक मुकाबले में 18-21, 21-17, 21-16 से जीत दर्ज करते हुए सुपर 750 स्तर का अपना तीसरा खिताब भी हासिल किया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज इस भारतीय जोड़ी के लिए यह जीत विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही, क्योंकि वे ...शेष पृष्ठ 10 पर

राजस्व प्रशासन के तीन अहम पदों पर महिला आईएएस अफसरों की तैनाती

विशेष संवाददाता

- अर्चना अग्रवाल बनीं राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष
- अपर्णा यू पहले से संभाल रहीं राजस्व विभाग में प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी
- कंचन वर्मा राजस्व परिषद में सचिव एवं आयुक्त पद पर हैं तैनात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में महिला सशक्तीकरण का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण पेश किया है। प्रदेश के राजस्व प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में अब महिला अधिकारियों की मजबूत उपस्थिति देखने को मिल रही है। सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल को राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि प्रमुख सचिव राजस्व की जिम्मेदारी पहले से आईएएस अपर्णा यू संभाल रही हैं।

राजस्व परिषद में सचिव एवं आयुक्त स्तर की जिम्मेदारी आईएएस कंचन वर्मा के पास है। 1990 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल वर्तमान में अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब उन्हें राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे अनुभव और विभिन्न विभागों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के कारण उन्हें प्रदेश की महत्वपूर्ण संस्थाओं में ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाजियाबाद मर्डर केस का आरोपी असद मुठभेड़ में ढेर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 11वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र की हत्या के मुख्य आरोपी की रविवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। खोड़ा क्षेत्र का निवासी असद, सूर्या चौहान की चाकू से हमला कर हत्या करने के मामले में वांछित था। चौहान ने इलाज के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया था। शहर के पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने पत्रकारों को बताया कि 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के मुख्य आरोपी असद की रविवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। असद खोड़ा क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ...शेष पृष्ठ 10 पर



विशेष खबर

लखीमपुर खीरी और रहीमाबाद क्षेत्र में दीवार ढहने से दो की मौत

प्रदेश में धूल भरी आंधी के बाद जोरदार बारिश

फोटोः समीर भटनागर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश में रविवार को धूल भरी आंधी- बारिश से मौसम बदल गया। दोपहर बाद बादलों की सक्रियता बढ़ी और घने बादलों के साथ तेज आंधी शुरू हो गई, जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। हवाओं की रफ्तार 50 से 70 किमी प्रति घंटे तक दर्ज की गई और इससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ। तराई क्षेत्र और एनसीआर से ...शेष पृष्ठ 10 पर

आंधी-बारिश से बचाव को लेकर योगी सख्त

लखनऊ। प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी आंधी, बारिश और तेज हवाओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को कई जिलों में आंधी, बारिश और तूफान की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन, राहत आयुक्त कार्यालय तथा संबंधित विभागों को लगातार निगरानी बनाए रखने और किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन जनपदों में तेज आंधी, बारिश, ओलावृष्टि अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से जनहानि अथवा पशुहानि हुई है, वहां प्रभावित परिवारों को तत्काल अनुमन्य राहत राशि वितरित की जाए। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समयबद्ध सहायता पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए। जहां भी कृषि क्षति की सूचना मिले, वहां राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर आकलन करे तथा शासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ने किया विश्व नो टोबैको माह का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने ह्वविश्व नो टोबैको माहह्व का आयोजन किया। यह आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।प्रो. (डॉ.) नीता पासरीचा, प्राचार्य द्वारा 1 मई 2026 को अभियान का उद्घाटन किया और 31 मई 2026 तक चलने वाली श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों की दिशा तय की,जिसमें मुख्य फोकस ह्वब्रेकिंग द ग्लैमर, बिल्डिंग अ टोबैको-फ्री फ्यूचरह्व रहा।

पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने इन कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों, संकाय सदस्यों और समुदाय को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों तथा इसके मौखिक कैंसर और अन्य प्रणालीगत रोगों से गहरे संबंध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया। विभाग ने शैक्षणिक प्रतियोगिताओं, जागरूकता अभियानों, परामर्श सत्रों और विशेषज्ञ चचाओं को सम्मिलित कर रोकथाम की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने, शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया, क्योंकि किशोरावस्था में तंबाकू सेवन की शुरूआत जीवनभर की लत और स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बनती है। नुक्कड़ नाटक, क्विज, पोस्टर और रील प्रतियोगिताओं तथा आउटरीच कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य दूत के रूप में सशक्त बनाने, सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुरूप तंबाकूजनित रोगों को कम करने का प्रयास किया गया।

ह्वअनमास्किंग द अपील झ काउंटरिंग निकोटीन एंड टोबैको एडिक्शन विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने तंबाकू नियंत्रण की बहुआयामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। पैनल में डॉ. हेमंत मेहरा (हेड एवं प्रोफेसर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, सरस्वती डेंटल कॉलेज), डॉ. अरुण कुमार (हेड एवं डीन, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय) और डॉ. संतोष कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, मास कम्युनिकेशन विभाग, स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय) शामिल रहे।

डॉ. मेहरा ने मौखिक कैंसर और पूर्व-कैंसर घावों के नैदानिक बोझ पर प्रकाश डालते हुए शीघ्र पहचान और शल्य चिकित्सा हस्तक्षेपों की महत्ता बताई। डॉ. अरुण कुमार ने कानूनी ढांचे और नीति प्रवर्तन की भूमिका पर बल दिया, यह स्पष्ट करते हुए कि सख़्त कानून और नियामक उपाय तंबाकू सेवन को रोकने और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए अनिवार्य हैं। डॉ. संतोष कुमार ने जनसंचार और मीडिया रणनीतियों के प्रभाव पर चर्चा की, जिम्मेदार संदेशों और जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया जो तंबाकू उत्पादों के आकर्षण को समाप्त कर समुदाय को सही जानकारी से सशक्त करें। सामूहिक रूप से इस संवाद ने चिकित्सा विशेषज्ञता, कानूनी जिम्मेदारी और संचार रणनीतियों के एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

विश्व नो टोबैको माह के दौरान एक विशेष व्याख्यान डॉ. जस्मीत सिंह (ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन) द्वारा दिया गया। उन्होंने तंबाकूजनित रोगों की रोकथाम और शीघ्र पहचान की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि तंबाकू की लत केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है, जिसका मौखिक और प्रणालीगत स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने मौखिक पूर्व-कैंसर घावों और कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और बताया कि समय पर पहचान और उपचार से रोगभार को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने लत के मनो-सामाजिक पहलुओं पर भी ध्यान आकर्षित किया और संस्थानों से बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञता, शैक्षिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी शामिल हो।

डॉ. सिंह का प्रेरक व्याख्यान अभियान की थीम से गहराई से जुड़ा रहा, जिसमें प्रतिभागियों को याद दिलाया गया कि तंबाकू उत्पादों के आकर्षण को साक्ष्य-आधारित शिक्षा, सख़्त नीति प्रवर्तन और युवाओं पर केंद्रित वकालत के माध्यम से समाप्त करना आवश्यक है।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय की उत्साही भागीदारी को सम्मानित किया गया। यह सत्र 100 छात्रों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिनकी सक्रिय भागीदारी ने युवाओं में बढ़ती जागरूकता और तंबाकू नियंत्रण पहलों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्या।

सरकार ने 33,401 पदों पर दूर की शिक्षकों की कमी

योगी सरकार ने 33 हजार माध्यमिक शिक्षकों को किया नियुक्त

विशेष संवाददाता (vol)

- वर्ष 2012 से 2017 तक भर्ती प्रक्रिया रही ठप, मिशन मोड में पूरी की चयन प्रक्रिया

लखनऊ। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे भर्ती संकट को समाप्त कर व्यवस्था परिवर्तन का नया अध्याय लिखा है। पूर्व में वर्ष 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही, जिसके कारण विद्यालयों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हो गए और शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों से घिर गई।

वर्ष 2017 में योगी सरकार के गठन के बाद स्थिति तेजी से बदली। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए पारदर्शिता, सुशासन और मेरिट को केंद्र में रखा, जिसका परिणाम 33,401 पदों पर सफल चयन के रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से वर्ष 2022 तक प्रधानाचार्यों के 783, प्रवक्ता के 5,321 तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 27,297 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रकार कुल 33,401 पदों पर भर्ती कर माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को नया संबल प्रदान किया गया। माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया की यह सफलता योगी सरकार की नीति, नीयत और नतीजों का स्पष्ट उदाहरण है। सरकार की नीति विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की रही, नीयत पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की रही, जबकि इसका नतीजा हजारों रिक्त पदों पर भर्ती के रूप में सामने आया। जहां पूर्ववर्ती सरकार के दौरान चयन प्रक्रिया ठहराव का शिकार रही, वहीं योगी सरकार ने लंबित प्रक्रियाओं को गति देकर यह साबित किया कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रशासनिक क्रियान्वयन से वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव है। माध्यमिक शिक्षा में 33 हजार से अधिक पदों पर भर्ती केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह उस बदलाव की कहानी है जिसमें ठप पड़ी चयन प्रक्रिया को गति मिली, युवाओं को अवसर मिला और विद्यालयों को शिक्षक मिले। वर्षों तक भर्ती प्रक्रिया प्रभावित रहने के कारण माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती बन चुकी थी। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा था। योगी सरकार ने इस चुनौती को शिक्षा सुधार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा बनाते हुए रिक्त पदों को भरने की दिशा में ठोस कदम उठाए। परिणामस्वरूप लंबे समय से लंबित चयन प्रक्रियाओं को गति मिली और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। बड़ी संख्या में टीजीटी, प्रवक्ता और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति से विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ी है। इससे शिक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में भी सहायता मिली है। विद्यालयों में शैक्षणिक नेतृत्व को मजबूत करने के लिए प्रधानाचार्यों की नियुक्तियां भी महत्वपूर्ण साबित हुई हैं, जिससे प्रशासनिक दक्षता और शैक्षणिक वातावरण दोनों बेहतर हुए हैं। प्रदेश में ऑपरेशन अलंकार, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल शिक्षा और नकलविहीन परीक्षा प्रणाली जैसी पहल के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाई है। पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता से विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को नई गति मिली है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार और मजबूत हुआ है।

लोकहित की प्रेरणा देते हैं अहिल्याबाई के कार्य

विशेष संवाददाता

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक माता को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मस्थलों के पुनर्निर्माण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से एक आदर्श शासन व्यवस्था का उदाहरण प्रस्तुत करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कोटिशः नमन।

उन्होंने कहा कि प्रजा के हित को सर्वोपरि रखते हुए विकास, धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश में न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक के रूप में प्रसिद्ध अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शत-शत नमन एवं अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास की महान शासक अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नयी दिशा प्रदान की। उनका जीवन नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्त्रोत है। आज उनकी जयंती के पावन अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनके अनुयायियों को शुभकामनाए।

अठारहवीं शताब्दी के मालवा में होल्कर वंश की रानी अहिल्याबाई होल्कर को उनके असाधारण शासन, सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के प्रति योगदान के लिए याद किया जाता है।

वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर का सुशासन इतिहास में अमरः अखिलेश

लखनऊ। वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती पर रविवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में सादगी से मनाई गई। लोकमाता के चित्र पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अहिल्याबाई जयंती पर कहा कि 18वीं सदी में अपने कुशल शासन, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और महिला सशक्तिकरण के लिए भारतीय इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य के मालवा क्षेत्र की महान महारानी थी। उन्हें लोकमाता भी कहा जाता है। वह शिवभक्त थी। उन्होंने केदारनाथ से रामेश्वर तक पूरे भारत में 100 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, प्रो. बी. पाण्डेय राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, अम्ब्रीश पुष्कर पूर्व विधायक, सीएल वर्मा उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, जयसिंह जयंत जिलाध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा मणेन्द्र मिश्रा आदि शामिल रहे।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेईमानी और झूठ चरम पर : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है, इस बात को स्वीकार करके भाजपा के विधायक ने भ्रष्ट भाजपाई राजनीति का एनकाउंटर कर दिया है, साथ ही उसके ऊपर बुलडोजर भी चलवा दिया है। देखते हैं अब इन भाजपाई विधायक को पार्टी से निकाला जाता है। भाजपा द्वारा अगला मुख्यमंत्री घोषित किया जाता है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेइमानी और झूठ चरम पर है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गयी है। हर स्तर पर कमीशनखोरी के चलते हर स्तर पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के भूमाफियाओं ने अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ा। अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मथुरा आदि जनपदों में बड़े पैमाने पर जमीनों पर कब्जा कर लिया है।

पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे सीएम

- बिजनौर में होगा भव्य कार्यक्रम, 50 पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भी मिलेगा लाभ

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शोषित-वंचित समुदाय तथा विस्थापितों को निरंतर भूमिधरी अधिकार पत्र मिल रहा है। ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, सुविधा व सम्मान मिल रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सोमवार को बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को भी उनका अधिकार दिलाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर के आलमपुर गांवड़ी, अफजलगढ़, धामपुर में विकास की बड़ी योजनाओं से स्थानीय लोगों को जोड़ेंगे। वह पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों तथा 50 पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे। मुख्यमंत्री यहां प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को आवंटन पत्र व चेक वितरित करेंगे। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने अप्रैल में लखीमपुर खीरी में भी बांग्लादेश से विस्थापित 331 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किया था। साथ ही चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया था। सीएम योगी ने मार्च में भी बहराइच के ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में भरथापुर गांव के 118 लाभार्थियों को 15 लाख रुपये प्रति हितग्राही की दर से पुनर्वास धनराशि एवं कृषि भूमि आदि परिसंपत्तियों के समतुल्य 21.55 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया था।

मन की बात बना जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण का प्रभावी मंच : धामी

134 वें संस्करण को छात्रावास की बालिकाओं संग सुना

विशेष संवाददाता (vol)

- संवाद, आत्मविश्वास, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का युवा यदि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित जीवनशैली और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े तो वह न केवल अपने सपनों को साकार कर सकता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

रविवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं के साथ कार्यक्रम सुना और उनके साथ संवाद कर जीवन, शिक्षा तथा करियर से जुड़े अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला एक सशक्त मंच बन गया है। यह कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाने वाले सामान्य लोगों की प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाकर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से समय-समय पर उठाए गए विषय जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुके हैं। स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों में व्यापक जनभागीदारी इसका प्रमाण है। उत्तराखंड में भी इन पहलों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और पारंपरिक खान-पान को अपनाने के संदेश को विशेष रूप से उपयोगी बताते हुए कहा कि भारतीय जीवन शैली में निहित पारंपरिक ज्ञान आज भी स्वास्थ्य और संतुलित जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, साहित्य, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी भी व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय का सदुपयोग, कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों से सशक्त युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को नई गति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में विधायक महंत दलीप सिंह रावत सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मदरसा बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित

लखनऊ। प्रदेश सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप- 3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा। इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। वर्ष 2026 की उप्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं। सभी टॉप-10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) वर्ग में चंदौली के मोहम्मद वसीम ने पहला, मीरजापुर के मोहम्मद कासिम अली ने दूसरा और गोरखपुर की शाइमा परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलिम (सीनियर सेकेंडरी) वर्ग में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। वाराणसी की जुमी फरीन और शाइस्ता परवीन के साथ अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया है। इन छात्र-छात्राओं को टैबलेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए 'एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर' के विजन को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रही है।

शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा

1011 परीक्षा केन्द्रों पर 90 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

विशेष संवाददाता (vol)

- एआई, फेस रिकग्निशन, 22 हजार सीसीटीवी कैमरे व लाइव कमांड कंट्रोल सिस्टम से हुई निगरानी

लखनऊ। प्रदेश में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 रविवार को प्रदेश के 72 जिलों के 1011 परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को सौंपी गई थी। परीक्षा में पंजीकृत 4,44,958 अभ्यर्थियों में से लगभग 90 प्रतिशत अभ्यर्थी दोनों पालियों में शामिल हुए।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश में पारदर्शी, नकलविहीन और तकनीक आधारित परीक्षा प्रणाली का मॉडल बनकर उभरा है। प्रदेश के 72 जिलों में स्थापित 1011 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 पूरी शुचिता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा में कुल 4,44,958 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 2,72,659 महिला, 1,72,297 पुरुष तथा 2 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल थे। प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान एवं भाषा विषय की परीक्षा तथा द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षण एवं विषय योग्यता की परीक्षा आयोजित की गई। दोनों पालियों में लगभग 90 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। कासगंज और पीलीभीत में सर्वाधिक 95 प्रतिशत तथा गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में 84 प्रतिशत उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निगरानी के लिए बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया, जहां से प्रदेश के सभी 1011 परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की गई। इसके लिए लगभग 22 हजार सीसीटीवी कैमरे और 5651 बायोमैट्रिक मशीनें लगाई गई थीं। परीक्षा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेस रिकग्निशन तकनीक, फिंगर प्रिंट आधारित बायोमैट्रिक सत्यापन और रियल टाइम अटेंडेंस सिस्टम का उपयोग किया गया, जिससे केवल वास्तविक अभ्यर्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि आधुनिक एआई सिस्टम के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम, प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा परीक्षा कक्षों की लगातार निगरानी की गई। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अनाधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति पर तत्काल कंट्रोल रूम को अलर्ट प्राप्त हुआ और संबंधित केन्द्र से तुरंत संपर्क स्थापित कर स्थिति का सत्यापन किया गया। गोपनीय सामग्री के बॉक्स खोले जाने की सूचना भी सीधे कंट्रोल रूम में प्राप्त होती रही।

यूपीसीडा के विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच के निर्देश

लखनऊ। राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने औद्योगिक क्षेत्रों में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी जांच व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने गाजियाबाद के सात प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान भारत सरकार के उपक्रम राइट्स लिमिटेड से विकास कार्यों का विस्तृत गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्यों के सैंपल और गुणवत्ता परीक्षण उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराए जाने का फैसला लिया गया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कविनगर, स्वदेशी औद्योगिक क्षेत्र, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, साउथ साइड जीटी रोड, लोहामंडी, मेरठ रोड साइट-3 और साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्रों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए थर्ड पार्टी ऑडिट व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, लंबित विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण और उद्यमियों के साथ हुई बैठक के दौरान ट्रक पार्किंग, पार्कों के विकास, टेस्ट लैब, स्किल डेवलपमेंट सेंटर और एक्सपो सेंटर जैसी सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

सिंचाई विभाग की योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के क्रम में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को सिंचाई विभाग मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में कृषि विकास, जल सुरक्षा, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी 5 जून से एक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के साथ विभागीय जनजागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाए। इसके अंतर्गत 5 जून से 21 जून, 2026 तक प्रदेशभर में पदयात्रा, प्रदर्शनी, किसान संवाद, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सिंचाई परियोजनाओं, राजकीय नलकूपों, नहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण अभियानों, भूजल संवर्धन, आधुनिक सिंचाई तकनीकों तथा विभाग द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी आमजन एवं किसानों तक पहुँचाई जाएगी। बैठक में उपस्थित राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग की विशाल परियोजनाओं, आधारभूत संरचनाओं एवं विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच प्रस्तुत किया जाए, जिससे आमजन विभाग की भूमिका एवं उपलब्धियों से अवगत हो सकें।

संक्षेप

करंट की चपेट में मासूम की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। करंट की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गयी। मासूम की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना के रानीगंज अजगरा बाजार में रविवार की सुबह मोहम्मद रफीक की छह वर्षीय पुत्री अरीबा घर में कूलर के पास खेल रही थी। अचानक वह कूलर के जरिये करंट की चपेट में आ गयी। मासूम की चीख पर परिजन उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें मृतका का पिता रकीब रोजी रोटी के सिलसिले में परिवार सहित पूना में रहता था। पिछले एक माह से वह यहां घर आया हुआ था।

शिक्षित समाज की महत्वतता पर हुई संगोष्ठी

प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला के समीप मधुकरपुर गांव में रविवार को शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में आयोजको द्वारा नौनिहालों को निशुल्क कापी, पेंसिल एवं खाद्य सामाग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल ने कहा कि मुफ्त शिक्षा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों को पठन पाठन का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू तथा मिथिलेश जायसवाल व कमलेश सिंह ने शिक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। संचालन मेवालाल वर्मा ने किया। इस मौके पर श्याम लाल, हरिलाल, सुन्दर लाल, तुलसीराम, बिन्दू शर्मा, सीमा सरोज आदि रहे।

दिव्यांग के साथ मारपीट ,मुकदमा

प्रतापगढ़। रंजिशन दिव्यांग के साथ गाली गलौज व मारपीट को लेकर लालगंज पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलागंज इदिलपुर निवासी रफीक पुत्र अब्दुल रऊफ ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उन्तीस मई को रात आठ बजे वह बाजार से घर पहुंचा। परिवारजनों ने बताया कि गांव के विपक्षी कल्लू उर्फ इद्रीश, खलील पुत्र इसहार, अशरफ व अफजल पुत्रगण इद्रीस तथा शमीम व अफसर द्वारा गाली गलौज की गयी। इस बीच आरोपियों ने पीड़ित को भी धक्का मारकर गिरा दिया और गाली गलौज के साथ लाठी डंडे से मारने लगे। पीड़ित के दिव्यांग होने के कारण उसकी चीख पुकार पर बीच बचाव के लिए सलीम पुत्र नईम व अख्तरी बानों पुत्री नईम आईं तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कल्लू समेत आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मारपीट की घटना में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में पुलिस की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी संतोष कुमार यादव व संजय कुमार बीती तीस मई को गश्त पर निकले थे। कोतवाली के पूरे तिलकराम ताजपुर में सुबह सवा आठ बजे मवेशी के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की ग्रामीणों ने जानकारी दी। जांच के उपरान्त आरक्षी की तहरीर पर एक पक्ष के हरिकेश वर्मा पुत्र छोटे लाल, उषा देवी पत्नी हरिकेश तथा दूसरे पक्ष के अतीत वर्मा पुत्र अन्नत कुमार व कुसुम देवी पत्नी अन्नत कुमार, रोहित उर्फ अजय कुमार पुत्र अशोक वर्मा व राजकुमारी पत्नी अशोक के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी को लेकर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसएसआई अरूण कुमार सिंह का कहना है जांचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे सांसद प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में बारह बजे से लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह यहां जन समस्याओं का निराकरण करायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में तीन बजे पुरूषोत्तम माह के सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह रामगंज भोजपुर, रायपुर तियाई तथा रानीगंज कैथौला में भी लोगों से मुलाकात करेंगे।

जानकारी छिपा रहे अधिकारी : विधायक

नहीं सुधरे तो जनता के बीच होगा खुलासा

सिद्धार्थनगर। जनपद के विधान सभा शोहरतगढ़ से अपना दल (एस) के विधायक विनय वर्मा ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर विकास कार्यों में लापरवाही बरतने और महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने का आरोप लगाया है। विधायक ने इस संबंध में मुख्य अभियंता, बस्ती मंडल को एक पत्र भेजकर सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।विधायक वर्मा ने बताया कि उनके प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में कई सड़क परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत और जारी की गई थी। हालांकि, जमीनी स्तर पर अधिकांश परियोजनाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कई सड़क निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, जबकि कई योजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। अपने पत्र में विधायक ने अधिशासी अभियंता कमल किशोर का विशेष रूप से उल्लेख किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 से लगातार परियोजनाओं की प्रगति, स्वीकृत धनराशि, टेंडर प्रक्रिया और निर्माण कार्यों से संबंधित जानकारी मांगी जा रही है, लेकिन अपेक्षित विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। विधायक के अनुसार, विभागीय स्तर पर पारदर्शिता का अभाव है और जनप्रतिनिधियों को भी योजनाओं की वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया जा रहा है। विधायक ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई परियोजनाओं का कोई स्पष्ट हिसाब जनता के सामने नहीं है। उन्होंने बताया कि कहीं भूमिपूजन के बाद काम बंद हो गया है तो कहीं निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। इससे स्वीकृत धनराशि और परियोजनाओं की प्रगति के वास्तविक रिकॉर्ड पर सवाल उठ रहे हैं। विनय वर्मा ने मुख्य अभियंता से सभी सड़क परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट, धनराशि का ब्यौरा, टेंडर की स्थिति, अधूरे कार्यों के कारण और जिम्मेदार अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विभागीय अधिकारी भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही से बचने की अपनी प्रवृत्ति नहीं छोड़ेंगे, तो उन्हें जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा।विधायक वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति के बावजूद यदि अधिकारी विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं या जानकारी छिपा रहे हैं, तो यह एक गंभीर मामला है।

दुकान पर स्लैब धंसा, बीएड के 20 से अधिक अभ्यर्थी नाले में गिरे

कानपुर। कानपुर में रविवार सुबह उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा देने पहुंचे 20 से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के बाहर कंक्रीट की जर्जर स्लैब अचानक धंसने के कारण सीवेज नाले में गिर गए। घटना मैकरॉबर्टगंज में स्थित एचएन मिश्रा पीजी कॉलेज के पास हुई, जहां अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले आवश्यक दस्तावेजों की फोटोकॉपी कराने के लिए पास की एक दुकान पर एकत्र हुए थे। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाले को ढकने वाली पुरानी कंक्रीट स्लैब भीड़ का भार नहीं सह सकी और धंस गई, जिससे करीब 20 से 25 अभ्यर्थी सीवेज से भरे नाले में जा गिरे। इस हादसे में चार अभ्यर्थियों को मामूली चोट आईं, जबकि कई अन्य के कपड़े, किताबें, प्रवेश पत्र और अन्य दस्तावेज खराब हो गए। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि अभ्यर्थी नगर निगम बाजार क्षेत्र में स्थित एक दुकान पर जरूरी दस्तावेजों की फोटोकॉपी कराने गए थे। अत्यधिक भीड़ के कारण नाले की पुरानी स्लैब धंस गई। कुछ लोगों को मामूली चोट आई हैं, लेकिन किसी की जान नहीं गई है। घायलों की सहायता की गई और बाद में अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए।

डीएम ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण

अधिकारियों पर कार्रवाई की संस्तुति

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त न करने की अपनी कार्यशैली के अनुरूप जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने शनिवार को सोहास-लौटन मार्ग पर निमार्णाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल निर्माण कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की है। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन पुल की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय मौके पर मात्र चार मजदूर कार्य करते हुए पाए गए। सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि परियोजना का एग्रीमेंट 18 फरवरी 2026 को हुआ था, लेकिन अब तक केवल लगभग 10 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो सका है। डीएम ने स्पष्ट कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और यदि पुल का निर्माण समय से पूरा नहीं हुआ तो लगभग 20 गांवों के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि सोहास-लौटन मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है तथा इस मार्ग का कोई वैकल्पिक लिंक रोड भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में निर्माण कार्य में हो रही देरी आम जनता की परेशानी का कारण बन सकती है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के अनुपालन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही एवं अत्यंत धीमी प्रगति को गंभीरता से लेते हुए सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड राजकुमार मौर्य, अवर अभियंता लालचंद पटेल तथा संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की है।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उनके इस सख्त रुख से आम जनता में यह संदेश गया है कि जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, अभियंता एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भूमि विवाद में बढ़ा तनाव

डीएम-एसपी से न्याय की गुहार

श्रावस्ती। भिनगा तहसील के ग्राम बनकटवा कला में भूमि विवाद को लेकर तनाव बढ़ गया है। गांव निवासी बकरीदी ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोबारा पैमाइश कराने की मांग की है। बकरीदी का कहना है कि गाटा संख्या 896 और 897 में उनका परिवार कई वर्षों से काबिज है। आरोप है कि कुछ लोग उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान पैमाइश सही तरीके से नहीं की जा रही, जिससे विवाद बढ़ रहा है। पीड़ित ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और इसी का फायदा उठाकर जमीन पर अतिक्रमण की कोशिश की जा रही है। उनका आरोप है कि विवादित भूमि पर नींव भरने का काम भी शुरू कर दिया गया है। विरोध करने पर झगड़े और मारपीट की स्थिति बन जाती है। उन्होंने प्रशासन से नई राजस्व टीम बनाकर पूरे क्षेत्र की निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके और विवाद का स्थायी समाधान निकल सके। ग्रामीणों का भी कहना है कि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो मामला गंभीर रूप ले सकता है। फिलहाल प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

अवैध अतिक्रमण हटा

श्रावस्ती। जनपद में शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में चलाए जा रहे सघन चेकिंग एवं पैदल गश्त अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने थाना कोतवाली भिनगा पुलिस बल के साथ कस्बा भिनगा में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान मुख्य बाजार, सराफा बाजार, बस स्टैंड, बैंक परिसर तथा अन्य भीड़भाड़ और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर आवश्यक पूछताछ की तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़क किनारे लगे अवैध ठेले, रेहड़ी और अन्य अतिक्रमणों को हटवाया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सड़क पर वाहन खड़ा न करने और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह भी दी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और आम लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या असामाजिक तत्व की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि आमजन की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता की अलख

दिलायी गयी तंबाकू त्यागने की शपथ

श्रावस्ती। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू और निकोटीन के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान चिकित्सालय परिसर में उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजन को तंबाकू का सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजपाल सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके सामाजिक, मानसिक और आर्थिक जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत धीरे-धीरे व्यक्ति को कई घातक बीमारियों की ओर धकेल देती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं तंबाकू से दूर रहे और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक होकर तंबाकू उत्पादों का बहिष्कार करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे तो आने वाली पीढ़ियों को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के उपयोग से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां, सांस संबंधी विकार, शारीरिक क्षमता में कमी, नपुंसकता एवं बांझपन जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को तंबाकूयुक्त उत्पादों से दूर रखें तथा उनकी गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखें, जिससे उन्हें नशे की लत से बचाया जा सके। जिला समन्वयक टीबी रवि कुमार मिश्र ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों में तपेदिक (टीबी) जैसी संक्रामक बीमारी का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर के.के. शुक्ला, रवि त्रिपाठी, ध्रुव मिश्रा, राकेश सोनकर सहित चिकित्सालय के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम ने लोगों में तंबाकू निषेध के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

विधायक ने लगायी जन चौपाल में सुनीं समस्याएं

आपका विधायक, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। विधानसभा क्षेत्र 290 श्रावस्ती के अंतर्गत ग्राम पंचायत दामूपुरवा के मजरा बड़ी बगिया में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में श्रावस्ती के जनप्रिय विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने सहभागिता कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। यह जन चौपाल प्रवीण कुमार वर्मा द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। जन चौपाल के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं, विकास कार्यों, सड़क, बिजली, पेयजल, आवास तथा अन्य जनहित के मुद्दों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर विधायक के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया, जिससे ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए। इस अवसर पर विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके और विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा दिए जा रहे स्नेह, विश्वास और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही समर्थन उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। विधायक ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं तथा जनता के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल बताया।

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन / टर्मिनल परिवर्तन / प्लेटफॉर्म परिवर्तन

लखनऊ (एन.आर.) स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन / टर्मिनल / प्लेटफॉर्म में बदलाव किया जाएगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	वर्तमान मार्ग	संशोधित मार्ग	तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से)
13258	आनंद विहार (ट) - दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस	आलमनगर–लखनऊ–उतरेटिया जं.	आलमनगर–ट्राँसपोर्ट नगर–उतरेटिया जं.	01.06.2026
15074	टनकपुर – सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस	आलमनगर–लखनऊ–उतरेटिया जं.	आलमनगर–ट्राँसपोर्ट नगर–उतरेटिया जं.	01.06.2026
14241	प्रयागराज संगम–सहारनपुर जं.–नौचंदी एक्स.	उतरेटिया जं.–लखनऊ–आलमनगर	उतरेटिया जं.–ट्राँसपोर्ट नगर–आलमनगर	01.06.2026
15119	बनारस – देहरादून एक्सप्रेस	उतरेटिया जं.–लखनऊ–आलमनगर	उतरेटिया जं.–ट्राँसपोर्ट नगर–आलमनगर	01.06.2026
19410	छपरा - साबरमती बीजी एक्सप्रेस	बाराबंकी जं.–लखनऊ–मानक नगर	बाराबंकी जं.–मल्हौर–ऐशबाग–कानपुर सेंट्रल	01.06.2026
12555	गोरखपुर जं. – बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस	बाराबंकी जं.–लखनऊ–मानक नगर	बाराबंकी जं.–मल्हौर–ऐशबाग–कानपुर सेंट्रल	01.06.2026

टर्मिनल का परिवर्तन

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	लखनऊ स्टेशन पर समय		वर्तमान टर्मिनल	संशोधित टर्मिनल	तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से)
		आगमन	प्रस्थान			
64214	कानपुर सेंट्रल – लखनऊ एमईएमयू	21:15	समाप्त	लखनऊ स्टेशन पर समाप्त	लखनऊ एनईआर पर समाप्त	01.06.2026
64203	लखनऊ – कानपुर सेंट्रल एमईएमयू	प्रारंभ	07:05	लखनऊ स्टेशन से प्रारंभ	लखनऊ एनईआर से प्रारंभ	01.06.2026 एवं 02.06.2026

लखनऊ स्टेशन पर दिनांक 01.06.2026 को प्लेटफॉर्म सं. में बदलाव

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	लखनऊ स्टेशन पर समय		वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या	संशोधित स्थानांतरण प्लेटफॉर्म सं.
		आगमन	प्रस्थान		
	प्लेटफॉर्म सं. 4 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
13019	हावड़ा जं. – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस	00:20	00:30	4	7
22541	बनारस–आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ	00:55	01:05	4	7
12317	कोलकाता टर्मिनल – अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस	02:30	02:40	4	6
19270	मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन–पोरबंदर एक्सप्रेस	04:15	04:25	4	7
15909	डिब्रुगढ़ – लालगढ़ जं. अवध असम एक्सप्रेस	05:10	05:20	4	3
20503	डिब्रुगढ़ – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस	05:45	05:55	4	6
15744	बठिंडा – बालुरघाट फ़रक्का एक्सप्रेस	08:15	08:25	4	3
64204	कानपुर सेंट्रल–लखनऊ एमईएमयू	09:20	समाप्त	4	3
14047	सीतामढ़ी – दिल्ली जं. अमृत भारत एक्सप्रेस	11:35	11:45	4	6
19306	कामाख्या –डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस	12:00	12:10	4	6
12875	पुरी – आनंद विहार टर्मिनल नीलाचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस	13:25	13:35	4	6
64211	लखनऊ जं. –कानपुर सेंट्रल एमईएमयू	प्रारंभ	14:35	4	7
13005	हावड़ा जंक्शन–अमृतसर मेल	15:20	15:30	4	7
15119	बनारस–देहरादून एक्सप्रेस	16:05	16:15	4	7
12391	राजगीर–नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस	19:55	20:05	4	7
13009	हावड़ा जंक्शन – योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस	20:25	20:35	4	7
12392	नई दिल्ली–राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस	21:20	21:30	4	7
13258	आनंद विहार टर्मिनल–दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस	22:00	22:10	4	7
12557	मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन–आनंद विहार टर्मिनल सप्तक्रांति एक्सप्रेस	23:35	23:45	4	6
	प्लेटफॉर्म सं. 5 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
14863	वाराणसी सिटी – जोधपुर जंक्शन मरुधर एक्सप्रेस	00:00	00:15	5	6
14235	वाराणसी – बरेली एक्सप्रेस	06:38	06:48	5	7
22489	वाराणसी – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस	13:40	13:50	5	7
64255	उतरेटिया जं. – कानपुर सेंट्रल एमईएमयू	17:45	17:55	5	7
12184	मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ – भोपाल जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस	22:25	22:35	5	7
22425	अयोध्या कैंट–आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस	17:10	17:15	5	7
14123	मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी	07:40	07:45	5	7
	प्लेटफॉर्म सं. 3 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
12143	लोकमान्य तिलक – सुल्तानपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस	14:40	14:50	3	1
13151	कोलकाता टर्मिनल – जम्मू तवी एक्सप्रेस	11:15	11:25	3	6
	प्लेटफॉर्म सं. 2 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
64212	कानपुर सेंट्रल – लखनऊ एमईएमयू	14:15		2	7
13307	धनबाद जंक्शन – फिरोजपुर कैंट गंगा सतलज एक्सप्रेस	14:45	14:55	2	1
12173	लोकमान्य तिलक – मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ उद्योग नगरी एक्सप्रेस	15:30	15:40	2	6
13152	जम्मू तवी–कोलकाता टर्मिनल एक्सप्रेस	17:00	17:10	2	1

लखनऊ स्टेशन पर दिनांक 02.06.2026 को प्लेटफॉर्म सं. में बदलाव

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	लखनऊ स्टेशन पर समय		वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या	संशोधित स्थानांतरण प्लेटफॉर्म सं.
		आगमन	प्रस्थान		
	प्लेटफॉर्म सं. 4 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
13019	हावड़ा जंक्शन – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस	00:20	00:30	4	7

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

रास्ते के विवाद में मारपीट, दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद में हुई मारपीट को लेकर हल्का सिपाही की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने दर्जन भर से अधिक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली में तैनात आरक्षी राहुल यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्ताईस मई को वह प्रार्थना पत्रों की जांच के लिए गश्त पर निकला था। इस बीच सूचना मिली कि रास्ते के विवाद को लेकर खालसा सादात गांव में दो पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ मारपीट हुई है। जांच में आरोपी एक पक्ष के सैयद जुबैर पुत्र इश्तियाक अली, सुहैल पुत्र इश्तियाक, महमूद पुत्र अब्दुल हसन एवं तीन चार अज्ञात व दूसरे पक्ष के रज्जाक अली पुत्र बचई, आजाद पुत्र बचई, जैबुन निशा पत्नी रज्जाक, आरिफ उर्फ मोहर्रम पुत्र मुंशी रजा तथा तीन चार अज्ञात गाली गलौज के साथ मारपीट कर रहे हैं।

भगवान शिव का स्मरण हैं सुमंगलदायी: शिवाकांत द्विवेदी

प्रतापगढ़। पुरूषोत्तम माह को लेकर गौखाड़ी डगरारा स्थित बूढ़ेश्वर महादेव धाम में हो रहे श्री शिवशक्ति नारायण महायज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास पं. शिवाकान्त द्विवेदी ने श्री शिव महापुराण कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भगवान शिव का नाम स्मरण जीवन का भाग्य संवार दिया करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना सदैव निर्मल मन से ही करना चाहिए। वहीं कथाव्यास पं. मृत्युंजय द्विवेदी ने बताया कि भगवान शिव सर्वकल्याणकारी हैं। संयोजक धर्मेन्द्र सिंह चैहान ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। वहीं कथा के पूर्व हुए यज्ञ में श्रद्धालुओं ने लोकमंगल की प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, कप्तान सिंह, कमलाकांत पाण्डेय, विद्याधर ओझा, शिवबहादुर सिंह, जीतलाल गुप्ता, आलोक सिंह आदि रहे।

चार सी.सी. सड़कों का लोकार्पण

चरगांवा, गोरखपुर । पिपराइच विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं बेहतर आवागमन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने विभिन्न ग्रामसभाओं में निर्मित चार सी.सी. सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांवों के विकास को नई गति प्राप्त होगी। विकास खण्ड चरगांवा के अंतर्गत आने वाले ग्रामसभा गुलहरिया में पक्की सड़क से देवीलाल के घर तक एवं इंटरलॉकिंग से चन्द्रावती के घर तक निर्मित 145 मीटर लंबी सी.सी. सड़क (लागत ?6.15 लाख) का लोकार्पण किया गया। ग्रामसभा छत्रधारी टोला शाहपुर में विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत आल्हा प्रसाद के घर से छब्बा के घर तक निर्मित 365 मीटर लंबी सी.सी. सड़क (लागत ?23.80 लाख) का लोकार्पण किया गया। ग्रामसभा जंगल छत्रधारी, नारायण नगरी में पक्की सड़क से संजय तिवारी के घर तक निर्मित 206 मीटर लंबी सी.सी. सड़क (लागत ?10.35 लाख) का लोकार्पण किया गया।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र नैतिक (Naitik Verma) के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश पिता का नाम Amit Verma व माता के स्थान पर मेरा नाम Gudiya Verma दर्ज है, जबकि पिता का सही नाम Amit व माता का सही नाम Gudiya है जो आधार कार्ड पर दर्ज है। मेरे पुत्र के स्कूली व अन्य सभी अभिलेखों में माता-पिता के स्थान पर उनका सही नाम दर्ज किया जाये। **गुड़िया पत्नी अमित नि.- एफ-1 पी.डब्लू.डी. कॉलोनी, 96- महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।**

भारत में संघर्ष से जन्मी पत्रकारिता

- हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य समारोह एवं संगोष्ठी आयोजित
- उप्र विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह रहे मुख्य अतिथि
- गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में डिजिटल लाइब्रेरी की राह हुई आसान
- विरासत, संघर्ष और अभिव्यक्ति की परंपरा पर वक्ताओं ने रखे विचार
- स्वतंत्रता, सुरक्षा और डिजिटल भविष्य पर जोर, अतिथियों का सम्मान

गोरखपुर। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस क्लब के वातानुकूलित सभागार में हिंदी पत्रकारिताः विरासत, संघर्ष और भविष्य विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, वरिष्ठ पत्रकारों एवं बड़ी संख्या में मीडिया कर्मियों की उपस्थिति रही। इस दौरान हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा, उसके संघर्षपूर्ण इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में हिंदी पत्रकारिता के इतिहास को याद करते हुए कहा कि पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को कलकत्ता से हिंदी के पहले समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन कर एक ऐतिहासिक शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में इस प्रकार का कार्य अत्यंत साहसिक था और यह भारतीय समाज को अपनी भाषा में अभिव्यक्ति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने कहा कि प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और इसकी भूमिका केवल समाचार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करना, सत्ता को आईना दिखाना और जनभावनाओं को सामने लाना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में कई बार चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां आती हैं, लेकिन सच्चा पत्रकार अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटता।

गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में डिजिटल लाइब्रेरी की राह हुई आसान

इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष द्वारा प्रेस क्लब में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग रखी गई। मुख्य अतिथि ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए लाइब्रेरी के लिए प्रस्तावित कक्ष का निरीक्षण किया और प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए, जिससे प्रेस क्लब में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

लेखक और पत्रकार समाज की अभिव्यक्ति की बनते है आवाज : पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ तिवारी

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ तिवारी ने कहा कि लेखक और पत्रकार दोनों का कार्य समाज को देखना और उसे शब्द देना है। उन्होंने कहा कि समाज जो नहीं कह पाता, उसे पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से व्यक्त करता है। पत्रकारिता का जन्म ही संघर्ष के बीच हुआ है और इसका उद्देश्य अभिव्यक्ति को स्वर देना रहा है। उन्होंने प्रेमचंद की पत्रकारिता, मयार्दा और माधुरी जैसी पत्रिकाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य और पत्रकारिता का गहरा संबंध रहा है। साथ ही महात्मा गांधी के इंडियन ओपिनियन, यंग इंडिया और नवजीवन जैसे प्रकाशनों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशिष्ट अतिथि शिव शरण सिंह (अध्यक्ष, यूपी जर्नलिस्ट्स वर्किंग यूनियन, लखनऊ) ने कहा कि सभी मीडिया संस्थानों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं है। उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे पत्रकारों को बिना किसी दबाव के कार्य करने की स्वतंत्रता मिलेगी। उन्होंने पत्रकारों के लिए पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग करते हुए कहा कि मान्यता प्राप्त और गैर-मान्यता प्राप्त सभी पत्रकारों को इसका लाभ मिलना चाहिए। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ अरविंद राय ने कहा कि पत्रकारों को अपने पेशे के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर जाकर खबर लिखने से ही उसकी विश्वसनीयता बनी रहती है। खबर के साथ जीना और उसके प्रति समर्पित रहना ही सच्ची पत्रकारिता है। सम्पादक अखिलेश सिंह ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा पर जोर देते हुए संतुलित आचरण की आवश्यकता बताई। वहीं पूर्व संपादक जगदीश लाल श्रीवास्तव ने हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने कभी समझौता नहीं किया और कठिन परिस्थितियों में भी सत्य का साथ निभाया।

संस्थापक अध्यक्ष एसपी त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का उदय 1826 में हुआ और तब से लेकर आज तक यह निरंतर संघर्ष करते हुए आगे बढ़ी है। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता और प्रेस की स्वतंत्रता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ, जबकि संचालन मुमताज खान ने किया। अंत में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया और उपस्थित पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। यह संगोष्ठी हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की यात्रा को याद करने के साथ-साथ भविष्य के लिए नई दिशा तय करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुई।

पत्रकारिता की गुणवत्ता उसकी स्वतंत्रता पर होती है निर्भर : कुलपति

प्रो पूनम टंडन प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि पत्रकारिता की गुणवत्ता उसकी स्वतंत्रता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, तभी वे निष्पक्ष और निर्भीक होकर कार्य कर पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता तेजी से डिजिटल माध्यमों की ओर बढ़ रही है, जिसे समझना और अपनाना जरूरी है।

माता अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव पर समारोह का आयोजन

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के ग्राम कलानी में पूजनीय लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव के अवसर पर समता, समानता, सम्मान अधिकार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अन्नू टंण्डन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर एक साधारण स्त्री नहीं थी अपित मराठा साम्राज्य के अधीन मालवा की महारानी थी। उन्होने कहा कि उन्होंने अपना जीवन प्रजा की भलाई न्याय और धर्म के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। जिससे हम सबको उनके इस त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके उपस्थित राजाराम पाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर मुख्य रूप से उत्कृष्ट सुशासन असाधारण न्याय प्रियता और पूरे भारत में मंदिरों व धर्मशालाओं के निर्माण के लिए प्रसिद्ध थी। यही नहीं उन्होंने महिलाओं के उत्थान व्यापार को बढ़ावा देने और जनता की भलाई के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किया जो आज भी जनश्रुतियों में सुने जा रहे हैं। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अंकित परिहार ने कहा कि माता श्री ने अपने शासनकाल में शांति महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण के अद्वितीय मानदंड स्थापित किए थे। साथ ही उनका जो धर्म के प्रति रुझान था वह इतिहास में अमिट है। उन्होंने अपने जीवन काल में मंदिरों व धर्मशालाओं के निर्माण जीणोद्धार के लिए उन्होंने काशी विश्वनाथ सोमनाथ मंदिर अयोध्या मथुरा बद्रीनाथ केदारनाथ और रामेश्वर जैसे स्थानों व घाटों का भव्य निर्माण व जीर्णोद्धार कराया। उनके किए गए कार्य आदि हम लोगों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। हमें उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है और उनके बताए रास्ते पर चलना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक उदयराज यादव ने अहिल्याबाई होलकर के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजेश यादव, सुरेश पाल, सी के त्रिपाठी, हेमंत पाल, सचिन, शिव शंकर गौतम, हाजी इरफान, नितिन पटेल, राम बहादुर, सचिन, पूर्व जिला अध्यक्ष आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बिंदेश्वर व स्वतंत्र मास्टर ने संयुक्त रूप से किया।

कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी में संपन्न हुई दो बड़ी परीक्षाएं

गोरखपुर। जनपद में रविवार को आयोजित सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा और बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हो गईं। दोनों परीक्षाओं में कुल 43,049 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिला प्रशासन की मुस्तैदी, सख्त सुरक्षा व्यवस्था और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय के चलते पूरे दिन परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था सुचारू बनी रही। नोडल अधिकारी एवं एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। उन्होंने स्वयं कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखी और विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों को पहले से दिए गए सख्त निदेर्शों का असर साफ तौर पर नजर आया, जिससे कहीं से भी अव्यवस्था या अनियमितता की कोई शिकायत सामने नहीं आई। सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा जिले के 23 केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक पाली में आयोजित हुई, जिसमें 10,519 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 67 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संपन्न हुई, जिसमें 32,530 अभ्यर्थी शामिल हुए।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। अधिक ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को क्षेत्र के दबौली सरैया घाट, बंदीमाता घाट सहित जनपद के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु गंगा तटों पर पहुंचने लगे और श्रद्धापूर्वक गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना किया। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। घाटों पर महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कई श्रद्धालुओं ने स्नान के उपरांत दान-पुण्य, हवन-पूजन तथा जरूरतमंदों को वस्त्र एवं खाद्य सामग्री का वितरण भी किया। दबौली घाट, सरैया घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल तैनात रहा। घाटों पर साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। धार्मिक मान्यता के अनुसार अधिक मास में पड़ने वाली पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। इस दिन गंगा स्नान, भगवान विष्णु की पूजा तथा दान-पुण्य करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसी मान्यता के चलते दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे। दिन भर घाटों पर धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ का वातावरण बना रहा। गंगा तटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने क्षेत्र को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

पत्रकारिता सच की आवाज : विधायक

वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित कर दिया पहचान पत्र व बीमा पालिसी

इटावा। हिंदी पत्रकारिता दिवस की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के तत्वावधान में रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में जनपद के अस्सी से अधिक वरिष्ठ एवं नवोदित पत्रकारों का सम्मान कर उन्हें दुर्घटना बीमा पॉलिसी तथा पहचान पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर सरिता भदौरिया ने कहा कि आजादी के समय से ही पत्रकारों ने इस देश और समाज की भलाई के लिए बहुत कुछ सहा है। पत्रकारिता तब भी बहुत कठिन थी और आज भी कठिन है, पत्रकारिता सच की आवाज है। सही को सही और गलत को गलत लिखना ही सच्ची पत्रकारिता है। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि पत्रकार और अधिवक्ता का परस्पर अभिन्न नाता है, क्योंकि ये दोनों ही पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते हैं। वरिष्ठ पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। सच्चे पत्रकार हमेशा से सत्य और न्याय के लिए संघर्ष करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। अध्यक्षता कर रहे संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन ने कहा कि मेरे जीवन का हमेशा से ये ध्येय रहा है कि दूसरों की सेवा के लिए जितना अधिक से अधिक कर सकूं, उसी रास्ते पर चलता आया हूं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नरेश भदौरिया, करुणाशंकर दुबे, स्वामीशरण श्रीवास्तव, खादिम अब्बास, गणेश ज्ञानार्थी, महेंद्र सिंह चैहान, महाराज सिंह भदौरिया, धर्मलाल चतुर्वेदी, रणवीर सिंह भदौरिया, त्रिलोकी सिंह चैहान, गौरव डुडेजा, संतोष पाठक, संजय कुमार, सुशील सम्राट, प्रमोद दीक्षित, राजीव शर्मा, मनोज दीक्षित, राजेश मिश्रा, वारिश, अन्नू चैरसिया, मसूद तैमूरी, बलवीर यादव, मनोज कठेरिया, आशू चैहान के अलावा अस्सी से अधिक अन्य पत्रकारों का अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह तथा सभी को दुर्घटना बीमा पॉलिसी तथा संगठन का पहचान पत्र देकर सम्मान किया गया।

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई) सुलतानपुर।

आवश्यकता है-

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्नानुसार प्रवक्ताओं की-
स्नातक (विज्ञान संकाय):भौतिक विज्ञान, गणित, प्रत्येक में एक-एक पद।
स्नातक (कला संकाय) : अंग्रेजी राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान प्रत्येक में एक-एक पद।

परास्नातक (कला संकाय):	हिन्दी	-03 पद
	गृहविज्ञान	-03 पद
	समाजशास्त्र	-03 पद
बी0एड् (प्रवक्ता)	- 12 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता संगीत)	- 01 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा)	- 1 पद	
बी0एड् (प्रवक्ता चित्रकला)	- 1 पद	

योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्त-NCTE/ यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं यदि कोई अनुभव हो तो अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें या ई-मेल आई.डी.-SNVMPGCOLLEGE@GMAIL.COM पर ई-मेल करें।

प्रबंधक
सीताराम वर्मा
मोबाइल नंबर- 9415137463

ताबड़तोड़ छापेमारी, अवैध कच्ची शराब बरामद

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में दिये गए निदेर्शों के क्रम में सोमवार को रॉबिन आर्या आबकारी निरीक्षक रायबरेली एवं पीपी टंडन आबकारी निरीक्षक सफीपुर व निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम असरेंदा व बरेंदा में सई नदी के किनारे छापेमारी के दौरान 16 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। मामले में 01 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। लगभग 300 किग्रा लहन, महुआ मौके पर नष्ट किया गया।

दरगाह भोलन सैयद के आसपास नेचर वॉक का आयोजन

इटावा। सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के तत्वाधान में नीलकंठ मंदिर परिसर, रामानुज आश्रम एवं दरगाह भोलन सैयद के आसपास नेचर वॉक का आयोजन किया गया। नेचर वॉक का नेतृत्व डॉ. बी.एन. सिंह, डॉ. राजीव चैहान, डॉ अत्री गुप्ता, डॉ कमल कुमार कुशवाहा द्वारा किया गया। डॉ. अत्री गुप्ता ने बताया कि नीलकंठ मंदिर के पीछे जंगल क्षेत्र में पेड़ पौधों की 35 प्रजातियां एवं पंछियों की 17 प्रजातियां देखने को मिली। पक्षियों में मोर, गौरैय्या, सेवन सिस्टर के कई झुंड देखने को मिले साथ ही तोता, मैना एवं बी इटर के सैकड़ो आवास टीलो की करारो में देखे गए। बारिश होने के कारण वेलवेट इंसेंक्ट भी देखने को मिला। डॉ.राजीव चैहान ने बताया कि अलग-अलग स्थान पर नेचर वॉक करने से हमें विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक जानकारी प्राप्त होती है अलग-अलग क्षेत्र में पाई जाने वाली जैव विविधता का ज्ञान होता है उस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों में भी जागरूकता आती है एवं उनका भी रुझान पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन, मुकेश, शैलेंद्र, रश्मि, दीक्षा , एवं अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिजिटल लाइब्रेरी, स्वच्छ भारत मिशन, जीरो पॉवर्टी अभियान, पीएम सूर्य घर योजना, गौशाला, प्राकृतिक खेती सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डिजिटल लाइब्रेरी योजना के अंतर्गत बताया गया कि जनपद की सभी 117 ग्राम पंचायतों में उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी डिजिटल लाइब्रेरियां क्रियाशील हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार अभिलेखों का संधारण, इश्यू रजिस्टर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी आरआरसी की सक्रियता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था प्रभावी रहनी चाहिए। एफएसएम एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्थानों का चयन आवश्यकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाए जहां लोगों की अधिक आवाजाही हो तथा शौचालय की वास्तविक आवश्यकता हो। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीएसटीओ रमेश चंद्र, डीपीआरओ रोहित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा प्रिया शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बेटी न होगी तो व्यवहार न त्यौहार होगा

भरथना, इटावा। बेटी न होगी तो व्यवहार न होगा, बेटी न होगी तो त्योहार न होगा भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को विलुप्त करने व नारी शक्ति के अभिनन्दन को समर्पित पंक्तियां सुन साहित्यप्रेमियों की आँखें नम हो गयीं। साथ ही वीर, श्रृंगार व हास्य की रचनायें सुन देर रात्रि तक काव्यप्रेमियों ने साहित्यिक यात्रा की। शाम कस्बा के बकेवर रोड स्थित ऊँ पागलबाबा गंगासागर धाम मोढी पर स्थापित नौ मंजिला पागल बाबा मन्दिर शिखर पूजन एवं पंचतत्व हरिहर महायज्ञ के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ समस्त कवियों ने कार्यक्रम संयोजक व मुख्य न्यासी श्याम सुन्दर चैरसिया की उपस्थिति में भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमा पर तिलक वन्दन व दीप प्रज्जवलित करके किया। तदुपरान्त कवियों के स्वागत सम्मान के साथ कवि सम्मेलन को गति प्रदान की गई। कवियत्री सुमित्रा सरल ने ज्ञान की देवी का आवाहन करने के उपरान्त श्रृंगार से ओतप्रोत अपनी रचना मैं तुमसे मिल के जाती हूँ तो ये आंसू नहीं रूकतेह्यह्य पढकर खूब तालियां बटोरीं। साथ ही नीलम राठौर, हरनाथ सिंह चैहान आदि ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से महिला-पुरूष साहित्यप्रेमियों को काव्य यात्रा करवायी। इस मौके पर पूर्व चैयरमैन मनोज पोरवाल, पूर्व जि.पं.स. मनोज यादव बंटी, अरविन्द चैरसिया, गुड्डू चैरसिया, आशू चैरसिया, आशू शुक्ला, राजू माहेश्वरी, सचिन कौशल, आरएन दुबे सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहे।

पत्रकारों ने राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत

शुक्लागंज, उन्नाव। भीषण गर्मी में जहां लोग तपती धूप से बेहाल नजर आए, वहीं हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए रविवार को विशाल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। राहगीरों, मजदूरों और आम लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लगातार चले इस सेवा अभियान में सैकड़ों लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली और संगठन के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में ऐसा सेवा कार्य किसी वरदान से कम नहीं है। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी पहुंचकर आयोजन की सराहना की तथा पत्रकारों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाजहित में ऐसे सेवा कार्य लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष हरिओम गुप्ता (विशाल) ने किया। उनके साथ संगठन के कार्यकताओं ने पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ राहगीरों को शर्बत वितरित किया। इस मौके पर गोलू यादव, हंजला सिद्दीकी, नितिन वर्मा, शैलेन्द्र, दीपक गौतम, (दीपू), विजय गौतम, पंकज, कुलदीप, अखिलेश, मोनू सतीश शैलेंद्र समेत संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सेवा, समर्पण और समाजहित का यह अभियान पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

संक्षेप

करंट लगने से युवक झुलसा, हालत गंभीर

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गुदरिया गांव में रविवार शाम हाईटेंशन लाइन का फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गड़रियनपुरवा गांव निवासी धीरेन्द्र (30) निजी विद्युत कर्मचारी के रूप में कार्य करता है। रविवार को आई तेज आंधी के कारण गुदरिया गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत मिलने पर संविदा कर्मी लाइनमैन इंद्रेश कुमार और सरयू प्रकाश शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि मनमतपुर और गुदरिया गांव के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन पर धीरेन्द्र खंभे पर चढ़कर टूटे तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर घायल को सीएचसी धौरहरा भिजवाया। चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू कर दिया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। जेई विकास सिंह ने बताया यह कर्मचारी नहीं है, मुझे किसी अज्ञात व्यक्ति को करंट लगने की सूचना मिली है, जानकारी कराता हूँ।

चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

बांसी/सिद्धार्थनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जोगिया उदयपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और दक्षता का परिचय देते हुए दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दिया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में जोगिया उदयपुर पुलिस लगातार अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में थाना जोगिया उदयपुर पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 68/2026 धारा 305(ए) बीएनएस से संबंधित मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने करौदा-मसिना पक्की सड़क से अभियुक्त अनिल यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से करनहा स्थित गल्ला दुकान से चोरी किए गए करीब 21 किलो गेहूं और 21 किलो चावल बरामद किए गए हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह की अगुवाई में की गई इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, साथी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले की थाना कोतवाली नगर पुलिस ने पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या के मामले में उनके एक साथी एथलीट को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय स्तर के पैरा एथलीट चिराग त्यागी (24) की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पैरा एथलीट यश खटीक को गिरफ्तार किया है। चिराग का शव साई उपवन के पास मिला था। मुरादनगर के बसंतपुर सेठली गांव के निवासी चिराग त्यागी किसान मनोज त्यागी के इकलौते बेटे थे। परिवार के मुताबिक, चिराग हाल में पुणे के प्रशिक्षण शिविर से लौटे थे। वह 29 मई को दिल्ली पहुंचे थे और उनके परिवार की शनिवार सुबह उनसे आखिरी बार बात हुई थी। परिवार के अनुसार, तब चिराग ने बताया था कि वह दोपहर तक घर पहुंच जाएंगे लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और बाद में उन्हें पुलिस से उनकी हत्या की जानकारी मिली। शहर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) धवल जायसवाल ने बताया कि शव और घटनास्थल से मिले सबूतों से साफ है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस ने इस मामले में शनिवार शाम यश खटीक को हिरासत में लिया। यश भी पैरा एथलीट है और पहले चिराग के साथ प्रशिक्षण ले चुका है। पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि दस्तावेज सत्यापन के दौरान चिराग ने यश के खिलाफ शिकायत की थी जिसके बाद यश की पात्रता रद्द हो गई थी और इसी से नाराज होकर यश ने बदले की भावना से हत्या की। पुलिस के मुताबिक, यश ने चिराग को पिस्तौल से गोली मारने की बात पूछताछ में कबूल कर ली है। पुलिस के दल हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद करने की कोशिश कर रहे हैं और अन्य सबूत भी जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि कानूनी कार्वाई जारी है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत शोहरतगढ़ पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए चोरी की एक घटना का सफल अनावरण कर दिया। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के प्रभावी निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया आभूषण एवं नकदी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। थाना शोहरतगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 89/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस से संबंधित मामले की विवेचना के दौरान पुलिस और सर्विलांस टीम ने गनचौरा तालाब के पास से अभियुक्त अरमान जावेद को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ एवं अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की गई एक सोने की चैन (पीली धातु), दो पायल, दस बिछिया (सफेद धातु) तथा पांच हजार रुपये नकद बरामद किए गए।

प्रभारी निरीक्षक ने बचाये 6 परिवार

सिद्धार्थनगर। जहां एक ओर बढ़ते पारिवारिक विवाद समाज के लिए चिंता का विषय बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिला थाना सिद्धार्थनगर में तैनात प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय अपने संवेदनशील और सकारात्मक प्रयासों से टूटते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिला थाना में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में छह बिखरते परिवारों को नई जिंदगी का अवसर मिला और छह जोड़े पुनः साथ रहने के लिए सहमत होकर खुशी-खुशी अपने घर लौटे। यह उपलब्धि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में संभव हो सकी। 31 मई 2026 को महिला थाना सिद्धार्थनगर स्थित मिशन शक्ति केंद्र में आयोजित काउंसलिंग सत्र के दौरान विभिन्न कारणों से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच संवाद स्थापित कर उनके मतभेदों को दूर कराया गया। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने धैर्य, संवेदनशीलता और व्यवहारिक समझ का परिचय देते हुए दंपतियों को रिश्तों की अहमियत समझाई। उनके प्रयासों से सिमरन-राहुल, संगीता-रामपाल, मजीदुन्निशा-रियाज अहमद, नेहा कशौधन-शुभम, पूजा-विजय और लक्ष्मी-आशीष के परिवारों में फिर से खुशियों की वापसी हुई। लंबे समय से चले आ रहे विवाद समाप्त हुए और सभी दंपतियों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। इस सराहनीय कार्य में महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी शिखा खरवार तथा महिला आरक्षी शिवानी सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काउंसलिंग टीम की मेहनत और सकारात्मक सोच ने छह परिवारों को टूटने से बचा लिया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय की यह पहल न केवल पुलिस की मानवीय कार्यशैली को दशार्ती है, बल्कि समाज में पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। परिवारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान और नई शुरूआत की उम्मीद ने इस पहल को विशेष बना दिया है। सिद्धार्थनगर में महिला थाना की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील पुलिसिंग के माध्यम से केवल कानून-व्यवस्था ही नहीं, बल्कि समाज और परिवारों को भी सशक्त बनाया जा सकता है।

एनयूजेआई के जिलाध्यक्ष बने आलोक अग्रवाल

सहारनपुर। अंबाला रोड स्थित होटल स्काईलार्क में रविवार को जिले के पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया की जिला इकाई का गठन किया गया। बैठक में पत्रकार हितों, संगठन की मजबूती तथा मीडिया जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार आलोक अग्रवाल को जिलाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रशांत त्यागी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमल गर्ग, मोहम्मद फारूख को जिला उपाध्यक्ष, मनोज मिड्ढा को महासचिव (प्रशासनिक), मोनू कुमार महासचिव अमलेश गौतम को संगठन मंत्री, सचिन तनेजा को उपसंगठन मंत्री, मुराद अली को उप संगठन मंत्री, मुकेश मनवाल, महेश रजवाल, विनय जैन एवं मोहम्मद अली मिर्जा को सचिव बनाया गया। वहीं फरहत हुसैन और दिनेश मौर्य को सदस्य तथा मनदीप शर्मा को देवबंद क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने कहा कि संगठन पत्रकारों की आवाज को मजबूती देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही संगठन युवा पत्रकारों को भी आगे बढ़ाने और पत्रकारिता के उच्च मानकों को स्थापित करने के लिए कार्य करेगा।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने की खीरी में बैठक

लखीमपुर खीरी। अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल लखीमपुर खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अटल सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की प्रगति, प्रभावशीलता एवं क्रियान्वयन पर सामूहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, एमएलसी अनूप गुप्ता, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, अमन गिरी, शशांक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुँचे। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि जिले में मुख्यमंत्री और शासन की मंशा के अनुरूप पात्रों को योजनाओं का लाभ देकर समृद्ध किया जा रहा है। सभी अधिकारी इसे और अच्छे से क्रियान्वित कराएँ और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

15 जून तक बाढ़ सुरक्षा कार्य पूरे करने का लक्ष्य

बाढ़ एवं कटान निरोधक 12 परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जियो ट्यूब और जियो बैग तकनीक से हो रहे कार्यों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी स्वीकृत परियोजनाएं 15 जून तक पूरी कर ली जाएंगी।

जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता से लागू करने के निर्देश भी दिए गए। जल निगम (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान सड़क पुनर्स्थापन (रोड रेस्टोरेशन) कार्यों की धीमी प्रगति पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को तत्काल क्रियाशील करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को योजनाओं का लाभ शीघ्र मिलना चाहिए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल विंग में विद्युत कनेक्शन की प्रगति की जानकारी ली गई। वहीं आयुष्मान भारत, टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और जननी सुरक्षा योजना की प्रगति की भी समीक्षा हुई। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि दो वित्तीय वर्षों में 283 के सापेक्ष 237 केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। एमएसपी खरीद और किसान योजनाओं की भी समीक्षा गेहूं खरीद की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि 6900 किसानों से 52 हजार मीट्रिक टन से अधिक खरीद की जा चुकी है, जो लक्ष्य का 66 प्रतिशत है। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि की पहली किस्त जिले के 5.91 लाख से अधिक किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। पीडी एसएन चौरसिया ने पीएम आवास/सीएम आवास (ग्रामीण) और पीओ (डूडा) संगीता सिंह ने पीएम आवास (शहरी) की अद्यतन प्रगति बताई। गोवंश संरक्षण और स्वयं सहायता समूहों पर जोर समीक्षा में सीवीओ डॉ दिनेश सचान ने बताया कि जिले में 130 गो-आश्रय स्थल संचालित हैं तथा 12,518 गोवंश मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत संरक्षित हैं। वही प्रभारी मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों के गठन और महिला सशक्तिकरण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की।

इटवा पुलिस की कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार

इटवा/सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इटवा पुलिस को सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी प्रवीन प्रकाश के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों में वासदेव पुत्र भग्गन तथा राजकुमार पुत्र राममिलन, निवासी जिनगिहवा उर्फ जोलहाभारी, थाना इटवा शामिल हैं। दोनों अभियुक्त फौजदारी वाद संख्या 11/26, धारा 323 एवं 504 भादवि से संबंधित मामले में वांछित थे। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक रामजी यादव एवं कांस्टेबल अमित कुमार वर्मा द्वारा की गई। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। इटवा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिली है तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सम्मानित

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रेहरिया क्षेत्र के ग्रंट साहबगंज मजरा शिवपुरी में ग्राम प्रधान सुदेश कुमार के आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पहचान का आधार है। हिंदी पत्रकारिता दिवस पत्रकारों के लिए विशेष महत्व का दिन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा से दूर होती जा रही है, जो चिंता का विषय है।

सभी लोगों को हिंदी भाषा के प्रति सम्मान बनाए रखते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास करने चाहिए। हिंदी भाषा के माध्यम से ही भारत की पहचान विश्वभर में स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज और लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं, जो जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर आमजन की आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर पत्रकार प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, उमाशंकर अग्निहोत्री, धनपाल सिंह, नवनीत कुमार, शमशाद खान, अजय कुमार अग्निहोत्री, उमेश शर्मा, रामकुमार कश्यप, विपिन राठौर, धर्मेंद्र कुमार राज, वीरपाल राज सहित क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्र-छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेकर तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान का दुष्प्रभाव केवल शरीर पर ही नहीं पड़ता, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। धूम्रपान से शरीर में ऐसे हार्मोन सक्रिय होते हैं जो तनाव के स्तर को बढ़ाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नगर के समाजसेवी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार प्रतिवर्ष 80 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन के कारण होती है। तंबाकू के उपयोग से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान के कारण रक्त वाहिकाएं संकरी हो जाती हैं, जिससे हृदय को रक्त पंप करने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे उच्च रक्तचाप, दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के खतरों से अवगत कराना और इसके प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी दिलाया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सहित ओम प्रकाश, संजय, राज तथा रामकिशोर उपस्थित रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सशस्त्र सीमा बल पलिया में तम्बाकू निषेध प्रतिज्ञा का आयोजन

पलियाकलां खीरी। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर दिनांक 31.05.2026 को 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया में जन-जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तम्बाकू निषेध प्रतिज्ञाह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिन कुमार, उप कमांडेंट द्वारा वाहिनी में उपस्थित समस्त बलकर्मियों को तम्बाकू एवं उससे निर्मित उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप कमांडेंट ने कहा कि तम्बाकू का सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों सहित अनेक गंभीर रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने सभी कार्मिकों से तम्बाकू मुक्त जीवन अपनाने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उपकमांडेंट ने कहा कि ह्लविश्व तम्बाकू निषेध दिवसह्व का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित कार्मिकों द्वारा तम्बाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने के संकल्प के साथ हुआ।

श्रमदान अभियान चलाकर नदी की साफ सफाई हुई

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में गोमती नदी की साफ सफाई को लेकर श्रमदान अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने जुड़कर नदी की साफ सफाई कर उसकी अविरल धारा को निरंतर बहने में आ रही रूकावटों को दूर कर जल को गंदगी से मुक्त किया है। रविवार को आयोजित श्रमदान अभियान में नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया की अगुवाई में अश्वनी राजपूत, प्रवीण मेहरोत्रा, गोपाल तिवारी, अनुज कुमार, अंकुर अवस्थी, योगेश त्रिवेदी, विजय कटियार, अनुग्रह गुप्ता अतुल बाजपेई समेत बड़ी संख्या में लोगों ने अभियान में जुड़कर नदी की साफ सफाई करने में श्रमदान देकर सहभागिता की है। जिससे कई किलोमीटर लंबी दूरी तक सफाई की जा चुकी है और नदी के दोनों किनारो पर फलदार वृक्षों कि पौधरोपण का संकल्प लिया गया है।

हत्या की धाराएं बढ़ने के बाद हुआ महिला का अंतिम संस्कार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल महिला की मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया और आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने तथा शीघ्र गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। बाद में पुलिस द्वारा मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ाने और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। पुलिस के अनुसार, घटना के संबंध में बंधालाल के पुत्र रंजीत कुमार की तहरीर पर बाबूराम पुत्र जनार्दन, विशाल पुत्र राधेश्याम, सीमा पुत्री राधेश्याम तथा विकास पुत्र बाबूराम के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही महिला का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने शव को घर के बाहर रखकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। उनका कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं होगा और उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा परिजनों से वार्ता की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दर्ज मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ा दीं। अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और मृतका का अंतिम संस्कार किया गया।

42 लाख की चोरी का 10 दिन बाद भी नहीं खुला राज, एएसपी ने की समीक्षा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के सेमरई गांव में कोटेदार चंद्रप्रकाश मिश्रा के घर हुई 42 लाख रुपये से अधिक की बड़ी चोरी का 10 दिन बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। मामले में अब तक कोई ठोस सुराग न मिलने से पीड़ित परिवार में नाराजगी बढ़ती जा रही है। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी ने गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा जांच की प्रगति की समीक्षा की। बताया जाता है कि 21 मई की रात अज्ञात चोरों ने कोटेदार चंद्रप्रकाश मिश्रा के घर को निशाना बनाते हुए नकदी और कीमती सामान सहित 42 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन 10 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों तक पहुंचने में सफलता नहीं मिल सकी है। घटना के खुलासे में हो रही देरी से नाराज पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निगरानी उच्च स्तर पर कराए जाने की मांग की थी। इसी क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ सेमरई गांव पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। परिवार के सदस्यों ने अधिकारियों को बताया कि घटना के 10 दिन बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, जिससे उनकी चिंता और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर जनपद भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से एक गोष्ठी आयोजित कर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान एवं दूरदर्शी शासिका थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सामाजिक विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। महिला नेतृत्व की मिसाल के रूप में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज सेवा, न्यायप्रियता और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा (प्रदेश महासचिव, पिछड़ा वर्ग विभाग), प्रेम कुमार वर्मा, मतीन शाह, रामशंकर पाल, अजय कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू, फकीर मोहम्मद, प्रशांत पटेल, नन्हे श्रीवास्तव, यीशू पटेल, विक्रम पटेल सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

46 पीएचसी पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित

सुलतानपुर। रविवार को 255वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला सभी 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के इस अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। मेले का संचालन जिले के 65 चिकित्सकों और 228 पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से किया गया। स्वास्थ्य मेले में कुल 1622 लोगों का इलाज और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 714 पुरुष, 773 महिलाएं और 113 बच्चे शामिल रहे। डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराईं। मेले के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। 24 गोल्डेन कार्ड और 19 आभा कार्ड बनाए गए, जिससे लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ने में मदद मिली। इसके अलावा बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। जिलेभर में 417 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया।

यात्रियों को पौधरोपण के लिए किया जागरूक

आजमगढ़। मिशन लाइफ के तहत आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर शनिवार शाम यात्रियों को पौधरोपण को बढ़ावा देने का आग्रह किया गया। साथ ही प्लास्टिक बैग्स के उपयोग को बंद करने के लिए रैली के माध्यम से यात्रियों को जागरूक किया गया। बताया गया कि पृथ्वी पर दिन प्रतिदिन बढ़ते गर्मी के प्रकोप को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधरोपण कार्य करने की आवश्यकता है। इसके अलावा यात्रियों को प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया।

अटेवा ने की पुरानी पेंशन की मांग

आजमगढ़। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के कर्मचारियों ने रविवार को पुरानी पेंशन बहाली की जामुन का पौधा रोपकर मांग की। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने बताया देश के पीएम प्रदेश के सीएम से हम लोग लगातार अपील कर रहे हैं पौधरोपण के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती है हम सरकार से मांग करते रहेंगे। गुलाब चौरसिया ने बताया कि सैनिक बल देश के लिए अपनी प्राणों को आहुति दे रहे हैं उनके लिए पुरानी पेंशन बहाल होना चाहिए। हम लोग पौधरोपण के माध्यम से लगातार अपनी मांगों को बुलंद कर रहे हैं।

पत्रकारों, मेधावियों व समाजसेवी महानुभावों का हुआ सम्मान

हिंदी पत्रकारिता दिवस

लालगंज, रायबरेली। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा शिक्षा और पत्रकारिता दोनों ही समाज निर्माण के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। मेधावी छात्राओं का सम्मान अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने छात्राओं से निरंतर मेहनत कर अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

उनके साथ मंच पर कोतवाली खंड विकास अधिकारी लालगंज पीडीएस गगनदीप सिंह ,नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्ष सरिता गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफेसर अविनाश सिंह, भाजपा नेता जेपी सिंह, चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दीप प्रकाश शुक्ला, शेर बहादुर सिंह अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सीएमपीएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर भारत में लोकतंत्र जीवंत है तो उसमें मीडिया की भी अहम भूमिका है। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संप्रेषण नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने मीडिया बंधुओ से कहा की लेखनी सत्य की कसौटी होनी चाहिए। सोशल मीडिया के युग में भी लोग अखबार की खबरों को सत्य मान कर उसका अनुकरण भी करते हैं। तो मीडिया बंधुओ को भी किसी भी खबर को जांच परख के बाद ही प्रकाशित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने पत्रकारिता के मूल्यों एवं निष्पक्षता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह रहा। मुख्य अतिथि वीरेंद्र तिवारी द्वारा क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल और एस.जे.एस. विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएं शामिल रहीं। छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन संगठन के प्रवक्ता मोहम्मद याकूब खान ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, अप्पू शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज अवस्थी, बाबू तिवारी, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, रामप्रताप सिंह, अनुज अवस्थी, मोनू मिश्रा, कीर्ति मनोहर शुक्ला, देवी कुमार गुप्ता, रमाशंकर बाजपेई, जगन्नाथ पांडे, कवि सतीश कुमार सिंह, शिव प्रकाश पांडे, अशोक शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, अतुल त्रिपाठी, अनंत विजय सिंह, विजय सिंह ,संजय सिंह, अवनीश पांडे आदि प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

सत्कर्म तुरंत करें संघर्ष हमेशा टालें

जौनपुर। मड़ियाहूं स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का विसर्जन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाराणसी से आए मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने सत्कर्म को तुरंत करने और संघर्ष को टालने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष टालने से समझौता हो सकता है, जिससे समाज में अपराधों को रोका जा सकता है। डॉ. मिश्र ने किष्किंधा कांड का जिक्र करते हुए बताया कि महात्मा जीवात्मा को परमात्मा तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सुग्रीव का उदाहरण दिया, जिन्होंने अपनी आंखों पर नहीं, बल्कि संत हनुमान की आंखों पर भरोसा किया। डॉ. मिश्र ने बाली द्वारा अपने पुत्र अंगद को प्रभु श्रीराम के हाथों में सौंपने का प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने कहा कि विकार आने पर चरण छूट सकते हैं, लेकिन जब आप अपने हाथ से पकड़ लेंगे तो छूटने का भय नहीं रहेगा। प्रतापगढ़ से पधारे मानस प्रवक्ता पंडित आशुतोष द्विवेदी ने विभीषण के प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि विभीषण ने अपनी चोट या चोट देने वाले रावण के बारे में सोचने के बजाय, दुखों का निवारण करने वाले श्रीराम के चरणों का चिंतन किया। पंडित द्विवेदी ने जोर दिया कि जब हम अपने कर्मों को परमात्मा के चरणों में समर्पित करते हैं, तो परमात्मा स्वयं हमारे सिर का सारा भार उठा लेते हैं।

विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन

डलमऊ, रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान के तहत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के निर्देशानुसार विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटघर तहसील डलमऊ जनपद रायबरेली में डॉक्टर रूपाली शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें लोगों को तंबाकू से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभाव के विषय में विधिवत जानकारी दी गई। उक्त शिविर में चिकित्सा अधिकारी संजीव राय, फार्मासिस्ट रविंद्र सिंह यादव, वार्ड बॉय राजेंद्र कुमार मिश्रा, अनुपम यादव, एएनएम प्रियंका वर्मा एवं पीएलवी लालता प्रसाद व जयप्रकाश के साथ लगभग महिला पुरुष 35 लोग उपस्थित रहे जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आर्थिक स्थिति से कमजोर व्यक्तियों की न्याय व्यवस्था के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई।

एडवोकेट अंकित पांडेय हाई कोर्ट में न्याय मित्र बने

नसीराबाद, रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम रमसापुर मजरे लहेंगा निवासी एडवोकेट अंकित पांडेय को हाई कोर्ट लखनऊ के पैनल में एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) बनाया गया है। यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। जानकारी के लिए बता दें कि अंकित पांडेय के पिता रावेंद्र प्रसाद पांडेय जिला सत्र न्यायालय रायबरेली के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और ताऊ डॉ. नागेंद्र प्रसाद पांडेय सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। अंकित पाण्डेय की इस नियुक्ति से क्षेत्र में काफी हर्ष और उल्लास का माहौल है। भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह मोनू, पूर्व प्रमुख नरेंद्र बहादुर सिंह,प्रधान सत्यदेव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव द्विवेदी, राहुल द्विवेदी,राजनेता तुलसीराम पासी सहित तमाम गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई और शुभ कामनाएं दी हैं। अधिवक्ता अंकित पाण्डेय ने अपने इस चयन को क्षेत्रवासियों की शुभेच्छुओं का परिणाम बताया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के हित और न्याय की लड़ाई में सदैव साथ रहने का वायदा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मोबाइल टावरों पर चोरों का धावा, एक महीने में तीन वारदात, जांच में जुटी पुलिस

सुलतानपुर (वीओएल)। देहात कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल टावरों को निशाना बनाकर हो रही चोरी की घटनाओं ने टेलीकॉम कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है। भदैया इलाके में एक महीने के भीतर तीन अलग-अलग मोबाइल टावरों से पांच बैटरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी के तकनीशियन प्रमोद कुमार सिंह के मुताबिक पहली वारदात 23-24 अप्रैल की रात महानपुर स्थित मोबाइल टावर पर हुई, जहां से एक बैटरी चोरी कर ली गई। इसके बाद 29 मई की रात चोरों ने डिहवा अंकारीपुर स्थित टावर को निशाना बनाया और वहां से दो बैटरियां पार कर दीं। उसी रात अभियांकला क्षेत्र के हनुमानगंज स्थित मोबाइल टावर से भी दो बैटरियां चोरी हो गईं ।लगातार हो रही इन घटनाओं से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। संबंधित टावरों की निगरानी धवेंद्र सिंह, रामतीर्थ और प्रमोद कुमार सिंह कर रहे थे। नियमित निरीक्षण के दौरान बैटरियां गायब मिलने पर मामले की पुष्टि हुई और पुलिस को सूचना दी गई। कंपनी का आरोप है कि चोर सुनियोजित तरीके से मोबाइल टावरों को निशाना बना रहे हैं, जिससे संचार सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

समाजसेवी की पुण्यतिथि पर शर्बत वितरण

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खण्ड कूरेभार के पुरखीपुर गांव के समाजसेवी रहे पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र की 20वीं पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धा व सेवा भाव का अनूठा संगम देखने को मिला। अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर पुरखीपुर चौराहे पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों संभ्रांत लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार व पूजा-अर्चना के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने स्वर्गीय मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके समाजसेवा के कार्यों को याद किया। इसके बाद भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं स्थानीय लोगों के लिए शर्बत एवं शीतल जल वितरण आयोजित किया गया। पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्र के पुत्र सतीश चंद्र मिश्र, शरद चंद्र मिश्र, सुशील चंद्र मिश्र एवं सुधीर चंद्र मिश्र की मौजूदगी में दिनभर सेवा कार्य चलता रहा। परिवार के सदस्यों ने स्वयं लोगों को शर्बत पिलाकर अपने पिता की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखा। हाइवे से गुजरने वाले राहगीरों ने शर्बत ग्रहण किया और इस सेवा भावना की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि मिश्रा जीवनभर समाजहित के कार्यों से जुड़े रहे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उनकी पुण्यतिथि पर किया गया यह सेवा कार्य नई पीढ़ी को समाजसेवा की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम सुरेश वर्मा, राम नारायण मिश्र, भाजपा नेता संदीप तिवारी, पूर्व प्रधान रमेश वर्मा, प्रधान राधेश्याम वर्मा, पूर्व प्रधान शिवकांत तिवारी, पत्रकार साथियों में धर्मराज दूबे, त्रिलोक चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

अदिति सिंह ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र के लालूपुर चैहान स्थित आवास पर आयोजित जनता दर्शन में सदर विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जनसहभागिता की स जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे। सड़क, बिजली, पानी, आवास और अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने जनता की अपेक्षाओं और विश्वास को सर्वोपरि रखते हुए विधायक अदिति सिंह ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं न्यायोचित समाधान हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में पूर्ण संवेदनशीलता बरती जाए और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन जैसे कार्यक्रम आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं, जिससे समाधान की प्रक्रिया अधिक तेज और प्रभावी बनती है। जनता दर्शन में शामिल नागरिकों ने विधायक के इस जनसरोकारपूर्ण प्रयास की सराहना करते हुए उनके प्रति विश्वास व्यक्त किया और आभार जताया।

विधायक ने जाना अग्निपीड़ितों व घायलों का हाल, शोकाकुल परिवारों को दी सांत्वना

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र में सदर विधायक अदिति सिंह ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर आपदा व दुःख से प्रभावित परिवारों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का कुशलक्षेम जाना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सबसे पहले ग्राम मौहारी पहुंचकर अग्निपीड़ित मक्कू पाल से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इसके बाद ग्राम गदियानी में दुर्घटना में घायल हुए समीर से मिलकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। दौरे के अगले क्रम में जनप्रतिनिधि ग्राम पूरे बोडे में श्रीराम गौतम, कोला हैबतपुर में कमलेश पासवान, कनौली में राधेश्याम यादव, ताला गोपालपुर में राम प्रकाश तथा भदोखर में राम प्रकाश पासी के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने परिजनों के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

निष्ठावान कर्मचारी के साथ इंटक संगठन में अजातशत्रु रहे आज्ञा शरण

- आज्ञा शरण सिंह के एनटीपीसी से सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार के सर्वाधिक लोकप्रिय और पूरे जिले के सबसे चर्चित कर्मचारी नेता आज्ञा शरण सिंह एनटीपीसी में 37 वर्षों की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। श्री सिंह की सेवानिवृत्ति पर आयोजित अभिनंदन समारोह एक यादगार उत्सव साबित हुआ जब अधिकारियों से लेकर आम कर्मचारियों ने उन्हें संस्था के निष्ठावान कर्मचारी के साथ साथ इंटक संगठन में अजातशत्रु की तरह उन्हें नवाजा। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह में श्री सिंह और उनके परिवार का शाल ओढ़ा कर अभिनंदन किया गया तथा ऊंचाहार परियोजना में उनके ऐतिहासिक कार्यकाल की मुक्तकंठ से सराहना की गई। श्री सिंह परियोजना के जनसंपर्क विभाग में कार्यरत रहकर एनटीपीसी और रायबरेली के पत्रकारों के बीच समन्वय और सदभाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान किया। परियोजना प्रमुख श्री बी एम सिंह ने आज्ञा शरण सिंह की कृतज्ञ सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवानिवृत्ति से जो खालीपन आया है उसकी भरपाई बहुत मुश्किल है। मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने कहा कि आज्ञा शरण सिंह एक कर्मचारी और एक नेता के रूप में संतुलन बनाकर जिस तरह दोनों भूमिका का निर्वाह किया है वह अन्य लोगों के लिए एक उदाहरण है। मीडिया प्रबंधन में श्री सिंह को जो महारत हासिल है वह बहुत ही यादगार और एनटीपीसी के लिए वरदान है। महाप्रबंधक दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास अधिकारी संघ के राष्ट्रीय नेता शशिकांत राय अपर महाप्रबंधक हरलीन सचदेवा सहित एटक यूनियन के सचिव रविंद्र कुशवाहा, इंटक यूनियन के महासचिव राहुल कनौजिया, कर्मचारी कल्याण समिति के सचिव नागेन्द्र प्रताप सिंह, रचना पाल, लघु शंकर यादव, शिवपाल यादव, सुरेन्द्र बिंद गौतम निषाद सुदाम गुप्ता सहित अनेक लोगों ने अपने संबोधन श्री सिंह को एक कर्मयोगी के साथ साथ एनटीपीसी इंटक यूनियन को प्रतिष्ठित करने व असीम ऊंचाई तक ले जाने वाला असाधारण नेता बताया। इंटक नेताओं ने कहा कि श्री सिंह उन सबके लिए एक रोल मॉडल की तरह हैं। अपने नेता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए इंटक यूनियन ने खुले रथ में उन्हें व उनकी पत्नी को बैठाकर यात्रा निकाली जिसमें सैकड़ों परिवारों ने भागीदारी कर उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। सभी लोग डांस करते हुए पूरे परिसर की परिक्रमा की तथा पटाखे दगा कर अपने नेता का स्वागत किया। मंदिर में पूजा अर्चना की गई तथा सभी का मुंह मीठा कराया गया। एनटीपीसी के निदेशक अनिल जादली, शिवम श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक सी कुमार, इंटक के केंद्रीय नेता बाबर सलीम पाशा, केपी चंद्रवंशी, नंदी साहू, रामू मिश्रा, सांसद अमेठी के एल शर्मा सहित सैकड़ों नेताओं, एनटीपीसी के शीर्ष प्रबंधन के सदस्यों ने श्री सिंह को दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में संचालित चाचा नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज, मीरामानिकपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल परीक्षा में जिला टॉप-10 में स्थान बनाने वाले छात्र शिवांश दुबे को विद्यालय प्रबंधक द्वारा स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण एवं साइकिल भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा। समारोह के दौरान इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किए गए। मेधावियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिसर में लगाए गए बधाई होर्डिंग और आकर्षक क्रासरों ने समारोह की शोभा बढ़ा दी। हमारे होनहार छात्र, हमारा गौरव तथा शिक्षा से ही सशक्त होगा भारत जैसे संदेशों से सजे होर्डिंग विद्यार्थियों और अभिभावकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक मिर्जा अल्ताब बेग ने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का समापन मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

समाजसेवी ने 500 जरूरतमंदों को बांटे पंखे

सुलतानपुर (वीओएल) भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी हर्षित मिश्रा ने रविवार को अपने पैतृक गांव मुरारचक बरुआ उत्तरी में मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए 500 गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क फरार्टा पंखों का वितरण किया। इस सराहनीय पहल की क्षेत्रभर में चर्चा रही और बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने उनके इस जनहितकारी कार्य की प्रशंसा की। पंखा वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों गांवों से महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में पहुंचे। हर्षित मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें फरार्टा पंखे वितरित किए। भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों के लिए नाश्ता एवं जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में उनकी पत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी भारती मिश्रा तथा चर्चित यूट्यूबर विपुल मिश्रा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। आयोजन स्थल पर हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर दिनेश मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा एडवोकेट, शर्मिला यादव, जितेंद्र गौतम, गपोली गुप्ता, सोनू निषाद, मगनू निषाद, राकेश गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुर्गी दाना लेकर जा रहे चालक से लूटपाट, पीटा

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। अमेठी से मुर्गियों का दाना लेकर पोल्ट्री फार्म जा रहे एक ट्रक चालक को रास्ते में रोककर मारपीट करने, नकदी छीनने तथा जबरन शराब खरीदवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अमेठी जनपद के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के खारा धौकल गांव निवासी भरत लाल मौर्य ट्रक संख्या यूपी-36 एटी-2709 से जगदीशपुर स्थित आईबी कंपनी से मुर्गियों का दाना लेकर मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के विंदवन गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर जा रहे थे। आरोप है कि रविवार दोपहर मोतिगरपुर थाने के कालीगंज बाजार के पास बाइक सवार दो युवकों ने ट्रक को ओवरटेक कर रोक लिया और गाड़ी की चाबी निकालकर चालक से अभद्रता करने लगे। पीड़ित के मुताबिक दोनों युवक उसे पास के एक बाग में ले गए, जहां उसकी पिटाई की तथा जेब में रखे पांच हजार रुपये छीन लिए गए। आरोप है कि इसके बाद दोनों युवक चालक को कालीगंज बाजार स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर ले गए और उससे करीब 850 रुपये की शराब खरीदवाई। घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए डांट कर भगा दिया। इसके बाद चालक किसी तरह विंदवन पहुंचा और वहां मौजूद लोगों को पूरी जानकारी देते हुए डायल-112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी निवासी राघवेंद्र मिश्रा उर्फ पलटू तथा लाला का पुरवा निवासी सत्य प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ रिंकू के रूप में होने की बात सामने आई है। पीड़ित चालक ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मोतिगरपुर थाने में लिखित शिकायत दी है। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

तंबाकू व निकोटिन से दूर रहने का दिया संदेश

रायबरेली। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा डिग्री कॉलेज चैराहा, रायबरेली क्षेत्र में जनजागरूकता वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू एवं निकोटीन की लत के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया गया।

वॉकाथॉन का शुभारंभ एम्स की कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं एवं आमजन को तंबाकू एवं निकोटीन की लत से दूर रहने का संदेश दिया तथा तंबाकू त्याग हेतु दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वॉकाथॉन में एम्स रायबरेली के फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, विभागीय स्टाफ, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वॉकाथॉन के दौरान छात्रों एवं प्रतिभागियों द्वारा ़तंबाकू मुक्त युवा़, ़जन-जन का एक ही नारा कृ तंबाकू मुक्त देश हमारा़, आदि जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। प्रो. डॉ. भोला नाथ ने तंबाकू सेवन के बढ़ते बोझ एवं उसके गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जनजागरूकता गतिविधियों में सामान्यतः वही लोग भाग लेते हैं जो तंबाकू का सेवन नहीं करते, जबकि तंबाकू सेवन करने वाले लोगों को भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि वे तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक हो सकें और तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित हों।

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा संचालित तंबाकू निषेध एवं तंबाकू परामर्श सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू निषेध क्लिनिक संचालित किया जा रहा है, जहां तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को परामर्श एवं सहायता प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा ग्रामीण एवं सामुदायिक स्तर पर भी नियमित रूप से तंबाकू नियंत्रण व जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाती हैं। डॉ. नीरज पवार ने कार्यक्रम का समन्वय किया तथा तंबाकू सेवन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं युवाओं पर इसके बढ़ते प्रभाव के संबंध में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य डॉ. मुकेश शुक्ला, वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. मानस, पीजी छात्रों, डॉ. शशांक, इंटर्न अक्षत पांडेय, विभागीय स्टाफ एवं अन्य प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. भोला नाथ के मार्गदर्शन तथा डॉ. नीरज पवार के समन्वय में संपन्न हुआ।

महमूदपुर में अवैध खनन पर कार्रवाई, जेसीबी सीज

गोसाईगंज, सुल्तानपुर। डीएम के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध खनन विरोधी अभियान के तहत रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने गोसाईगंज क्षेत्र के महमूदपुर गांव में छापेमारी कर खनन में शामिल एक जेसीबी मशीन को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालो में हड़कंप मचा है। नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव राजस्व टीम के साथ महमूदपुर गांव के निकट मिट्टी खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचे। टीम की कार्रवाई की भनक लगते ही वहां मौजूद डंपर और ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से निकल गए। पुलिस के सहयोग से एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया ।कार्रवाई के बाद मशीन को द्वारिकागंज चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है ।जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर जिले में चिन्हित स्थानों पर लगातार निरीक्षण और छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में महमूदपुर में कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव ने बताया कि खनन संबंधी शिकायतों और सूचनाओं के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में जांच की जा रही है। महमूदपुर में खनन के आरोप में एक जेसीबी मशीन को सीज किया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

मठिया मंदिर को पर्यटन केंद्र बनाने की उठी मांग

भटनी (देवरिया)। खोरीबारी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मठिया मंदिर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग ग्रामीणों ने उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह प्राचीन धार्मिक स्थल लंबे समय से विकास की बाट जोह रहा है, जबकि यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने भी पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर मठिया मंदिर धाम के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा। खोरीबारी का मठिया मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। स्थानीय मान्यताओं के माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

कुशीनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कुशीनगर स्थित महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रद्यौगिकी विश्वविद्यालय के अवलोकन की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। दो जून मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तमकुहीराज पहुंचेंगे। जहां वह सुबह 10 बजे राजवटिया में क्षेत्र के विकास से जुड़ी 376 करोड़ रुपये की 271 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन काफी मुस्तैद है।

मुख्यमंत्री द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के अवलोकन की संभावनाओं को देखते हुए डीएम श्री तंवर ने एसपी केशव कुमार, सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव, नपा कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल और अधिकारियों के साथ महा परिनिर्वाण परिसर, निर्माणाधीन कृषि विश्वविद्यालय स्थल का निरीक्षण किया और उनके आगमन और सुरक्षा को लेकर अधिकारियों से विचार विमर्श किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर उतरने को लेकर पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम वैभव कुमार मिश्रा, एएसपी सिद्धार्थ वर्मा, उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, सीओ कुंदन सिंह, ईओ अंकिता शुक्ला, एसएचओ आशुतोष कुमार सिंह, श्रवण कुमार तिवारी सहित कृषि विश्वविद्यालय की कार्यदाई संस्था के अधिकारी और सुरक्षा बल मौजूद रहे।

एनई रेलवे मेन्स कॉंग्रेस शाखा कार्यालय का उद्घाटन, पुरानी पेंशन बहाली की उठी मांग

भटनी (देवरिया)। एनई रेलवे मेन्स कॉंग्रेस के भटनी शाखा कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को रेलवे की अंतरराष्ट्रीय धाविका सुकन्या मल्ल एवं सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी गौरीशंकर सिंह ने फीता काटकर किया। समारोह में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनई रेलवे मेन्स कॉंग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष सुभाष दुबे ने रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना तथा यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लेकर कर्मचारियों में निराशा और आक्रोश है, इसलिए सरकार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करनी चाहिए।

महामंत्री अखिलेश पांडेय ने कहा कि एनई रेलवे मेन्स कॉंग्रेस को मान्यता मिलने के बाद पिछले 16 महीनों में कर्मचारी हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। वर्षों से लंबित पदोन्नति एवं वित्तीय उन्नयन के मामलों का निस्तारण कराया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप ह्यडीह्न और ग्रुप ह्यसीह्न कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन प्रतिबद्ध है।

वाराणसी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ने केंद्र सरकार से आठवें वेतन आयोग को शीघ्र लागू कर एरियर सहित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। वहीं मंडल मंत्री राकेश पाल ने रेलवे में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती कराने की आवश्यकता जताई। गोरखपुर कारखाना मंडल मंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने शाखा कार्यालय के उद्घाटन पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शाखा मंत्री दुर्गेश पांडेय, शाखाध्यक्ष अभिषेक मणि ओबेदुल्लाह खान एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र पांडेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया।

समारोह में प्राण शाही, विजय नाथ ठाकुर, विभेष सिंह, बिट्टू यादव, धीरज त्रिपाठी, लालू, राहुल सिंह सहित अनेक रेल कर्मचारी एवं यूनियन सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा के नये जिलाध्यक्ष के स्वागत की हुई तैयारी बैठक

देवरिया। चौरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिला पदाधिकारियों की एक तैयारी बैठक आयोजित की गई जिसमें नए जिलाध्यक्ष काली प्रसाद के स्वागत के लिए योजना बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय शाही ने कहा कि अपने नए जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए सारे कार्यकर्ता उत्सुक हैं इसके लिए हर मंडल और बूथों से भी कार्यकताओं का हुजूम आएगा। उन्होंने बताया कि स्वागत के दौरान हमे सतर्कता बरतनी है कि किसी भी कार्यकर्ता को असुविधा न हो। सभी लोग बारी बारी से नए जिलाध्यक्ष का स्वागत करेंगे। स्वागत कार्यक्रम मुसैला चौराहा से शुरू होकर सोनुघाट, कचहरी शिव मंदिर, सुभाष चौक, क्वाप्रेटिव चौराहा, पुरवा चौराहा, औरा चौरी ढाला के बाद जिला कार्यालय पर सम्पन्न होगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री रविंद्र कौशल, रमेश सिंह, जिला मंत्री महेश मणि त्रिपाठी, अरविंद पांडे बबुना, निर्मला गौतम, शिवकुमार राजभर, रमाशंकर निषाद, प्रभाकर तिवारी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल, सुधीर श्रीवास्तव, अरुण कुमार मिश्रा, अंबिकेश पांडे, अजय दुबे वत्स सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कसया में सपनों की मंडी पर पुलिस का छापा, 453 नेपाली युवक-युवतियां बरामद

कुशीनगर। सूबे के कुशीनगर जनपद के कसया कस्बा पिछले चार महीनों से कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का ठिकाना बना हुआ था, जहां बेरोजगार युवाओं के सपनों की खरीद-फरोख्त हो रही थी। नौकरी, आर्थिक आजादी और करोड़पति बनने के सुनहरे ख्वाब दिखाकर नेपाल से सैकड़ों युवक-युवतियों को यहां बुलाया गया और उनसे लाखों रुपये

- करोड़ों की ठगी का इंटरनेशनल नेटवर्क बेनकाब

ऐंठे गए। मजे की बात यह है कि इसकी भनक न स्थानीय प्रशासन को लगी, न खुफिया तंत्र को और न ही उन विभागों को जिनकी जिम्मेदारी विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर नजर रखना है।

लेकिन शनिवार रात नेपाल दूतावास की एक सूचना ने प्रशासनिक तंत्र से लेकर खुफिया एजेंसियों तक की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बतादे कि पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब नेपाल दूतावास ने भारतीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कसया पुलिस की आठ टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया।

कसया के सपहा रोड स्थित दो प्रशिक्षण केंद्रों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई में 453 नेपाली युवक-युवतियों को बाहर निकाला गया। इनमें कई ऐसे थे जो नौकरी और बेहतर भविष्य की तलाश में घर-परिवार छोड़कर भारत आए थे, लेकिन यहां आकर कथित नेटवर्किंग मार्केटिंग के ऐसे जाल में फंस गए, जहां सपने बेचे जा रहे थे और जेबें खाली कराई जा रही थीं। पुलिस कार्रवाई के बाद रविवार सुबह 453 नेपाली युवक-युवतियों को आठ बसों के माध्यम से सुरक्षित नेपाल दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

कसया में चलता रहा करोड़पति बनाने का खेल

सूत्रों के मुताबिक युवाओं को बताया जाता था कि कुछ महीनों की ट्रेनिंग के बाद उनकी जिंदगी बदल जाएगी। उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और बड़ी कमाई का सपना दिखाया जाता था। इसके एवज में 20 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की रकम वसूली जाती थी। यानी बेरोजगारी और उम्मीद को हथियार बनाकर करोड़ों का कारोबार खड़ा किया गया था।

चार महीने तक सिस्टम सोता रहा

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर 453 विदेशी नागरिक चार महीने से कसया में रह रहे थे, दर्जनों कमरों में ठहरे हुए थे, बड़ी-बड़ी बैठकें और प्रशिक्षण सत्र चल रहे थे, लेकिन किसी सरकारी विभाग को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? क्या स्थानीय खुफिया तंत्र पूरी तरह निष्क्रिय था? क्या पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं थी? या फिर किसी की नजर सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर रही थी? यह तमाम सवाल न सिर्फ चर्चा का विषय बना हूआ है बल्कि अबूझ पहेली बनकर रह गया है

किराये के मकान बने ट्रांजिट कैंप

पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक-युवतियों को सपहा रोड के आठ से दस किराये के मकानों में रखा गया था। बिना पर्याप्त सत्यापन और कानूनी औपचारिकताओं के विदेशी नागरिकों को ठहराने वाले मकान मालिक भी अब जांच के घेरे में हैं। यदि जांच में लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो कई स्थानीय चेहरे भी इस मामले में फंस सकते हैं।

फर्जी कंपनी में ठगी का खेल

कसया थाना क्षेत्र के मथौली स्थित विन्सपायर वर्ल्ड कंपनी के नाम पर यह फ्रॉड नेटवर्क चलाया जा रहा था। कंपनी ने नेपाली नागरिकों को आकर्षक नौकरी और ट्रेनिंग का लालच देकर कुशीनगर बुलाया था। प्रति व्यक्ति से मेम्बरशिप व ट्रेनिंग के नाम पर बीस हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की वसूली की गई थी।

नेपाल दूतावास ने खोली पोल

हैरानी की बात यह है कि जिस नेटवर्क पर स्थानीय स्तर पर किसी की नजर नहीं गई, उसकी सूचना नेपाल दूतावास तक पहुंच गई। दूतावास की सूचना के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और रातों-रात पूरा नेटवर्क पुलिस के रडार पर आ गया। रविवार सुबह सभी 453 युवक-युवतियों को आठ बसों से नेपाल दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

सात गिरफ्तार, लेकिन असली मास्टरमाइंड कौन

बताया जाता है कि पुलिस ने सात नेपाली नागरिकों के खिलाफ जालसाजी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इतना बड़ा नेटवर्क सिर्फ सात लोगों के भरोसे चल रहा था? करोड़ों रुपये का लेन-देन, सैकड़ों लोगों की भर्ती, मकानों की व्यवस्था, प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन और राज्यों की सीमाओं को पार करता नेटवर्क इन सबके पीछे आखिर कौन है?

यह सिर्फ ठगी नहीं, उम्मीदों का शोषण है

जानकारो का कहना है कि यह मामला महज आर्थिक अपराध नहीं है। यह उन युवाओं की उम्मीदों पर हमला है जो रोजगार और बेहतर जिंदगी की तलाश में घर से निकले थे। उन्हें सफलता का सपना दिखाया गया, लेकिन हकीकत में उन्हे एक ऐसे जाल में फंसाया गया जहां उनकी मेहनत की कमाई और भविष्य दोनों दांव पर लग गए।

सफाईकर्मी से अभद्रता व मारपीट के आरोप में केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरहे चौरा में तैनात एक सफाईकर्मी के साथ कथित अभद्रता और मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंदौली में तैनात सफाईकर्मी नन्दलाल बासफोर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 27 मई को बकरीद के अवसर पर वह ग्राम पंचायत भरहे चौरा स्थित मस्जिद के आसपास सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी सैफ अली पुत्र आसरे हुसैन वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। तहरीर के अनुसार जब सफाईकर्मी ने इसका विरोध किया और स्वयं को सरकारी कार्य में लगे होने की बात कही, तब आरोपी ने कुदाल छीनकर हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

घटना के समय कई सफाईकर्मी ड्यूटी पर मौजूद थे, पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सैफ अली के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

तंग युवक ने खाया सल्फास, पत्नी व उसके कथित प्रेमी पर मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के उस्का गांव निवासी एक युवक द्वारा सल्फास खाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के भाई की तहरीर पर दर्ज एफआईआर में दोनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, उस्का निवासी चंद्रप्रकाश सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके भाई की शादी वर्ष 2020 में मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र के लखनौर निवासी आकांक्षा मल्ल से हुई थी। विवाह के बाद से ही आकांक्षा मल्ल का भलुअनी थाना क्षेत्र के तेनुआ चौबे निवासी श्रेयांश यादव उर्फ संजीव यादव से कथित रूप से अवैध संबंध था, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद होता रहता था। इसी कारण न्यायालय में तलाक का मुकदमा भी विचाराधीन था। तहरीर में कहा गया है कि आकांक्षा मल्ल और श्रेयांश यादव अक्सर मृतक को फोन कर अपशब्द कहते थे तथा जान से मारने की धमकी देते थे। आरोप है कि 9 मई 2026 को दोनों ने मृतक को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए कहा कि वह आत्महत्या कर ले, इसके बाद वे साथ रहेंगे और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। परिजनों के अनुसार, इन बातों से आहत होकर युवक ने सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पहले देवरिया और बाद में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मामले में कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर आकांक्षा मल्ल तथा श्रेयांश यादव उर्फ संजीव यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

युवक की हत्या, मोबाइल टावर के पास मिला शव

कुशीनगर। कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक की हत्या कर दी गई और उसका शव एक मोबाइल टावर के पास मिला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी संदीप यादव (24) को शनिवार रात करीब 11 बजे कोई उसके घर से बुलाकर ले गया। परिजनों के अनुसार, संदीप ने किसी को अपने घर से जाने की जानकारी नहीं दी थी। देर रात करीब एक बजे संदीप के मोबाइल से गांव के ही एक युवक को फोन पर बताया गया कि संदीप मोबाइल टावर के पास पुलिया पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना पर जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो संदीप मृत मिला। अहिरौली बाजार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रविन्द्र राय ने बताया कि पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है कि संदीप को किसने बुलाया और हत्या क्यों की गई।

ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

देवरिया। देवरिया जिले के देवरिया-गोरखपुर रेल खंड पर रविवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार देवरिया कोतवाली क्षेत्र के देवरिया-गोरखपुर रेल खंड पर मेहड़ा गांव के पास हुए इस हादसे में किशन (18) और लगभग 24 वर्षीय एक अज्ञात युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के दौरान दोनों मृतकों के पास से गांजे की पुड़िया और चिलम बरामद की, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों ट्रेन की पटरी पर बैठकर नशा कर रहे थे तभी रेलगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। पुलिस के मुताबिक किशन के परिजन का कहना है कि वह अपनी बीमार नानी को इलाज के सिलसिले में गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए घर से निकला था।

बीईओ सकरन बने बीएसए/समकक्ष अधिकारी

साण्डा (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पदोन्नति सूची में खंड शिक्षा अधिकारी सकरन ओंकार सिंह को सम्मिलित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समकक्ष अधिकारी के पद पर पदोन्नति दिए जाने पर विकास क्षेत्र सकरन के शिक्षकों, अनुदेशकों एवं शिक्षामित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। बीईओ ओंकार सिंह की पदोन्नति की सूचना मिलते ही शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा ओंकार सिंह को मिठाई खिलाते हुए माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है। शिक्षक संघ अध्यक्ष धीरेंद्र पटेल ने कहा कि ओंकार सिंह का कार्यकाल सदैव शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्यालयों में अनुशासन एवं शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए याद किया जाएगा। उनके सरल व्यवहार, प्रशासनिक क्षमता और शिक्षा के प्रति समर्पण के चलते शिक्षक समुदाय में विशेष सम्मान रहा है। शिक्षक विनोद कुमार, दीपक श्रीवास्तव, कृष्ण कांत ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में भी ओंकार सिंह शिक्षा विभाग को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर सकरन के मो0 आरिफ, प्रवीण कुमार, राधा कृष्ण दीक्षित, चांद मोहम्मद, संजय चित्रांश, ओमकार पांडेय, वीरेंद्र वर्मा, सौरभ शुक्ला, संदीप विश्वकर्मा, सारदा प्रसाद आदि शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने व्यक्तिगत व सोशल मीडिया के माध्यम से भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं है।

64 जर्जर विद्यालयों को गिराने का काम शुरू

सीतापुर। विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र में जर्जर और असुरक्षित विद्यालय भवनों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए 64 विद्यालयों के जर्जर कमरों एवं भवनों का चरणबद्ध तरीके से ध्वस्तीकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज एक विद्यालय के भवन को ध्वस्त कराया गया है। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे से शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। यहां जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरैया मसूदपुर स्थित विद्यालय में भी जर्जर भवनों को गिराने का कार्य संपन्न कराया गया।

लंबे समय से खस्ताहाल पड़े इन भवनों को लेकर दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। जिसके चलते विभाग ने इन्हें हटाने का निर्णय लिया है। खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने बताया कि विकासखंड के 64 विद्यालयों में जर्जर कमरे और भवन चिन्हित किए गए हैं। इन भवनों की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं थी। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इनके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जा रही है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में आवश्यकता और स्वीकृति मिलने पर इन स्थानों पर नए विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जिससे शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि भवनों की नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के कारण ध्वस्तीकरण का दायित्व संबंधित ग्राम पंचायतों को सौंपा गया है। ध्वस्तीकरण से प्राप्त होने वाला मलबा ग्राम पंचायतों के पास रहेगा।

सीडीओ ने लगायी चौपाल, विकास योजनाओं की समीक्षा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश के क्रम में रविवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने विकास खंड बनकटा क्षेत्र का भ्रमण किया तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित चौपालों की अध्यक्षता कर ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान बखरी, हाटा, बगरूआ, सिकटिया दीनाचक तथा विकास खंड मुख्यालय बनकटा पर आयोजित चौपालों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

चौपाल में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र एवं अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही मनरेगा जॉब कार्ड धारकों, विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों तथा श्रम कार्ड धारकों में ऐसे पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर राशन कार्ड से जोड़े जाने की प्रगति पर भी चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आईडी, फॉर्मर आईडी, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, चारागाह भूमि, अमृत सरोवर, पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा पात्र लाभार्थियों को

योजनाओं से आच्छादित किया जाए। चौपाल में नए स्वयं सहायता समूहों के गठन, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों को धरातल पर उतारा जाए इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौपालन, संवर्धन कर उन्नत राष्ट्र बनाना है: अजय गुप्त

जिला संवाददाता

महोली (सीतापुर)। रविवार की सुबह सुरभि गौ अनुष्ठान सेवा समिति महोली के गौ सेवकों ने मढ़िया (खीरी) गौशाला में श्रमदान किया। इस कार सेवा के दौरान कुछ समय से बनाई जा रही कुटिया (आवास), भवन निर्माण कार्य मे जहां सुदूर क्षेत्रों से आए लोगों ने पसीना बहाया। वहीं सिख जत्थे के रंजीत सिंह, सर्वजीत सिंह पुरुषोत्तम, मलखे रोहित ने विषेश कार सेवा कर श्रमदान किया। पूर्णिमा के दिन पर सुरभि गौ अनुष्ठान सेवा समिति के अध्यक्ष अजय प्रकाश गुप्त, महामंत्री राजेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल और विनोद मित्तल के साथ सैकड़ों गौ सेवकों ने श्रमदान किया। कार सेवा के दौरान अजय गुप्त ने कहा राजस्थान के पथमेड़ा गौशाला की प्रेरणा से मढ़िया गौशाला पूरे प्रदेश की अनूठी गौशाला बन गई है। मढ़िया में बाबा पारेश्वर नाथ और गौमाता की कृपा से वर्ष 2011 से अनवरत गौसेवा की जा रही है। स्वयं सहायता के द्वारा, बगैर किसी सरकारी सहायता प्राप्त इस गौशाला में निरंतर गौधन बढ़ रहा है। वहीं सुरभि सेवा समिति की टीम भोर में श्रद्धा भाव से आकर सेवा कार्य कर रही है तो गौवंशों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। गौ वंशों के लिए भूसा, दाना व हरे चारे की व्यवस्था समिति गौ सेवकों द्वारा स्वयं की गई है। वहीं बीमार गौ वंशों का उपचार भी खुद से ही किया जाता है। वर्तमान में गौशाला में 450 गौवंश मौजूद हैं और गौ भक्तों की पवित्र सोच व निस्वार्थ सहयोग से गौसेवा चल रही है। गौ सम्मान आह्वान समिति तहसील प्रभारी राजेश तिवारी नरेन्द्र बंसल (पप्पू) नीरज बाजपेई, मनोज गुप्ता पंकज मिश्र, शंकर लाल वर्मा, शैलेन्द्र, मनोज, रवी, प्रकाश विजय गुप्त, कपिल गुप्त समेत सैकड़ों लोगों ने श्रमदान किया।

आदर्श गौशाला के नाम से पूरे मंडल में स्थान

वर्तमान में मढ़िया गौशाला एक आदर्श गौशाला के रूप में पूरे क्षेत्र में विख्यात हुई है। इतना ही नहीं गौमाता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए देश के संतों के आव्हान पर पूरे संभाग में तेजी के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गौसेवकों द्वारा लोगों को हस्ताक्षर अभियान में जोड़ने तथा गौसेवा के लिए प्रेरित का काम किया जा रहा है।

सीतापुर पहुंची समाजवादी सिख सामाजिक न्याय यात्रा

सीतापुर। जनपद में समाजवादी पार्टी की ओर से निकाली जा रही समाजवादी सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार शाम को सीतापुर पहुंची। जहां पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए यात्रा के उद्देश्यों और आगामी राजनीतिक रणनीति पर प्रकाश डाला। बताया जाता है कि इस यात्रा का शुभारंभ 6 अप्रैल को सहारनपुर से किया गया था। यात्रा प्रदेश के विभिन्न सिख बाहुल्य जनपदों से होकर गुजर रही है और इसका समापन 6 जून को कानपुर में होगा।

यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी सिख समाज के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानने का प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। सिख समाज का प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पार्टी आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए सिख समुदाय के बीच संवाद स्थापित कर उन्हें समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय, भाईचारा और समान भागीदारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

साथ ही सिख समाज की समस्याओं और मुद्दों को पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए प्रयास करना भी यात्रा का अहम हिस्सा है। सपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने यात्रा को सामाजिक सौहार्द और राजनीतिक संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए इसके उद्देश्यों का समर्थन किया। यात्रा के सीतापुर पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। सपा नेताओं का दावा है कि यह अभियान आगामी चुनावों मप्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एसआईआर संवैधानिक

तमाम सियासी वितंडा, सियासी विरोध और आरोप-प्रत्यारोप को दरकिनार करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर को पूरी तरह संवैधानिक करार दिया है। इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव और शुद्ध, साफ मतदाता सूची के संदर्भ में चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार भी माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 21 (3) का किसी भी तरह उल्लंघन स्वीकार नहीं किया है। वोट चोरी और नागरिकता छीन लेने सरीखे विपक्ष के आरोपों और याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। न्यायिक पीठ का मानना है कि मतदाता सूची से नाम कटने का अर्थ यह नहीं है कि आप भारत के नागरिक नहीं हैं। नागरिकता का अंतिम फैसला सक्षम अथॉरिटी (केंद्रीय गृह मंत्रालय) लेगी। अलबत्ता आयोग नागरिकता की सीमित जांच कर सकता है, ताकि पात्र मतदाता तय किया जा सके। नागरिकता का विचाराधीन निर्णय आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद के विधानसभा चुनावों तक ले लिया जाना चाहिए। सारांश यह है कि एसआईआर संवैधानिक है और आगे भी जारी रहेगा। सर्वोच्च अदालत ने किसी भी प्रकार की रोक से साफ इनकार कर दिया। अधिकांश याचिकाएं बिहार के संदर्भ में थीं, लिहाजा एसआईआर के तहत जिन नामों को मतदाता सूची से काट दिये गये हैं, उन पर सर्वोच्च अदालत ने कुछ नहीं कहा। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या वे लोग विदेशी नागरिक या घुसपैठिए हैं? क्या उनके नाम न्यायिक समीक्षा के चक्रव्यूह में फंस कर रह जाएंगे? आयोग ऐसे लोगों का अधिकृत आंकड़ा ही दे दे, बेशक व्यक्ति की पहचान न बताये। यदि इन नामों में से अधिकांश भारत के नागरिक हैं, तो वे मतदाता क्यों नहीं हैं? बुनियादी संवैधानिक व्यवस्था यही है कि जो पात्र नागरिक हैं, वह मतदाता भी हैं, लेकिन एसआईआर की प्रक्रिया ने इस व्यवस्था को ही सवालिया और संदेहास्पद बना दिया है।

कुछ उदाहरण गौरतलब है। एक महिला भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के तहत एक विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक थी और लंबी नौकरी के बाद वहीं से सेवानिवृत्त हुई। उन्हें नियमित पेंशन भी मिलती है। चुनाव आयोग के कर्मियों ने उनके वोटर होने पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनसे मतदाता सूची में उनके पिता के नाम का ब्यौरा मांगा है, जबकि उनकी मृत्यु को कई साल बीत चुके हैं। एक वयस्क, भारत सरकार में प्रथम श्रेणी अधिकारी, सेवामुक्त और पेंशनभोगी-क्या ये आधार एक मतदाता होने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों के चेहरे सामने आए। वे राज्य सरकार के कर्मचारी थे, नियमित वेतन पाते रहे थे, चुनाव में ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन एसआईआर में उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। चुनाव आयोग की संवैधानिकता, एसआईआर की वैधता एक अलग विषय है। इस पर किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन जिनके नाम काटे गये हैं, उनका क्या होगा, यह सवाल महत्वपूर्ण है। आयोग 14 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में एसआईआर अभियान समाप्त कर चुका है। 19 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में अभी बाकी है। वहां जून से अभियान शुरू होने वाले हैं। अभी पांच राज्यों में चुनाव सम्पन्न हुए हैं, लेकिन तार्किक विसंगति की व्यवस्था बंगाल में ही लागू की गयी। वहां जिन 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए थे, उनमें से सिर्फ 6000 को ट्रिब्यूनल से न्याय मिला है। यदि यही गति रही, इतना ही वक्त लगता रहा, तो न्यायिक समीक्षा में बहुत समय लग जायेगा। ऐसे में संविधान के मौलिक अधिकार मताधिकार का क्या होगा? लोगों से पिता का ही नहीं, दादा का भी ब्यौरा पूछा और मांगा जा रहा है। क्या इससे पहले जो एसआईआर अभियान चलाए गए थे, उनमें ऐसे ब्यौरे और दस्तावेज मांगे जा रहे थे? जिसने पहले कई बार वोट दिया है और वह साक्षात रूप में आयोग के सामने मौजूद है, उसका पासपोर्ट बना हुआ है। उस भारतीय को मतदाता होने से कौन और कैसे रोक सकता है? इसलिए चुनाव आयोग को मतदाता सूची दुरुस्त करना चाहिए लेकिन इसके साथ ही जिनके नाम काटे जा रहे हैं उनको सुनवाई का मौका देने के साथ ही नाम जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

विकसित भारत की राह में बढ़ती चुनौतियां

मनोज बाजपेयी

हम सभी देख रहे हैं कि इक्कीसवीं सदी का विश्व वैज्ञानिक उन्नतियों के बाद भी अनेक प्राकृतिक-कृत्रिम बाधाओं से ग्रस्त है। कोरोना का कालखंड इसमें सबसे बड़ी बाधा रहा। इसके बाद अमरीका, रूस, ईरान, भारत, पाकिस्तान, यूक्रेन, इजरायल, खाड़ी के देशों सहित दुनिया के पंद्रह-बीस देश निरंतर युद्ध में उलझे हुए हैं, जिन पर निरंतर चर्चा हो रही है। नवीनतम अमरीका-इजरायल बनाम ईरान के युद्ध ने विश्व के सामने ऊर्जा की कठोर समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अमरीका एवं इजरायल के द्वारा की गई बर्बादी का बदला ईरान तेल व गैस आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज को बंद कर, अवैध आवागमन शुल्क लेकर एवं बाधा उत्पन्न कर ले रहा है। ईरान के इस कृत्य से दुनिया के विभिन्न देशों तक उनकी आवश्यकता का तेल तथा गैस सुगमता से नहीं पहुंच पा रही है। जो पहुंच भी रही है, वह भी अत्यंत महंगी होकर। उक्त देशों के चर्चित युद्ध के अतिरिक्त गुमनाम देशों के भी अपने पड़ोसियों के साथ युद्ध चल रहे हैं। यदि पड़ोसी देशों के साथ उनका युद्ध नहीं भी चल रहा है, किंतु उनके अपने ही देश में अलग-अलग रक्तरंजित संघर्ष निरंतर हो रहे हैं। चूंकि ये देश बड़े एवं संपन्न देश नहीं हैं, इसीलिए इनके युद्धक तथा स्वदेशी संघर्षों के समाचार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख जनसंचार माध्यमों जैसे टीवी, सोशल मीडिया और अखबार आदि में नहीं होते।

भारत के संदर्भ में युद्ध तथा प्रकृति आधारित समस्याओं का विश्लेषण किया जाये तो इनका अंत होता हुआ नहीं दिखाई देता। वैसे गृहमंत्री ने घोषित कर दिया है कि भारत अब नक्सल-समस्या से मुक्त हो चुका है। यह अच्छी बात है। यदि गृहमंत्री की घोषणा पूर्णतः सत्य है तो यह इस शासन की विशेष उपलब्धि है, किंतु इस उपलब्धि के साथ बाद में कोई किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। भविष्य में कहीं ऐसा कुछ सुनने या पढ़ने को न मिल जाये कि नक्सलियों का उन्मूलन बड़े पूंजीपतियों के दबाव में उन वनों के भौतिक-औद्योगिक उपयोग के लिए किया गया है, जहां ऐसे पूंजीपति अपनी नवीन महत्वाकांक्षी परियोजनाएं आरंभ करना चाहते हैं। नक्सल-समस्या से तो देश मुक्त हो चुका है, किंतु वैश्विक ऊर्जा व आपूर्ति संकट से घिर चुका है। इसके अतिरिक्त देश में बहुत-सी ऐसी समस्याएं हैं, जो केवल और केवल सामान्य मानव के स्तर पर जीवन जीकर ही अनुभव की जा सकती हैं। जब भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक रूप में विपक्ष में थी और उसकी बड़ी शासकीय स्थापना नहीं थी, तो प्रायः वह कांग्रेस तथा अन्य सत्तारूढ़ दलों पर अनेक आरोप लगाया करती थी।

विमर्श

देश की समस्याओं का समाधान नहीं करने के लिए। भाजपा का तत्कालीन सत्ताधारी दलों से प्रश्न करना कभी नहीं रुका, जो उचित भी था क्योंकि वह विपक्ष में थी तो प्रश्न पूछना बनता था। सत्ताधारी दलों की मनमानी और समस्याओं का समाधान न करने की प्रवृत्ति भी ज्यों की त्यों बनी रही।

वर्तमान में तो अधिकांश राज्यों या कहें देश के बड़े हिस्से में भाजपा की सरकार है और जहां भाजपा की सरकार है वहां एक तरह से डबल इंजन की सरकार है क्योंकि केंद्र में तो भाजपा 2014 से लगातार काबिज है। इस समय वह 20 प्रदेशों तथा 2 केंद्रशासित प्रदेशों में सत्तारूढ़ है। वह केवल 8 प्रदेशों व 6 केंद्रशासित प्रदेशों में सत्ता में नहीं है। इसके बाद भी अनेक सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याएं बनी हुई हैं और हर नये दिवस में पहले से अधिक विकराल हो रही हैं। जम्मू एवं कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर तथा दक्षिण भारतीय राज्यों की सीमाओं के समीप स्थित पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका तथा म्यांमार के माध्यम से भारत में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न की जाती रही हैं। इन देशों से भारत के अंदर अवैध घुसपैठियों का निरंतर प्रवेश हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में अवैध घुसपैठियों को पकड़ने का व्यापक अभियान चलाया गया था। अप्रैल 2025 के बाद से लेकर आज तक इस अभियान के अंतर्गत केवल 4000 अवैध प्रवासियों को बाहर निकाला गया है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से लेकर भाजपा के नेतृत्व में संसद से लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों एवं जानकारों तक ने जो आंकड़े दिए हैं, उसके अनुसार देश में अवैध रूप में रह रहे विदेशी लोगों की संख्या 1.50 से 2 करोड़ के बीच हो सकती है। इनमें सर्वाधिक बांग्लादेशी हैं। इन डेढ़-दो करोड़ अवैध लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए शासन ने पैन कार्ड, बैंक खाता, आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट तथा अन्य विभिन्न प्रकार की पहचान प्रकट करने वाले पत्रों के अद्यतन की प्रक्रिया को अत्यंत जटिल बना दिया है। अवैध लोग इस प्रक्रिया से समस्याग्रस्त हों न हों, किंतु भारत के मूल नागरिकों को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए भीषण संघर्ष करना पड़ रहा है। पता नहीं शासन का वास्तविक, प्रामाणिक तथा भारतीय मूल नागरिकों के लिए चलाया जा रहा जनगणना कार्य कब तक संपन्न होगा। जिस देश की डेढ़ अरब जनसंख्या की भीड़ में अभी तक मूल व बाहरी नागरिकों की पहचान स्पष्ट नहीं है, वहां आर्थिक, सामाजिक, प्राकृतिक, शासकीय-प्रशासकीय समस्याओं का निस्तारण किस आधार पर ईमानदारी से होगा, यह स्वयं में बड़ा प्रश्न है। कोरोना जैसी महा आपदा से भारत और दुनिया उबरी ही थी, कि उसके बाद पश्चिमी यूरोप में आरंभ हुए, रूस एवं यूक्रेन के, अभी तक चल रहे युद्ध ने चारों ओर समस्याएं बढ़ायी हैं। अब अमरीका-इजरायल बनाम ईरान के युद्ध में मध्य पूर्व के अरब एवं खाड़ी देशों के समुद्री मार्गों से विश्व को होने वाली तेल-गैस की आपूर्ति में जो बाधाएं उत्पन्न हुईं एवं निरंतर उत्पन्न हो रही हैं, उन्होंने समस्याओं की धुरी को आर्थिक विपन्नता की ओर मोड़ दिया है। भारत इस स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित है। फरवरी 2026 में विश्व की चतुर्थ आर्थिक शक्ति रहा भारत अब मई 2026 में छठवें एवं सातवें क्रम पर आ गया है। जिस देश में धन-संसाधन तथा समृद्धि केवल कुछ बड़े लोगों एवं संस्थाओं तक सीमित होगी, वहां आर्थिक मंदी का ऐसा ही दुष्प्रभाव होगा। यदि यह मान लें कि अमरीका एवं चीन की भी जनसंख्या विश्व में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय क्रम पर सर्वाधिक है, किंतु ऐसा मानते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि इनकी जीडीपी शेष आर्थिक शक्तियों- जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस तथा भारत की तुलना बहुत अधिक है। इससे यह बात स्पष्ट हो रही है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था काफी हद तक द्वि-ध्रुवीय (अमरीका-चीन) है। अतः इससे सिद्ध होता है कि इन दो देशों की जनसंख्या की व्यक्तिगत आर्थिक संपन्नता अधिक संतुलित है।

व्यक्तिगत आर्थिक संपन्नता का संतुलन तो जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस का भी उचित ही है, क्योंकि इन देशों की जनसंख्या उनकी जीडीपी की तुलना में अत्यधिक कम है। केवल भारत ही अपवाद स्वरूप है, जिसकी जनसंख्या भी विश्व में सर्वाधिक है, और जनसंख्या में कितने मूल नागरिक हैं, कितने अवैध घुसपैठिए हैं, इसका आंकड़ा भी शासन के पास नहीं है। भारत के सामने चुनौती जटिल है। आयात पर निर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा, अत्यधिक आबादी, गरीबी और आर्थिक विषमता हमारी बड़ी कमजोरी है। इन चुनौतियों का समाधान किये बिना विकसित भारत की राह में बाधाएं आती रहेंगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

> भारत के सामने चुनौती जटिल है। आयात पर निर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा, अत्यधिक आबादी, गरीबी और आर्थिक विषमता हमारी बड़ी कमजोरी है। इन चुनौतियों का समाधान किये बिना विकसित भारत की राह में बाधाएं आती रहेंगी।

सोशल मीडिया

आ.पीएम के मन की बात कार्यक्रम में बस्ती जिले में मनोरमा नदी के पुनरुत्थान कार्य का उल्लेख समस्त प्रदेश वासियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और गौरव का विषय है। सीएम योगी.

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'एक राष्ट्र एक समान कानून' की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा, यूसीसी संविधान में निहित समान अधिकार व न्याय की भावना का संकल्प है। केशवप्र.

वेदांत और उसके मित्र प्रतिभाशाली, साहसी युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से कुछ सीधे-साधे सवाल पूछे लेकिन जवाबों की जगह अपमान उन्हें मिला। राहुल गांधी

वन्यजीवनःविलुप्त होने की कगार पर घड़ियाल

पर्यावरण/पारिस्थितकी

के.पी.सिंह

घड़ियाल क्रोकोडिलिया गण का जीव है। इस गण के अंतर्गत चार प्रमुख प्राणी आते हैं- एलीगेटर, कैमान, मगर और घड़ियाल। इनमें से घड़ियाल एकमात्र ऐसा जीव हैं, जो भारतीय उपमहाद्वीप के अतिरिक्त कहीं भी नहीं पाया जाता। यह भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और बर्मा की प्रमुख नदियों तथा झीलों में ही देखने को मिलता है। भारत में यह गंगा, महानदी, चम्बल, सिन्धु, ब्रह्मपुत्र तथा इरावती नदी और इसकी सहायक नदियों तथा चिल्का झील में पाया जाता है। जीव वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इसका इतिहास और सामाजिक जीवन मगर के समान होना चाहिए। घड़ियाल की शारीरिक संरचना मगर के समान ही होती है, किंतु अपने लंबे थूथुन के कारण यह अलग से पहचाना जा सकता है। सामान्यतया घड़ियाल की लंबाई चार मीटर से छः मीटर तक होती है। इसके शरीर का रंग जैतूनी हरा होता है एवं इस पर गहरे रंग के निशान होते हैं। घड़ियाल के शरीर के ऊपरी भाग पर कठोर शल्कों का आवरण होता है। इसका थूथुन लंबा और पतला होता है। इसकी लंबाई मस्तक की चैड़ाई की लगभग छः गुनी होती है। नर घड़ियाल के थूथुन के सिरे पर एक घड़ा सा होता है। इसी घड़े के कारण इसे घड़ियाल कहा जाता है। नर और मादा घड़ियाल की संरचना एक जैसी होती है, किंतु मादा के थूथुन पर घड़ा नहीं होता।

घड़ियाल के थूथुन के अंत में नथुने होते हैं एव नर घड़ियाल की नाक कुछ फूली हुई होती है। इसे यह नथुने बंद कर लेने के बाद गुब्बारे की तरह फुलाकर घड़े जैसा कर लेता है। घड़ियाल के मुंह में ऊपर के जबड़ों में दोनों तरफ 29-29 दांत एवं नीचे के जबड़े में 26-26 दांत होते हैं। इसके सभी दांत लगभग एक जैसे और समान आकार के होते हैं। घड़ियाल के दांत इस प्रकार के होते हैं कि दोनों जबड़ों के बंद कर लेने पर इस प्रकार मिल जाते हैं कि इसके मुंह में फंसी हुई छोटी सी मछली भी बाहर नहीं निकल सकती। घड़ियाल के आगे के पैरों में पांच-पांच उंगलियां और पीछे के पैरों में चार-चार उंगलियां होती हैं एवं उंगलियों में तेज नाखून होते हैं। घड़ियाल के पिछले पैरों की उंगलियों के मध्य मजबूत झिल्ली होती है, जो तैरने में इसे विशेष सहायता देती है। घड़ियाल का प्रमुख भोजन मछली है। इसके साथ ही यह मगर के समान छोटे-छोटे स्तनपायी जीवों, जलीय पक्षियों तथा कछुओं आदि का भी शिकार करता है। सामान्यतया घड़ियाल मानव से डरता है, किंतु कभी-कभी यह मानव पर आक्रमण भी कर देता है। घड़ियाल के शिकार करने का ढंग, मगर से पूरी तरह से भिन्न है। घड़ियाल शिकार की तलाश में पानी के भीतर अपनी आंखें और नथुने बाहर किये हुए तैरता रहता है और जैसे ही शिकार के निकट पहुंचता है, अपनी आंखों को बंद करके सिर पानी के भीतर कर लेता है। अब केवल इसके नथुने ही पानी के बाहर रह जाते हैं। इस तरह शिकार इसे देख नहीं पाता और यह उसके और निकट पहुंच जाता है। अचानक इसके जबड़े पानी के भीतर खुलते हैं और शिकार को दबोच लेते हैं। घड़ियाल के पेट से अनेक बार स्त्रियों के आभूषण निकले हैं। इससे लोगों की यह धारणा बन गयी है कि घड़ियाल आदमखोर होता है। वास्तव में यह धारणा भ्रमपूर्ण है। घड़ियाल मानव से डरता है, लेकिन यह मानव की सड़ी-गली लाशें अवश्य खाता है।

समागम काल में नर घड़ियाल मादा को आकर्षित करने के लिये इसी घड़े से एक विशेष प्रकार की लययुक्त ध्वनि निकालता है। इस आवाज को सुनकर मादा नर के निकट पहुंच जाती है। मगर के समान घड़ियाल भी पानी के भीतर समागम करता है। समागम के पश्चात मादा घड़ियाल पानी के बाहर, रेत में गड्ढ़ा बनाकर 40 से 60 तक अंडे देती है और उन्हें रेत से ढंक देती है। इसके अंडों की लंबाई लगभग 9 सेंटीमीटर तथा चैड़ाई 6 सेंटीमीटर होती है। अंडों से बच्चे निकलते हैं। जन्म के समय इनका रंग धूसर हरा और लंबाई 35 से 40 सेंटीमीटर के मध्य होती है। बच्चों को, जन्म के तुरंत बाद मादा पानी में ले जाती है और पालन-पोषण के साथ ही इनकी सुरक्षा का कार्य करती है। मादा घड़ियाल हमेशा रेत के गड्ढ़े में अंडे देती है। अंडों से बच्चे निकलने के बाद, मादा इन्हें गड्ढ़े से बाहर विशेष सहयोग देती है। वह उन्हें अपने पंजों से सहारा देकर गड्ढ़े से बाहर निकालती है और एक-एक करके सभी को पानी में ले जाती है। घड़ियाल के बच्चे पानी में भी एक लंबे समय तक मां के साथ रहते हैं। वे कभी-कभी कुछ दूर भी चले जाते हैं, किंतु खतरे का आभास होते ही तुरंत आकार मां की पीठ पर सवार हो जाते हैं।

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रैंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

हानिकारक आवेग

अंतर्दृष्टि

कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

सड़क वही जो फाड़ने के काम आये

व्यंग्यलोक

रामविलास जॉगिड़

सड़कें फाड़ना राष्ट्रीय कर्तव्य है। मैं राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है। आपकी भुजाएं फड़कने लगती है।

आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए।

आप की बात

अमीरी-गरीबी की खाई

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है।

विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.

जनता को चाहिए राहत

चुनावी मौसम में सब कुछ फ्री लुटाने पर आमादा रहती हैं सरकारें। लेकिन चुनाव के बाद जनता की तरफ घूमकर देखना भी नहीं चाहती है। जबकि जनता हमेशा महंगाई में पिसती रहती है। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार में हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। मोदी सरकार ने राजनीतिक विरोध के बीच सख्त आर्थिक फैसले किये हैं।

विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

ई- रिक्शा चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बांदा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले आरोपी को सूचना के छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद हुआ है।

शनिवार को थाना कोतवाली देहात के ग्राम गुरेह के रहने वाले दीपक पुत्र महावीर ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर दी। कहा कि वह अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आया था। यहां से किसी ने उसका ई-रिक्शा चोरी कर लिया है। थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी को टीमों का गठन किया गया। चैकी प्रभारी जिला अस्पताल रामू सिंह ने बताया कि देर रात्रि सूचना के छह घंटे के भीतर आरोपी हाशिम पुत्र शकूर खान निवासी मोहल्ला खुटला थाना कोतवाली नगर की पहचान करते हुए उसे रेलवे मालगोदाम के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से चोरी की ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। बबेरू कस्बे के बांदा रोड में 40 वर्षीय व्यक्ति ने बाथरूम मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बबेरू कस्बे के बांदा रोड निवासी 40 वर्षीय विनय कुमार पुत्र बच्चा प्रसाद ने रविवार की सुबह अपने बाथरूम पर लगी खूंटी में कपड़े के नाड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। काफी देर तक जब विनय बाथरूम के बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ कर देखा तो विनय फांसी के फंदे पर लटका था। परिजनों ने नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के बड़े भाई विनीत ने बताया कि विनय कुमार बेरोजगार था। रोडवेज बस स्टैंड के पास ताला चाबी बनाने का काम पिता के साथ मिलकर करता था।

अलोना गांव में एचटी लाइन टूटी, आपूर्ति बाधित

बांदा। पैलानी तहसील के अलोना गांव में पिछले दो दिनों पूर्व आए आंधी-पानी के दौरान एचटी लाइन विद्युत केबल टूट गयी। पिछले चार दिनों से गांव की विद्युत आपूर्ति बंद है। पेयजल संकट के साथ-साथ शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। ग्रामीण उपभोक्ताओं का आरोप है कि आज तक विभाग का कोई कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा। ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता ने कहा है कि विद्युत व्यवस्था का सुधार नहीं होने से पेयजल संकट खड़ा है।

पांच सौ स्थानों पर चला सामूहिक स्वच्छता अभियान

अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि जब पूरा समाज मिलकर स्वच्छता के लिए आगे आता है, तब शहर की तस्वीर बदल जाती हैं। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र के लगभग पांच सौ स्थानों पर एक साथ सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें 25 हजार नगर वासियों ने हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में भागीदारी के लिए 60 वार्डों के 54 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नगर के सभी 60 वार्डों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।

सेनिटरी-टाइल्स गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

आग बुझाने में दमकल विभाग की फूली सांसें, 12 घंटे की मशक्कत के बाद बुझी

जिला संवाददाता

ललितपुर। नगर में इन दिनों लगातार आग लगने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों में आग की लगातार घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें लाखों का माल जलकर खाक हो गया था। अब फिर से एक व्यापारी की गोदाम में आग ने लाखों रुपए का माल खाक कर दिया।शहर के झांसी मार्ग स्थित नवीन गल्ला मंडी के सामने एक सेनिटरी और टाइल्स गोदाम में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। आग

- पांच दमकल गाड़ियों ने 30 से अधिक बार भरा पानी

इतनी विकराल थी कि उसे पूरी तरह बुझाने में दमकल विभाग को करीब 12 घंटे तक लगातार मशक्कत करनी पड़ी।

इस अग्निकांड में गोदाम में रखा लाखों रुपयों का टाइल्स, सेनिटरी और अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देर रात से लेकर रविवार सुबह तक बचाव एवं राहत कार्य चलता रहा। घंटाघर निवासी आकाश गुप्ता का झांसी रोड पर नवीन गल्ला मंडी के सामने सेनिटरी एवं टाइल्स का बड़ा

गोदाम है। शनिवार रात करीब 9.30 बजे वह रोजाना की तरह गोदाम बंद कर अपने घर चले गए थे। लगभग आधे घंटे बाद रात करीब 10 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके गोदाम से धुआं और आग की लपटें निकल रही हैं। सूचना मिलते ही आकाश गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को जानकारी दी। आग की भयावह स्थिति देखकर वह सदमे में आ गए और उनकी तबीयत बिगड़ गई। बताया जाता है कि वह बेहोश हो गए, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

दमकल की शुरूआती कोशिशें नाकाम, बढ़ती गयी आग

घटना की सूचना पर दमकल विभाग की दो गाडि ?ां तत्काल मौके पर पहुंचीं, लेकिन गोदाम के अंदर रखे भारी मात्रा में ज्वलनशील पैकिंग सामग्री और अन्य सामान के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं और आसपास के व्यापारियों तथा स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। गोदाम के भीतर पानी पहुंचाने में दिक्कत होने के कारण जेसीबी मशीन बुलाकर गोदाम की दीवार तोड़ी गई, ताकि अंदर तक पानी डाला जा सके।

बजाज पावर प्लांट और महरौनी से बुलानी पड़ी अतिरिक्त दमकल

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त संसाधन जुटाए। आग बुझाने के लिए बजाज पावर प्लांट और महरौनी से भी दमकल वाहन बुलाए गए। कुल पांच दमकल गाडि ?ों ने मोर्चा संभाला और लगातार कई घंटों तक आग बुझाने का अभियान चलाया। दमकल कर्मियों ने 30 से अधिक बार पानी भरकर आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया। रातभर चले अभियान के बाद रविवार सुबह आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने भी दमकल कर्मियों की सहायता की। समय रहते आग को आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

मन की बात में राष्ट्रसेवा व जन कल्याण की मिलती हैं प्रेरणाः प्रकाश द्विवेदी

बांदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134वें संस्करण को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जिले के सभी बूथों में सुना गया। उन्होंने

- बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

विकसित भारत के संकल्प, आत्मनिर्भरता, जन भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद, नवाचार देश के राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे प्रेरणादायी व्यक्तियों का उल्लेख किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बिसंडा मंडल के खुरंहड स्थित आवास के बूथ संख्या 242 में मन की बात सुनी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के तुलसीनगर स्थित बूथ संख्या 191 में मन की बात सुनी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बांदा दक्षिणी मंडल के गुलाबबाग खाईंपार के बूथ संख्या 105 में मोदी जी के मन की बात सुनी। इसी तरह बबेरू, कमासिन, नरैनी, तिंदवारी, पैलानी, जसपुरा क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारियों ने पीएम के मन की बात कार्यकताओं के साथ सुनी।

यातायात नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा

जिला संवाददाता

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय के कुशल पर्यवेक्षण में यातायातमुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ₹ड्रंक एण्ड ड्राइव₹ के तहत जिलेभर में सघन चेकिंग और कार्रवाई जारी है। अभियान के दौरान प्रमुख टोल प्लाजा एवं स्थानों पर पकड़े गए नियमभंग करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाये गए।अभियान का संचालन और जांच जिंदपुर टोल प्लाजा पर क्षेत्राधिकार यातायात प्रगति यादव की उपस्थिति में यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक बृजेंद्रकुमार राय एवं यातायात पुलिस की टीम ने नशे की स्थिति में वाहन संचालन की रोकी-टोकी और सैम्पलिंग की।बड़ौरी टोल प्लाजा पर टीएसआई लालजी सविता की टीम ने चलती वाहनों की जांच कर आवश्यक रिपोर्ट तैयार की।काटोघन टोल प्लाजा पर खागा सीसी टीम प्रभारी कृष्ण कुमार यादव तथा टीएसआई रामानन्द ने संयुक्त रूप से वाहन चालकों की तलाशी और ड्राइवरों के

नशे की स्थिति की जाँच की।किये गए प्रवर्तन एजक्शनड्रंक एण्ड ड्राइव अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले विभिन्न चालकों के विरुद्ध 20 ई-चालान जारी कर कुल ?2,00,000 का जुर्माना वसूला गया।

अलावा इसके बिना नंबर प्लेट के भारी मालवाहक वाहनों के 18 ई-चालान जारी कर कुल ?1,40,000 का जुर्माना लगाया गया।प्रभाव और पुलिस का कहना है कि यह अभियान सड़क सुरक्षा बढ़ाने, दुर्घटनाओं की संख्या घटाने और बेवजह हो रहे जनहानि को रोकने की दिशा में निरंतर जारी रहेगा।

अभियान के दौरान मिली प्रवर्तनात्मक सफलता से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि नशे में वाहन चलाना जिले में सहन नहीं किया जाएगा।पुलिस ने आमजन से विशेष अपील की हैः यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं, और तेज रफ्तार व लापरवाही से बचें। साथ ही वाहन के आवश्यक कागजात और नंबर प्लेट हमेशा सही रखें ताकि आप स्वयं और अन्य सुरक्षित रह सकें।आगामी कदम यातायात विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे अभियान अनियमित अंतराल पर जारी रहेंगे तथा जिन क्षेत्रों में नियम उल्लंघन अधिक पाए जाते हैं, वहाँ पर विशेष निगरानी और कठोर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने यह भी कहा कि जागरूकता बढ़ाने हेतु जनहित कार्यक्रम और सड़क सुरक्षा शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

राशन मांगने पर दलित युवक से मारपीट कोटेदार समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम मिदरवाहा में सरकारी राशन मांगने गए एक दलित युवक के साथ कथित रूप से मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कोटेदार सहित तीन नामजद एवं दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी (सीओ) महरौनी को सौंपी गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम मिदरवाहा निवासी दीपचन्द्र अहिरवार (35) पुत्र हृदये अहिरवार ने बताया कि वह 29 मई को गांव के कोटेदार विजयपाल के यहां राशन लेने गया था। आरोप है कि कोटेदार ने उसे राशन देने से मना कर दिया। जब उसने इस संबंध में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) से शिकायत करने की बात कही तो कोटेदार विजयपाल और उसके पुत्र संदीप ने कथित रूप से नाराज होकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया तथा धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद जब वह वापस अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में संदीप, बिट्टू राजा पुत्र कल्लूराजा तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उसे घेरकर जातिसूचक गालियां दीं और शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। विरोध करने पर उसके साथ लाठी-डंडों और लात-घूसों से मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उसे थाने या अन्य किसी अधिकारी से शिकायत न करने तथा गांव छोड़ देने की भी धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने महरौनी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी, जिस पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में विजयपाल, संदीप, बिट्टू राजा एवं दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 126(2), 351(3) एवं 352 के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(द), 3(1)(घ) और 3(2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए विवेचना सीओ महरौनी को सौंपी गई है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

ललितपुर। 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है, इस दिन का उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यानाकर्षित करना हैं जो वर्तमान में दुनिया भर में हर साल कई लाख से अधिक मौतो का कारण बनता है ।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अमित तिवारी ने बताया कि तम्बाकू एवं उसके उत्पाद शरीर के लिये अत्यन्त घातक होते है तम्बाकू के

- तंबाकू मुक्त समाज बनाने का दिलाया गया संकल्प
- हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण और जनजागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लोगों को किया गया जागरूक

सेवन से मुंह, फेफडे एवं गले का कैंसर हृदय रोग, लकवा एवं श्वांस से सम्बन्धित बीमारियाँ हो सकती है। उन्होने जनपद के सभी नागरिको से तम्बाकू एवं उसके उत्पादों का सेवन छोडने की अपील की।

जनपद सलाहकार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा० रूद्रप्रताप सिंह बुन्देला ने बताया कि तम्बाकू एवं उसके उत्पादों का सेवन रोकने के लिये जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य महाविद्यालय ललितपुर के कक्ष क्रमांक 4 में तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है इसके अलावा टोल फ्री नं0 1800 112356 पर विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा सकता है। उन्होने यह भी जानकारी दी कि सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों जैसे सभागार, अस्पताल, रेल्वे स्टेशन, प्रतिक्षालय, रेस्टोरेंट, शिक्षण संस्थानों एवं अन्य कार्यस्थलों में धूम्रपान करना निषेध है इन स्थानों पर धूम्रपान करते हुये पकडे जाने पर रू० 200 तक का जुमार्ना किया जा सकता है। तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापनों पर पूरी तरह से रोक है। 18 वर्ष से कम व्यक्ति के द्वारा तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित है। किसी भी शैक्षिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादो की बिकी मना है। तम्बाकू उत्पादों के पैकेट पर सचित्र एवं लिखित चेतावनी अनिवार्य है ।

डिस्ट्रिक पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा० सौरभ सक्सेना ने बताया कि तम्बाकू मुंह व फेफडों के कैंसर का प्रमुख कारण है। इस बुरी आदत को छोडना व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिये बहुत जरूरी है। तम्बाकू का सेवन छोडने के फायदों की जानकारी देते हुये उन्होने बताया कि इससे हृदय की धडकन व रक्तचाप का सामान्य होता है, रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा बढती है।

तम्बाकू का सेवन छोडने से विभिन्न प्रकार के कैंसर, हृदयघात सहित कई तरह की गम्भीर बीमारियों का खतरा कम होता है। हम सभी जनमानस को तम्बाकू के विरूद्ध इस लडाई में सक्रिय रूप से भागीदारी करने की आवश्यकता है तभी हम तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण कर सकते है।

कांग्रेस व सपा कार्यालय में मनायी गयी महारानी अहिल्याबाई की जयंती

बांदा। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में समाज में न्याय धर्म एवं समर्पण की प्रतीक अमर वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती हर्षोल्लास के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेस जनों ने मनाई। इसी तरह समाजवादी पार्टी कार्यालय में जयंती का आयोजन हुआ।

रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के चैड़ी नामक ग्राम में हुआ था। 12 वर्ष की अवस्था में उनका विवाह हो गया और 19 वर्ष की अवस्था में उनके पति की मृत्यु हो गई। उन्होंने मराठा साम्राज्य की बागडोर अपने हाथ में ली और शासक बनी उनके शासनकाल में महिलाओं की एक विशाल सेना का गठन किया गया। इन्होंने युद्ध में अपने कौशल का परिचय भी दिया। अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थानों का जीर्णोद्धार कराया। जन कल्याणकारी अनेक ऐसे कार्य किए गए जिनकी वजह से आज भी लोग उनको याद करते हैं। जयंती के अवसर पर जिला महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, जिला सचिव हेमंत कुमार वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय शुक्ला, बी लाल भाई, संतोष कुमार द्विवेदी, राजबहादुर गुप्ता, आरिफ निजामी, लालबाबू राजपूत, सैय्यद वारिस अली, इस्लाम उपस्थित रहे। इसी तरह समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा में हिंदू धर्म की रक्षक और महिला सशक्तिकरण की प्रबल हस्ताक्षर महान वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष मसूदन कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बाला पाल रहे। बाबा वाहिनी के सुमन दिवाकर, रामलाल प्रजापति, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। संचालन नंदकिशोर यादव ने किया। इस दौरान शिवकरण पाल, एजाज खान, लालमन यादव, शनि गुप्ता, जाटव, पुष्पेंद्र चुनाले, राजबहादुर कुशवाहा, मुन्ना पटेल, द्वारिका यादव, अवध बिहारी यादव, इरफान खान, कुतैबा जमा आदि रहे।

सपा कार्यालय में मनाई गयी अहिल्याबाई की जयंती

फतेहपुर आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती का आयोजन किया गया चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात एक गोष्ठी की गई जिसमें जयंती कार्यक्रम के अध्यक्ष एव बाबा साहेब वाहिनी के जिला अध्यक्ष डा अमित पाल ने राजमाता के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी जिला अध्यक्ष ने बताया के राजमाता ने अपने पूरे जीवन काल में शासक रही महिला सशक्ति को बढ़ावा देने असाधारण प्रशासनिक कौशल की मिसाल रहीं, डा अमित पाल ने बताया अपने अद्वितीय परोपकारिता के लिए लोकमाता जनता की माता के रूप में जानी जाती हैं उन्होंने सैकड़ों मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण या जीर्णोद्धार किया, जिनमें वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर और सोमनाथ मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया ।

सीओ ने बी-एड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार सिंह द्वारा बीएड प्रवेश परीक्षा को शुचिता पूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई। साथ ही ड्यूटीरत पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी निर्वहन करने एवं परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

गाजीपुर में धर्मांतरण की आशंका पर पुलिस छापा

फतेहपुर । जनपद के गाजीपुर कस्बा में सीधे-साधे लोगों को प्रलोभन देकर हिंदू धर्म छोड़ ईसाई धर्म अपनाने के लिए होने वाली प्रार्थना सभा पर आज अचानक पुलिस का छापा पड़ गया।जनसेवक धर्मेंद्र सिंह द्वारा की गई शिकायत के बाद वो पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे जहां डेढ दर्जन के करीब लोग मिले इनमें महिला,पुरुष एवं छोटे बच्चे भी शामिल हैं जिन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था।मौके पर ईसाई साहित्य मिला है।लोगों ने बताया भी है कि उन्हें सूरज गुप्ता निवासी गाजीपुर द्वारा बुलाया जा रहा था।लोग यहां एक साल से आ रहे हैं।खबर है कि सूरज गुप्ता एवं उनके पिता सुरेश गुप्ता द्वारा धर्म परिवर्तन का खेल कई सालों से खेला जा रहा है।पुलिस सभी को थाने ले गई है।क्षेत्र के बंवारा निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने गाजीपुर थाना में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की तहरीर दी है।घर परिवर्तन के चल रहे गोरख धंधे से स्थानीय पुलिस सहित खुफिया तंत्र अंजन रहा है।कयास लगाए जा रहे हैं कि लंबे समय से चल रहे धर्म परिवर्तन के इस खेल से पिता पुत्र की जोड़ी में न जाने कितनों को ईसाई धर्म कबूल कर दिया।

चेकिंग अभियान में दो सैकड़ा वाहनों का चालान

बांदा। क्षेत्राधिकारी यातायात सौरभ सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ विभिन्न प्रमुख चैराहों, मार्गों पर व्यापक जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान मवई बाईपास, महोखर बाईपास चैराहे पर वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगे हूटर, सायरन, काली फिल्म, दो पहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 200 से अधिक वाहनों का चालान किया गया। यातायात प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। चेकिंग अभियान के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बसपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी जिला स्तरीय मीटिंग बैठक नई तहसील चौराहे के निकट किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी फतेहपुर ने किया,राज माता धर्म निरपेक्ष साहसी साशक,अहिल्या बाई होल्कर, के पार्क में राज माता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती धूमधाम से हार्दिक दिल से सभी लोगों ने मनाईऔर पुष्पांजली अर्पित करते हुए संकल्प लिया कि जिस तरह 1996 में पाल समाज से विधायक बनाया है उसी तरह से 2027 में पाल समाज का विधायक बनाएंगे तथा और उनके बताए गए निदेर्शों पर कार्य करेंगे तथा बहुजन समाज पार्टी के संगठन की समीक्षा सभीविधानसभाओ की गई और सभी सेक्टर की सूची एक सप्ताह में जमा करने के लिए कहा गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ मदन राम गौतम प्रोफेशर मुख्य मंडल प्रभारी प्रयागराज व मा सतीश जाटव मा चिंतामणि वर्मा, मा मुरली धर एडवोकेट पूर्व विधायक विवेक कुमार माधुरे मो हाशिम मो आसिफ अब्दुल गनी रहमान,सिपाही लाल यादव सूर्यपाल लोधी चंदन सिंह लोधी प्रताप पाल शत्रुघ्न पाल धर्मपाल पाल रामशंकर पाल सूर्यभवन फौजी रमेश गौतम,प्रबुद्ध कुमार गौतम,सतीश पासी,हेमराज वर्मा,चेतराम गौतम ललित गौतम, संतोषकुमार गौतम, एम पी भास्कर, रामसिरोमन गिहार,राम हित प्रियदर्शी अशोक कुमार कोरी सुरेश कुमार पेशकार रामौतार व अन्य लोग मौजूद रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर दिलायी गयी शपथ

बांदा। जनपद के पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन सहित समस्त थानों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने, अपने कार्यस्थलं आसपास के वातावरण को तंबाकू मुक्त बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक ने पुलिस लाइन में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को तंबाकू उत्पादों के सेवन एवं धूम्रपान से दूर रहने, समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह ने पुलिस कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाते हुए इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला।

अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

ललितपुर। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयन्ती पर तालबेहट में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर पाल समाज के जिलाध्यक्ष इंजी. बी.के.पाल ने 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक रामरतन कुशवाहा ने आश्वास्त किया कि निमार्णाधीन पाल भवन के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जब जनता का प्यार मिलता है तो जिम्मेवारियां भी बढ़ जाती हैं। क्षेत्रीय जनता का प्यार और कार्यों को प्राथमिकता देने के कारण उन्हें विधानसभा में सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। इस स्थान के कारण जिम्मेवारियां और भी बढ़ गयी हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी राजनेता अपनी जाति के बल पर चुनाव नहीं जीत सकता है। सभी जातियों के सहयोग से चुनाव जीता जा सकता है। उन्होंने पाल समाज द्वारा दिये गये चार सूत्रीय ज्ञापन पर कहा कि निमार्णाधीन पाल भवन के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। ग्राम मैनवार (जखौरा) में सिद्ध बाबा तक के ढ़ाई किलोमीटर सड़क मार्ग का इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कराया जायेगा।

झाड़ू कैमरे के लिए, गंदगी जनता के लिए

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में इन दिनों स्वच्छता का ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति केवल तस्वीरें देख ले तो उसे लगे कि शहर ने सीधे सिंगापुर की स्वच्छता व्यवस्था को चुनौती दे दी है। हर रविवार हर परिवार करे गंदगी पर प्रहार अभियान के तहत नेता और अधिकारी चमचमाती सड़कों पर झाड़ू चलाते और धूल हटाते दिखाई दिए। यहां फर्क बस इतना है कि झाड़ू से ज्यादा मेहनत कैमरे और फोटोग्राफर करते नजर आते हैं। रामपथ और मुख्य मार्गों पर सफाई का ऐसा श्रृंगार किया गया है कि मानो गंदगी को वहां प्रवेश करने के लिए विशेष अनुमति लेनी पड़े।

संक्षेप

एशियन पेंट्स ने पेश की ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन में एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी

नई दिल्ली। आज के मकान मालिक ऐसे घर चाहते हैं जो न केवल देखने में सुंदर हों बल्कि आरामदायक भी हों और वर्षों तक टिकाऊ बने रहें। एशियन पेंट्स ने अपने लोकप्रिय ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन में एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी पेश की है। इसके अलावा, ये प्रोडक्ट्स प्रर्फॉर्मेंस पर 4 साल की वारंटी प्रदान करते हैं, जिससे एक ही प्रोडक्ट में टिकाऊ प्रदर्शन और बेहतर मूल्य मिलता है। एशियन पेंट्स के दो सबसे भरोसेमंद और व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले ब्रांड, ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन, इकोनॉमी सेगमेंट में भरोसेमंद गुणवत्ता और मूल्य प्रदान करके घर के मालिकों, डीलरों और ठेकेदारों का विश्वास अर्जित कर चुके हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए-नए उत्पाद पेश किए हैं। इनमें ट्रैक्टर और ऐस स्पार्क रेंज शामिल हैं, जो बेहतर मूल्य प्रदान करती हैं और ट्रैक्टर और ऐस शाइन रेंज, जो घरों को किफायती कीमत पर चमकदार फिनिश प्रदान करती हैं।

करिश्मा कपूर जी5 के नॉयर थ्रिलर 'ब्राउन' में मुख्य भूमिका में

नई दिल्ली। जी5 ने आज अपनी नई वेब सीरीज ब्राउन का ऐलान किया, जो कोलकाता की रहस्यमयी और अंधेरी गलियों में आधारित एक सस्पेंस से भरपूर नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर है। इस सीरीज में करिश्मा कपूर अब तक के अपने सबसे दमदार और अलग अंदाज में नजर आएंगी। उनके साथ अहम किरदारों में सूर्या शर्मा, जिशु सेनगुप्ता और सोनी राजदान भी दिखाई देंगे। सीरीज का निर्देशन अभिनय देव ने किया है और इसका निर्माण जी स्टूडियोज द्वारा किया गया है, ब्राउन का प्रीमियर 5 जून को विशेष रूप से हिंदी में जी5 पर होगा। इस सीरीज में करिश्मा कपूर, जिशु सेनगुप्ता, सूर्य शर्मा, सोनी राजदान, अजिंक्य देवो और अन्य प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

माँ है ना का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। माँ है ना का ट्रेलर रिलीज हो चुका है – और यह ड्रामा, हँसी और दिल को छू लेने वाले भावनात्मक पलों से भरपूर है ! जी5 का यह नया नॉन-फिक्शन ओरिजिनल कॉमेडी कुकिंग शो छह जेन जी प्रतिभागियों को उनकी माताओं के साथ जोड़ता है, जहाँ वे एक अनिश्चित और ऊर्जावान किचन मुकाबले में हिस्सा लेते हैं। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा की मेजबानी में, दर्शकों को कॉमेडी, अफरा-तफरी, भावनात्मक यादों और भरपूर दबाव का मिश्रण देखने को मिलेगा, क्योंकि प्रतिभागी अपने आरामदायक दायरे से बाहर निकलते हैं। यह लिल फ्रोडो प्रोडक्शन का शो 12 जून 2026 और 19 जून 2026 को रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें हर हफ्ते 5 एपिसोड प्रसारित किए जाएंगे।

सनश्योर एनर्जी ने किया 105 मेगावाट पीक सोलर संयंत्र का किया कमीशन

नई दिल्ली। सनश्योर एनर्जी ने आज घोषणा की कि उसने महोबा जिले में 105 मेगावाट पीक क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट को पीपीए साइन होने के रिकॉर्ड 4 महीनों के भीतर चालू कर दिया है। यह प्रोजेक्ट राज्य सरकार की ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-परियोजना के तहत हरित ऊर्जा की निकासी करने वाला पहला सौर प्रोजेक्ट है – जो प्रदेश के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कबरई गांव में स्थित यह प्रोजेक्ट राज्य में कंपनी का 11वां संयंत्र है। यह परियोजना हर वर्ष लगभग 1.2 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन को कम करेगी।

रोहित चंदेल और मदिराक्षी मुंडले की केमिस्ट्री ने बढ़ाया सैराब का एक्साइटमेंट

नई दिल्ली। टेलीविजन की प्रेम कहानियां तभी खास बनती हैं जब दर्शक किरदारों और उनकी केमिस्ट्री से भावनात्मक रूप से जुड़ जाएं, और स्टार प्लस का नया शो सैराब अपने प्रीमियर से पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। शो के प्रोमो सामने आने के बाद से ही फैंस रोहित चंदेल और मदिराक्षी मुंडले की शानदार केमिस्ट्री, इमोशनल कनेक्शन और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। दर्शक इस नई जोड़ी को काफी पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी इनके बारे में लगातार बातें हो रही हैं। दर्शकों को सबसे ज्यादा जो बात पसंद आ रही है, वह यह है कि सैराब सिर्फ एक आम लव स्टोरी नहीं, बल्कि भावनाओं से भरी एक गहरी कहानी लेकर आ रहा है। लाल रंग की थीम पर बनी इसकी दुनिया प्यार, तड़प, दर्द और जुनून को दर्शाती है।

शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.54 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में आई गिरावट का असर देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी देखने को मिला। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से कुल 1.54 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कुल 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत नीचे आ गया। बाजार में कमजोरी के इस रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान

यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। पिछले सप्ताह प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,078.30 करोड़ रुपये घटकर 17,87,039.40 करोड़ रुपये रह गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 33,333.06 करोड़ रुपये घटकर 11,46,641.84 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत भी 25,408.96 करोड़ रुपये कम होकर 11,14,886.53 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस का मूल्यांकन 22,920.58 करोड़ रुपये घटकर 8,15,480.75 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 13,169.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,04,210.54 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन भी 7,253.24 करोड़ रुपये घटकर 5,63,262.33 करोड़ रुपये रह गया। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन भी 6,311.41 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 9,00,589.91 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के उलट लार्सन एंड टुब्रो की बाजार हैसियत पिछले सप्ताह 20,608.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,60,836.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 13,753.62 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,89,831.54 रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत भी 6,040.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,20,484.06 करोड़ रुपये हो गई।

रुपये में कमजोरी के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 33 हजार करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से दूरी बनाए रखते हुए मई महीने में 32,963 करोड़ रुपये की निकासी की है। कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में लगातार गिरावट और अन्य वैश्विक बाजारों में बेहतर अवसरों के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में निवेश घटाया है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.25 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह राशि पूरे 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। इस साल फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे हैं। जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपये निकाले

थे, जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों का सबसे बड़ा मासिक निवेश था। इसके बाद मार्च में रुख फिर बदल गया और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मई में करीब 33,000 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय कंपनियों की तिमाही नतीजे अपेक्षा से कमजोर रहने, रुपये के लगातार कमजोर होने और अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया तथा ताइवान जैसे बाजारों में बेहतर प्रतिफल मिलने से विदेशी निवेशकों ने अपना धन वहां स्थानांतरित किया है। रुपये की लगातार कमजोरी भी एफपीआई निकासी का बड़ा कारण है। उनके अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक रुपया लगभग छह प्रतिशत और पिछले एक वर्ष में करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है। भारत की कच्चे तेल के आयात पर अत्यधिक निर्भरता भी चिंता का विषय बनी हुई है। देश अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास उत्पन्न व्यवधानों के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 95-105 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है।

बीते सप्ताह सरसों में सुधार

नयी दिल्ली। कम आवक के बीच अचार के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल के दाम में मामूली सुधार देखा गया। कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौलातेल के दाम में भी सुधार आया। दूसरी ओर, डॉलर के मुकाबले रुपये के मजबूत होने से सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए।

गर्मी की फसल की आवक शुरू होने की चर्चा के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि मंडियों में सरसों की आवक कमजोर बनी हुई है। हाल के दिनों में दाम काफी नीचा रहने के बाद अब आयातित तेलों के मुकाबले सरसों का दाम मामूली अधिक हो चला है। आगे बरसात में अचार बनाने वाली कंपनियों की ओर से भी मांग अभी से बढ़ने लगी है। इन परिस्थितियों के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली सुधार देखा गया। इस बीच, सरकार ने बीते सप्ताह सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य में 21 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन के आयात शुल्क मूल्य में 48 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। जबकि सोयाबीन डीगम तेल का आयात शुल्क मूल्य 19 रुपये प्रति क्विंटल घटाया है। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपये के मजबूत होने से सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम एवं पामोलीन तेल में गिरावट दर्ज हुई। मध्य प्रदेश में सोयाबीन प्लांट वालों ने सोयाबीन की खरीद के दाम को घटाया पर महाराष्ट्र के प्लांट वालों ने दाम नहीं घटाये।

भारत-ओमान एफटीए आज से लागू होगा

नयी दिल्ली। भारत और ओमान के बीच वृहद आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) एक जून से लागू होने जा रहा है। दोनों देश सोमवार को इसकी औपचारिक घोषणा करेंगे। इस समझौते के लागू होने से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को ओमान के बाजार में अधिक अवसर मिलेंगे तथा दोनों देशों के व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

यह नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला पांचवां मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। इससे पहले भारत मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ ऐसे समझौते लागू कर चुका है। इसके अलावा भारत ने ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ भी व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के 10.61 अरब डॉलर से अधिक है। इस दौरान भारत का निर्यात 4.02 अरब डॉलर और आयात 7.16 अरब डॉलर रहा। समझौते के तहत भारत को ओमान के बाजार में 98.08 प्रतिशत शुल्क लाइनों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जो कुल व्यापार मूल्य के 99.38 प्रतिशत हिस्से को कवर करती है। इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और निर्यात को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से वस्त्र, कृषि उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, रत्न एवं आभूषण, परिवहन उपकरण तथा प्रीसिजन यंत्रों के निर्यात में वृद्धि की संभावना है। इसके अलावा लौह एवं इस्पात, विद्युत मशीनरी, समुद्री उत्पाद, औद्योगिक मशीनरी और तांबा उत्पादों को भी शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा। समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारतीय दवाओं और टीकों को ओमान में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा, जिससे भारतीय फार्मा उद्योग को बड़ा लाभ होने की उम्मीद है। वहीं भारतीय वाहन क्षेत्र के लिए भी यह समझौता फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि वाहनों पर लगने वाला पांच प्रतिशत आयात शुल्क समाप्त हो जाएगा। सेवा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ने की संभावना है। भारत का ओमान को सेवाओं का निर्यात 2020 के 39.7 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024 में 66.5 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।

भारत-अमेरिका के मुख्य वार्ताकार आज से अंतरिम व्यापार समझौते पर करेंगे वार्ता

नयी दिल्ली। अमेरिका और भारत के मुख्य व्यापार वार्ताकार अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने के मकसद से सोमवार से यहां चार दिवसीय बैठक करेंगे।

अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा फरवरी में तय की गई थी।

अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे और भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन होंगे। जैन वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा। इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी।

अमेरिका-ईरान वार्ता से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-ईरान संबंधों से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा से तय होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा प्रमुख आर्थिक आंकड़ों की घोषणा, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां तथा रुपये-डॉलर की विनिमय दर पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। बाजार भागीदारों की नजर अमेरिका-ईरान की स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों पर बनी रहेगी। ये दोनों कारक मुद्रास्फीति की अपेक्षाओं, रुपये की स्थिरता और विदेशी निवेश प्रवाह को सीधे प्रभावित करते हैं। सोमवार को मई माह का अंतिम एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (पीएमआई) आंकड़ा जारी होगा, जबकि बुधवार को सेवा क्षेत्र और समग्र पीएमआई के आंकड़े आएंगे। इनसे मांग, कारोबारी गतिविधियों और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक

मजबूती का संकेत मिलेगा। सप्ताह की सबसे महत्वपूर्ण घटना शुक्रवार को होने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का निर्णय होगा। निवेशक ब्याज दरों, मुद्रास्फीति और नकदी प्रबंधन को लेकर केंद्रीय बैंक के रुख पर विशेष ध्यान देंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े भी अर्थव्यवस्था की गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिति का आकलन करने में मदद करेंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत टूटा था। पश्चिम एशिया में कूटनीतिक घटनाक्रम, अमेरिका-ईरान वार्ता और कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव के कारण बाजार में संवेदनशीलता बनी रह सकती है। इनके अलावा वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन, संस्थागत निवेशकों का निवेश प्रवाह और रुपये की चाल भी बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। घरेलू स्तर पर आरबीआई की नीतिगत बैठक सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। बढ़ती महंगाई और मुद्रा बाजार की परिस्थितियों के बीच निवेशक केंद्रीय बैंक के संकेतों का बारीकी से विश्लेषण करेंगे। एक जून को मई माह के वाहन क्षेत्र के बिक्री आंकड़े भी आएंगे। इससे इस क्षेत्र की उपभोक्ता मांग की स्थिति का अंदाजा लगेगा। निकट अवधि में भारतीय शेयर बाजार की दिशा मुख्य रूप से आरबीआई के नीतिगत निर्णय और जीडीपी आंकड़ों पर निर्भर करेगी।

प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय निभायेंगे अहम भूमिका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के साथ, ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों का निर्माण और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क विकसित करना सतत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

यह बात प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. पवन अग्रवाल ने लखनऊ में आयोजित बीएनआई नेटकान 2026 के दौरान कही। 900 से अधिक उद्यमियों, पेशेवरों, निमार्ताओं और उद्योग जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यावसायिक रणनीति का केंद्र बिंदु होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और मुख्यमंत्री द्वारा परिकल्पित 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यवसाय

का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर व्यावसायिक गतिविधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए और पूर्ण ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करना किसी भी संगठन के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। संरचित नेटवर्किंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीएनआई नॉर्थ लखनऊ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी ने कहा कि आर्थिक विकास का आधार विश्वास पर आधारित संबंध होते हैं। नेटकान के माध्यम से हम ऐसा इकोसिस्टम तैयार कररहे हैं, जहाँ उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ सकें, सहयोग कर सकें और साथ मिलकर आगे बढ़ सकें। मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क अवसरों तक पहुंच में आने वाली बाधाओं को कम करते हैं और उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में सार्थक योगदान देते हैं। नेटकान के पिछले संस्करण में 725 से अधिक व्यवसाय मालिकों और पेशेवरों ने भाग लिया था, जिसके परिणामस्वरूप 5,600 से अधिक रेफरल उत्पन्न हुए और रुपये 14 करोड़ से अधिक के व्यावसायिक अवसर सृजित हुए। उत्तर प्रदेश के आर्थिक विस्तार के अगले चरण की ओर अग्रसर होने के साथ, नेटकान जैसी पहलें परस्पर जुड़ी हुई व्यावसायिक समुदायों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

पेज एक का शेष

राजीव कृष्णा

राजीव कृष्णा के पास निदेशक सतर्कता अधिष्ठान का भी चार्ज रहेगा। चार वर्ष बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक नियुक्त राजीव कृष्णा ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राजीव कृष्णा ने उनके सरकारी आवास कालीदास मार्ग पर भेंट की। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा की इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको बधाई देने के साथ शुभकामना भी दी। 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा के पास मई 2025 से कार्यवाहक डीजीपी का चार्ज था। राजीव कृष्णा निदेशक सतर्कता अधिष्ठान भी हैं। मुकुल गोयल के मई 2022 से पद से हटने के बाद अब राजीव कृष्णा यूपी पुलिस के पूर्णकालिक डीजीपी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थायी पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग के नियमों के तहत प्रक्रिया पूरी की थी। इस पद के लिए शासन स्तर पर तीन सीनियर आईपीएस अधिकारियों रेणुका मिश्रा (1990 बैच), पियूष आनंद (1990 बैच) और राजीव कृष्णा (1991 बैच) के नामों का एक पैनल तैयार कर भेजा गया था। इन तीनों योग्य और वरिष्ठ दावेदारों के पैनल में से अंततः वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्णा के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वसनीय अफसर के नाम पर मुहर लगा दी है। संघ लोक सेवा आयोग से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर गहन मंथन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजीव कृष्णा के नाम के प्रस्ताव को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। मुकुल गोयल के मई 2022 से पद से हटने के बाद अब यूपी पुलिस को पूर्णकालिक डीजीपी मिला है। मुकुल गोयल के हटने के बाद से अब तक डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा, विजय कुमार, प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग करने वाले राजीव कृष्णा वर्ष 2024 में महानिदेशक पद पर प्रोन्नत हुए थे।

समाज का

थे, वहीं आज 67,971 होमगार्ड उपलब्ध हैं। विभाग पुलिस बल के सहयोग, सार्वजनिक व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने, आपातकालीन सेवाओं तथा लोककल्याण से जुड़े विविध दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। बताया गया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में 3,812 होमगार्डों को ह्यआपदा मित्रह्न के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त 1,091 स्वयंसेवकों को अग्नि बचाव तथा 425 को बाढ़ बचाव कार्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने एनरोलमेंट प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ संपन्न की जाए। बैठक में बताया गया कि 3 नवंबर 2025 को जारी उत्तर प्रदेश राज्य होमगार्ड्स एनरोलमेंट मार्गदर्शिका के अंतर्गत 41,424 रिक्त पदों पर एनरोलमेंट प्रक्रिया के तहत अप्रैल 2026 में लिखित परीक्षा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई।

जन सुरक्षा

प्रशिक्षण गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए समाज का प्रशिक्षित और जागरूक होना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा स्वयंसेवकों को अग्निशमन, खोज एवं बचाव तथा प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, रेलवे, महत्वपूर्ण संस्थानों तथा सुरक्षा बलों को ह्यफर्स्ट रिस्पॉन्डरह्न के रूप में तैयार करने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार की ह्यस्कीम फॉर ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ सिविल डिफेंस इन स्टेट्सह्न के अंतर्गत प्रदेश के पूर्व से संचालित 17 जनपदों में लगभग 5,000 वार्डनों एवं स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। 72,438 छात्र-छात्राओं को नागरिक सुरक्षा का सामान्य प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त होमगार्ड के 7,502 स्वयंसेवकों तथा 4,633 नागरिकों को आपदा प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया है। नागरिक सुरक्षा की विभिन्न सेवाओं, जिनमें वार्डन सेवा, अग्निशमन सेवा एवं प्राथमिक चिकित्सा सेवा शामिल हैं, में कुल 6,695 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व में संस्थान में नागरिक सुरक्षा के 15 जनपदों के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाता था, जबकि मई 2025 से नागरिक सुरक्षा इकाइयों एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का विस्तार प्रदेश के सभी 75 जनपदों तक कर दिया गया है।

लोगों की

हो सके तो खुद भी किसी अच्छे काम से जुड़िए। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में गंगा डोल्फिन को बचाने की कोशिश से जुड़े एक चर्चित वीडियो का भी अपने कार्यक्रम में जिक्र किया और कहा कि करीब 13 घंटे चले अभियान के बाद आखिरकार वह डॉल्फिन बच गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भारत की पहली गंगा डोल्फिन बचाव एम्बुलेंस की भूमिका का उल्लेख किया। इस डॉल्फिन को ठीक होने के बाद एक बार फिर राप्ती नदी में छोड़ा गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले की भी इसी तरह की प्रेरक गाथा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बस्ती के आकाश गुप्ता अपने गाँव की मनोरमा नदी को देखकर बहुत दुखी होते थे। क्योंकि जिस नदी को उन्होंने बचपन में साफ और जीवंत देखा था। समय के साथ उस नदी में प्लास्टिक जमा होने लगा था। गंदगी बढ़ती चली जा रही थी। श्रीमान आकाश ने तय किया कि शिकायत नहीं करेंगे, एक नई शुरुआत करेंगे। शिकायत नहीं, शुरूआत मंत्र बन गया। उन्होंने अपने दोस्तों को साथ लिया। सिर्फ जाल था, फावड़ा था, टोकरी थी और सबसे बड़ी ताकत थी, कुछ बदलने का संकल्प। ये युवा नदी में उतरते थे, जलकुंभी निकालते थे। प्लास्टिक और कचरा बाहर लाते थे। कई बार एक दिन में 50-60 किलो तक कचरा नदी से निकाला गया। धीरे-धीरे मनोरमा नदी का वह हिस्सा फिर से साफ दिखने लगा। आसपास के लोगों का ध्यान भी इस काम की तरफ गया। लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी।

सात्विक-चिराग

सिंगापुर ओपन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। सात्विक और चिराग ने पिछली बार 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। तब से वे चार फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार उपविजेता रहे। सिंगापुर में जीत के साथ उन्होंने अपने खिताबी सूखे को भी समाप्त कर दिया। फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी। पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए एक शानदार सप्ताह का समापन भी रही।

राजस्व प्रशासन

से एक राजस्व परिषद की कमान दी गई है। राजस्व विभाग की प्रशासनिक और नीतिगत जिम्मेदारी पहले से 2001 बैच की आईएएस अधिकारी अपर्णा यू के पास है। उन्हें इसी वर्ष प्रमुख सचिव राजस्व बनाया गया था। राजस्व विभाग प्रदेश में भूमि, राजस्व प्रशासन, भू-अभिलेख, अधिग्रहण और संबंधित नीतिगत मामलों का प्रमुख विभाग है। इसके अलावा 2005 बैच की आईएएस अधिकारी कंचन वर्मा राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश में आयुक्त एवं सचिव के पद पर कार्यरत हैं। राजस्व परिषद के प्रशासनिक संचालन और विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों के निस्तारण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह महत्वपूर्ण निर्णय योगी सरकार की ओर से महिलाओं को महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपने की नीति का प्रमाण है। प्रदेश सरकार पहले भी विभिन्न विभागों, आयोगों, निगमों और विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों में महिला अधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां देती रही है। अब राजस्व प्रशासन की शीर्ष संरचना में महिला अधिकारियों की मजबूत उपस्थिति से सुशासन, प्रशासनिक दक्षता और महिला सशक्तीकरण को नई ताकत मिलेगी। राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश राज्य की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में शामिल है, जहां भूमि, राजस्व विवाद, प्रशासनिक अपीलों और विभिन्न राजस्व मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। ऐसे में परिषद के अध्यक्ष, राजस्व विभाग की प्रमुख सचिव और परिषद के सचिव स्तर पर महिला अधिकारियों की तैनाती प्रशासनिक दृष्टि से भी उल्लेखनीय उपलब्धि है।

गाजियाबाद मर्डर

खोड़ा की नवनीत विहार कॉलोनी के निवासी चौहान पर 28 मई को एक विवाद के दौरान चाकू से हमला किया गया था। उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में नोएडा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पीड़ित के परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। घटना के तुरंत बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि मुख्य आरोपी के रूप में नामजद असद फरार था। पुलिस ने कहा था कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी और चौहान दोस्त थे तथा मोटरसाइकिल चलाने को लेकर विवाद बढ़कर बहस में बदल गया जिसके बाद चौहान पर चाकू से हमला किया गया। हालांकि, चौहान के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसे फोन कॉल कर एक स्थान पर मिलने के लिए बहाने बुलाया गया था जहां कई हमलावरों ने उस पर चाकुओं से हमला किया। चौहान की मौत के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कहा था कि हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की थी।

प्रदेश में धूल

सटे जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। संभल, मुरादाबाद, हाथरस, गोंडा और बलरामपुर में जोरदार बारिश दर्ज की गई। वहीं शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, फरुर्खाबाद, अलीगढ़ और बुलंदशहर में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम वर्षा हुई। रविवार को लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी कोतवाली अंतर्गत जैती गांव में रविवार दोपहर तेज बारिश के दौरान एक घर की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे की चपेट में आने से वहां खेल रहे मानिकचंद के छह वर्षीय बेटे कार्तिक की मौत हो गई, जबकि उसके भाई-बहन बाल-बाल बच गए। तेज आंधी-पानी के दौरान रविवार दोपहर लखनऊ के रहीमाबाद क्षेत्र के ईशु खेड़ा गांव में चबूतरे की दीवार ढहने से 10 साल के अनमोल की मलबे में दबने से मौत हो गई। अनमोल चबूतरे के पास नाली के पाइल में फंसा कचरा निकाल रहा था। देवरिया में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला ने दम तोड़ दिया। मोहान रोड पर देवपुरी कॉलोनी के पास पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। हजरतगंज चौराहा समेत कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। हजरतगंज में तेज आंधी की वजह से होर्डिंग फट गई। लखनऊ में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही बादलों की आवाजाही और धूप-छांव का सिलसिला जारी रहा, लेकिन दोपहर बाद घने बादलों ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया।

बेंगलुरु लगातार दूसरी बार बना आईपीएल चैंपियन

आरसीबी ने 18 ओवर में 161 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया, कोहली 42 गेंदों में 75 रन बनाकर बने मैनऑफ द मैच

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल जीत लिया है। टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में विराट कोहली के नाबाद 75 रन की बदौलत बेंगलुरु ने 18 ओवर में 161 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने फाइनल में विजयी छक्का लगाकर आरसीबी को लगातार दूसरे आईपीएल खिताब जिताया। 156 रन के टारगेट का पीछा करते हुए आरसीबी ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 161 रन बनाए। कोहली 42 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 18वें ओवर में पहले चौका लगाकर स्कोर बराबर किया और फिर अगली ही गेंद पर छक्का जड़कर मैच खत्म कर दिया।

विराट कोहली को 16वें ओवर में जीवनदान मिला। अरशद खान की गेंद पर कोहली का शॉट हवा में गया और शुभमन गिल ने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लेने का दावा किया। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, जहां रिप्ले में गेंद का कुछ हिस्सा जमीन को छूता हुआ दिखा। इसके बाद कोहली को नॉट आउट करार दिया गया। गुजरात टाइटंस को 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर सफलता मिली। अरशद खान ने टिम डेविड को 24 रन पर आउट कर आरसीबी को एक और झटका दिया। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर डेविड ने ऑफ साइड में शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के दस्तानों में समा गई। मैदान पर अंपायर ने शुरूआत में आउट नहीं दिया, लेकिन गुजरात ने तुरंत रिव्यू लिया। अल्ट्राएज में साफ स्पाइक दिखने के बाद फैसला पलट गया और डेविड को पवेलियन लौटना पड़ा। 17 गेंदों में 24 रन बनाए। विराट कोहली ने फाइनल में सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा

किया। यह आईपीएल फाइनल में कोहली का सबसे तेज अर्धशतक है। कोहली ने अरशद की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेला, जो शॉर्ट मिडविकेट के फील्डर के बाईं ओर से बाउंड्री के पार चला गया। पचासा पूरा करने के बाद कोहली ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 156 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरूआत अच्छी नहीं रही, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर की पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने 6 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 70 रन बना लिए हैं। विराट कोहली और रजत पाटीदार क्रीज पर हैं। वेंकटेश अय्यर 32 और देवदत्त पडिक्कल 1 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के लिए सुंदर ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। कप्तान शुभमन गिल (12) और साई सुदर्शन (10) जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद निशांत सिंधु (20), जोस बटलर (19), अरशद खान (15) और राहुल तेवतिया (7) भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। बेंगलुरु के लिए रसिख सलाम ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने 2-2 विकेट चटकाए। सूर्यवंशी ने 16 मैचों में 776 रन बनाए हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। सूर्यवंशी के बाद गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल (732 रन) और साई सुदर्शन (722 रन) हैं। दोनों बैटर आउट हो चुके हैं। इनिंग ब्रेक के दौरान म्यूजिकल शो हुआ। इसमें कैलाश खेर ने परफॉर्म किया। गुजरात को दूसरी सफलता कगिसो रबाडा ने दिलाई। छठे ओवर की पहली गेंद पर देवदत्त पडिक्कल 4 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद पर पडिक्कल ने इनसाइड-आउट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर थर्ड मैन की दिशा में हवा में चली गई। वहां अरशद खान ने बाईं ओर दौड़ते हुए कैच लपका। इस विकेट के साथ रबाडा सीजन में 29 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। 5वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने गुजरात को पहली सफलता दिलाई। तेज शुरूआत देने वाले वेंकटेश अय्यर 16 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। सिराज की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने की कोशिश में अय्यर गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और मिड-ऑन पर खड़े कगिसो रबाडा ने आसान कैच लपक लिया। हालांकि आउट होने से पहले अय्यर ने 4 चौकों और 2 छक्के लगाए। विराट कोहली ने फाइनल में शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और कगिसो रबाडा के एक ओवर में मैच का रुख लगभग फउइ की ओर मोड़ दिया। चौथे ओवर में कोहली ने रबाडा की गेंदों पर तीन चौके और एक शानदार छक्का जड़ते हुए 19 रन बटोरे। इस ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन पहुंच गया, जबकि कोहली सिर्फ 10 गेंदों में 28 रन बना लिए हैं। आरसीबी ने टारगेट का पीछा करते हुए 3 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बना लिए। तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज के खिलाफ बल्लेबाजों ने 13 रन बटोरे। विराट कोहली ने ओवर की पहली और तीसरी गेंद पर शानदार चौके लगाए, जबकि वेंकटेश अय्यर ने भी एक दमदार बाउंड्री जड़ी। अय्यर 13 गेंदों में 26 रन और कोहली 5 गेंदों में 9 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद रहे। वॉशिंगटन सुंदर ने दबाव भरे मुकाबले में शानदार अर्धशतक पूरा किया। पारी के आखिरी ओवर में रसिख सलाम की फुल लेंथ गेंद पर सुंदर ने जोरदार ड्राइव लगाने की कोशिश की।

गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पॉइंट के पास से निकल गई और एक रन मिल गया। इसी के साथ सुंदर ने 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। गुजरात टाइटंस को 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर राशिद खान के रूप में एक और झटका लगा। रसिख सलाम की शॉर्ट गेंद पर राशिद ने बड़ा शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं बैठी। गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग की दिशा में हवा में चली गई, जहां रोमारियो शेफर्ड ने शानदार कैच लपक लिया। राशिद 3 गेंदों में 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 19वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने जेसन होल्डर को 7 रन पर आउट कर दिया। शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने की कोशिश में होल्डर पूरी तरह नियंत्रण में नहीं दिखे और गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर काफी ऊंची हवा में चली गई। शॉर्ट थर्ड पर खड़े जोश हेजलवुड ने आसानी से कैच लपक लिया। गुजरात टाइटंस को 17वें ओवर की पहली गेंद पर राहुल तेवतिया के रूप में बड़ा झटका लगा। रसिख सलाम की धीमी गेंद पर तेवतिया शॉट लगाने के प्रयास में चूक गए। गेंद बल्ले के बीच में नहीं लगी और हवा में मिड-ऑन की दिशा में चली गई। कप्तान रजत पाटीदार ने पीछे दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। तेवतिया 5 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात टाइटंस को 15वें ओवर की पहली ही गेंद पर पांचवां झटका लगा।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी के सिर सजा ऑरेंज कैप का ताज

आईपीएल-2026 का रोमांच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खत्म हो गया। इस सीजन कई बल्लेबाजों का जलवा देखने को मिला, लेकिन ऑरेंज कैप की बाजी मारी युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने। ऑरेंज कैप लीग के अंत में उस बल्लेबाज को दी जाती है जिसने पूरे सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। सीजन के दौरान जब मैच चलते हैं तो इसके हकदार बदलते रहते हैं। जो बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाने की लिस्ट में पहले नंबर पर रहता है उसके सिर ये कैप सजती है। वैभव ने इस सीजन कमाल की बल्लेबाजी की है। उन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को हैरान कर दिया। अपनी बल्लेबाजी के दम पर ही वह राजस्थान रॉयल्स को दूसरे क्वालिफायर तक ले गए। हालांकि, राजस्थान जीत नहीं सकी लेकिन, वैभव की कोशिश को पूरी दुनिया ने देखा।

संक्षेप

अभय और चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश के अगले दौर में

बर्मिंघम। भारत के अभय सिंह और वीर चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं लेकिन रमित टंडन और अनाहत सिंह इस पीएसए डायमंड स्तर के टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने कोलंबिया के मैटियस नुडसेन को 11-8, 11-5, 11-4 से, जबकि विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने पाकिस्तान के नूर जमां को 11-8, 12-14, 11-6, 11-7 से हराया। टंडन फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसोर्ड के खिलाफ मैच के बीच से हट गए। उस समय यह भारतीय खिलाड़ी 14-12 4-7 से पीछे चल रहा था। महिला वर्ग में विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत मिस्र की विश्व में 36वें नंबर की खिलाड़ी नार्डिन गारास से हार गईं। गारास ने यह मैच 11-8, 8-11, 11-8, 11-9 से जीता।

श्रीचरणी को उम्मीद, श्रृंखला जीतने में कामयाब रहेगा भारत

ब्रिस्टल। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत से टीम का काफी आत्मविश्वास बढ़ता लेकिन उन्होंने कहा कि टीम तीसरे और निर्णायक मैच में जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेजबान इंग्लैंड ने शनिवार को दूसरा टी20 मैच 26 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारत ने पहला मैच 38 रन से जीता था। यह श्रृंखला 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। श्रीचरणी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हमारे लिए हर मैच जीतना महत्वपूर्ण है, इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है।

सूर्यवंशी विशेष प्रतिभा, उनके नैसर्गिक खेल से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए : तेंदुलकर

मुंबई। बल्लेबाजी के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए उन्हें विशेष प्रतिभा करार दिया तथा कोच और मेंटोर (मार्गदर्शक) से भारतीय क्रिकेट में तेजी से आगे बढ़ रहे इस खिलाड़ी के नैसर्गिक खेल में हस्तक्षेप नहीं करने का आग्रह किया। सूर्यवंशी ने पिछले सत्र में आईपीएल में पदार्पण किया था और सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। इस सत्र में उन्होंने जसप्रीत बुमराह, कैगिसो रबाडा और पैट कमिंस सहित दुनिया के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करके खुद को नए मुकाम पर पहुंचा दिया। तेंदुलकर ने क्रिकइन्फो ऑनर्स में कहा, हर कोई सूर्यवंशी के बारे में बात कर रहा है। मैंने उन्हें बल्लेबाजी करते देखा और यह शानदार अनुभव था। मेरा मतलब है कि वह वाकई में कुछ खास हैं। उनकी सिर्फ गेंद को हिट करने की क्षमता ही नहीं, बल्कि कलाई का कमाल भी मुझे बहुत प्रभावित कर गया। बिहार के समस्तीपुर के 15 वर्षीय खिलाड़ी सूर्यवंशी ने इस आईपीएल के वर्तमान सत्र में 237.31 के शानदार स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। तेंदुलकर ने कहा, मैदान के हर कोने में खेलने के लिए कलाई का अच्छा इस्तेमाल जरूरी है। वह गेंद को जोर से नहीं मारता। वह बाकी बल्लेबाजों की तुलना में गेंद की लाइन और लेंथ को काफी पहले समझ लेता है और आसानी से छक्का जड़ देता है। तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सूर्यवंशी में भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने की प्रतिभा है।

एशियाई अंडर-20 : भारत दूसरे स्थान पर

हांगकांग। भारत ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन तीन और स्वर्ण पदक जीतकर रविवार को अपने अभियान का पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए शानदार समापन किया। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में भारत ने कुल 19 पदक जीते जिनमें 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ चीन शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि जापान पांच स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदकों सहित कुल 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीतते हुए नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। नीरू पाठक की अगुआई वाली भारतीय टीम ने तीन मिनट 38.07 सेकंड का समय निकाला। टीम में भूमिका संजय नेहाते, तहुरा खातून और सेहनूर बावा भी शामिल थीं।

इससे पहले यह रिकॉर्ड जापान ने 2018 में 3:38.20 के समय के साथ बनाया था। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में शीर्ष तीनों टीमों ने 1999 में जापान द्वारा बनाए गए 3:07.38 के पुराने मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। चीन ने 3:04.88 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कतर ने 3:05.06 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया।

कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह

पेरिस। मार्टा कोस्त्युक ने रविवार को यहां चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उनके जन्मदिन की पार्टी में रंग में भंग डाल दिया। कोस्त्युक ने इस सत्र में अभी तक क्ले कोर्ट पर कोई मैच नहीं गंवाया है। इससे पहले स्वियातेक के खिलाफ उन्हें तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा था। यहां तक की उन्होंने विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक सेट भी नहीं जीता था।

रविवार को अपना 25 वां जन्मदिन मना रही स्वियातेक ने पहले सेट में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन इसके बाद कोस्त्युक हावी हो गई और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्वियातेक ने 2024 में फ्रेंच ओपन जीता था।

जाबरा ओपन में शीर्ष दस में रही अवनी और दीक्षा

एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत और दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जाबरा लेडीज ओपन डी फ्रांस में शीर्ष 10 में जगह बनाई। अवनी अंतिम दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रही, जबकि दीक्षा (71) ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल करके वर्तमान सत्र में तीसरी बार शीर्ष 10 में जगह बनाई। अवनी ने 72-68-69 के कार्ड खेल कर कुल चार अंडर पार का स्कोर बनाया।

भारत ने कोरिया को 3-1 से हराया

एजेंसी

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंडर-18 एशिया कप के पूल ए के अपने दूसरे मैच में रविवार को यहां कोरिया को 3-1 से पराजित किया। भारत की तरफ से नौशीन नाज़, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने गोल किए। इस तरह से पहले दिन मलेशिया को हराने वाली भारतीय टीम ने अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में पेनल्टी हासिल की। नौशीन (चौथे मिनट में) ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिला दी।

जीत का सिलसिला जारी रखा

भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर में बढ़त को दोगुना कर दिया। खेल के 21वें मिनट में श्रुति ने एक शानदार मैदानी गोल दागा, जिससे भारत हाफ टाइम तक 2-0 से आगे था। कोरिया ने इसके बाद तीसरे क्वार्टर में 41वें मिनट में ज़ोंगमिन रियू के गोल से अंतर कम किया। लेकिन इसके दो मिनट बाद किरण ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को फिर से मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने चार पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया, जबकि कोरिया ने दो

पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। मलेशिया और कोरिया के खिलाफ जीत के बाद भारत अब पूल ए तालिका में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दो जून को पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

गुकेश ने प्रज्ञानानंदा को हराकर उम्मीद कायम रखी

ओस्लो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अपना 20वां जन्मदिन मनाने के दो दिन बाद नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को क्लासिकल मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए और खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा जबकि महिला वर्ग में दिव्या देशमुख शीर्ष पर पहुंच गई। इस बीच मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन की मुश्किलें और बढ़ गईं क्योंकि उन्हें अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो से हार का सामना करना पड़ा। इससे वह पांच राउंड के बाद छह खिलाड़ियों की तालिका में सबसे नीचे आ गए। वेस्ली सो इस जीत से 8.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह अर्लीरेज़ा फ़िरोजा से पीछे हैं, जिन्होंने अब तक प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखते हुए 10 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ बनाए रखी है।

पीएसजी ने लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग का जीता खिताब

एजेंसी

बुडापेस्ट। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एक रोमांचक फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल को हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बुडापेस्ट में शनिवार को खेले गए फाइनल में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल को 4-3 से हराकर लगातार दूसरी बार यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

पीएसजी के कप्तान मार्किनहोस ने कहा, यह अविश्वसनीय है। कोच ने इस सत्र के शुरू में ही कहा था कि लगातार दूसरी बार चैंपियन बनना आसान नहीं है और इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। हमने वास्तव में इसके लिए बेहद कड़ी मेहनत की। आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस ने अपनी टीम की आखिरी पेनल्टी को गोलपोस्ट के ऊपर मार दिया, जिससे पीएसजी को शूटआउट में जीत मिल गई। फ्रांस की यह दिग्गज टीम इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक बार की चैंपियन रियाल मैड्रिड के बाद आधुनिक युग में ट्रॉफी बरकरार रखने वाली केवल दूसरी टीम है। लुई एनरिक

ने कोच के तौर पर तीसरी बार खिताब जीता है। उन्होंने एक ऐसी टीम तैयार की है जिसे हराना महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के लिए भी काफी मुश्किल है। इसमें आर्सेनल की टीम भी शामिल है जिसने पिछले हफ्ते प्रीमियर लीग जीती और चैंपियंस लीग के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए पीएसजी से 10 अंक और 10 स्थान आगे रहकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। पुस्कास स्टेडियम में इसका हालांकि कोई खास महत्व नहीं था क्योंकि पीएसजी ने यूरोपीय फुटबॉल में एक मजबूत टीम के रूप में खुद को स्थापित कर दिया। एनरिक ने कहा, यह खिताब इसलिए भी विशेष था।

अमेरिका के सहयोगी देशों का वैश्विक एकता पर जोर

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया

एजेंसी

सिंगापुर। अमेरिका के सहयोगी देशों ने रविवार को सिंगापुर में एक शीर्ष रक्षा सम्मेलन में एकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जैसे-जैसे खतरा क्षेत्रों की सीमाओं को पार कर रहा है, पारस्परिक सहयोग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है भले ही वाशिंगटन अपने पारंपरिक मित्र देशों के प्रति अधिक सख्त रुख अपना रहा हो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। एक दिन पहले ही, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शांगरी-ला सम्मेलन में पश्चिमी यूरोपीय सहयोगियों को रक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं देने के लिए फिर से फटकार लगाई थी जिसके बाद सहयोगी देशों की ये टिप्पणियां सामने आई हैं।

जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति हेगसेथ की प्रतिबद्धता की सराहना की लेकिन साथ ही वैश्विक स्तर पर मजबूत गठबंधनों की निरंतर आवश्यकता पर भी बल दिया। अंतरराष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा, विभाजन प्रतिरोध को कमजोर करता है, एकता प्रतिरोध को मजबूत करती है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका, यूरोप

और सहयोगी देशों तथा समान विचारधारा वाले देशों के बीच मतभेद पैदा होते हैं तो निश्चित रूप से ऐसी ताकतें इसका फायदा उठाएंगी। हमें ऐसी स्थिति को रोकना होगा। हमें अपना सहयोग जारी रखना होगा। अब समय आ गया है कि हम अपने सहयोग को और भी मजबूत बनाएं। चीन तेजी से अपनी सेना का विस्तार और आधुनिकीकरण कर रहा है, वहीं जापान भी अपनी रक्षा नीति में बदलाव ला रहा है। पिछले महीने, जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के मंत्रिमंडल ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया, जो युद्ध के बाद की उसकी शांतिवादी नीति में एक बड़ा बदलाव है। चीन ने इस बदलाव की आलोचना की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन जापान के नए प्रकार के सैन्यवाद की ओर बेधड़क बढ़ते कदमों का मजबूती से विरोध करेगा। कोइजुमी ने चीन की ओर से लगाए गए इस आरोप को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा, जरा सोचिए एक देश के पास परमाणु हथियारों और सामरिक बमवर्षक का विशाल भंडार है। जापान के पास इनमें से कोई भी हथियार नहीं है, फिर भी जापान को नव सैन्यवाद का देश कहा जा रहा है।

क्या यह अजीब नहीं है? उन्होंने कहा कि पारदर्शिता चर्चा और संवाद से आती है। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि चीन ने अपने रक्षा मंत्री को सम्मेलन में नहीं भेजा। शनिवार को अपने संबोधन में हेगसेथ ने रक्षा खर्च बढ़ाने के प्रयासों के लिए कई एशियाई साझेदारों की सराहना की साथ ही यूरोपीय सहयोगियों की फिर से आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोपीय सहयोगी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के बारे में खोखले वैश्विकवादी बयानबाजी में उलझ गए हैं जबकि यूरोपीय देशों ने अपनी सीमाएं खोल दीं और अपनी सेनाओं को खोखला कर दिया।

सीबीएसई की उत्तर पुस्तिकाओं के डेटा लीक कर सरकार ने छात्रों की निजता खतरे में डाली : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को इस बात पर चिंता जताई कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं कक्षा के 20 लाख छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक रूप से उपलब्ध पाई गई हैं और उसने इसे बड़े पैमाने पर डेटा लीक करार देते हुए कहा कि इससे छात्रों की निजता खतरे में पड़ गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक बार फिर सीओईएमपीटी कंपनी की अक्षमता और लापरवाही सामने आई है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मंत्री प्रधान के घोटाला मंत्रालय से जुड़े घटनाक्रम में आज यह सामने आया है कि सीबीएसई के 12वीं कक्षा के 20 लाख छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध थीं। उन्होंने कहा, यह बेहद बड़े पैमाने पर हुआ डेटा लीक है, जिसने 20 लाख छात्रों की निजता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सीओईएमपीटी की अक्षमता और असंवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई है। उन्होंने कहा, यही वह कंपनी है, जिसे सीबीएसई ने प्रस्ताव अनुरोध पत्र (आरएफपी) में तकनीकी शर्तों से छेड़छाड़ के बाद ठेका दिया था जिससे संभवतः सीओईएमपीटी को फायदा पहुंचा।

रमेश ने कहा, सामने आई उत्तर पुस्तिकाओं में कागज के मुड़ने के निशान और परछाईं जैसे निशान भी दिखाई दे रहे हैं - जो आमतौर पर स्कैनिंग मशीनों के बजाय मोबाइल फोन से किए गए स्कैन से जुड़े होते हैं। हम जानते हैं कि तीसरे आरएफपी में रोबोटिक स्कैनर की शर्त हटा दी गई थी। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर सीओईएमपीटी ने किस तरह के स्कैनर्स का इस्तेमाल किया? स्कैन की गुणवत्ता इतनी खराब क्यों है? रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट को टैग किया जिसमें दावा किया गया है कि सीबीएसई के लोगों ने अपने एडब्ल्यूएस बकेट को ठीक से कॉन्फिगर नहीं किया और अब हम 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्नपत्रों सहित उनकी सभी मीडिया फाइलों को क्रमवार देख और सूचीबद्ध कर सकते हैं

संक्षेप

एडमिरल स्वामीनाथन बने नये नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने रविवार को यहां 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया जो 41 वर्षों की विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। एडमिरल स्वामीनाथन को एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य जीवन में अनेक परिचालन, स्टाफ तथा प्रशिक्षण संबंधी नियुक्तियों पर कार्य किया है। एडमिरल स्वामीनाथन की समुद्री कमानों में निर्देशित प्रक्षेपास्त्र पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्वेट, आईएनएस कुलिश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक आईएनएस मैसूर तथा विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य शामिल हैं। रियर एडमिरल पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसैनिक कमान मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में सेवा दी। इसके पश्चात उन्हें फ्लैग ऑफिसर समुद्री प्रशिक्षण नियुक्त किया गया तथा बाद में उन्होंने नौसेना की प्रहारक शक्ति माने जाने वाले पश्चिमी बेड़े की कमान संभाली।

आत्मनिर्भर होने के लिए जैव ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक : नितिन गडकरी

लोनावाला। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में बिटुमेन और विमानन ईंधन (एटीएफ) का कम उत्पादन होता है तथा आयात पर निर्भरता घटाने के लिए घरेलू स्तर पर जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि देश में हर वर्ष लगभग 120 लाख टन बिटुमेन की जरूरत होती है, जबकि घरेलू पेट्रोलियम कंपनियां केवल करीब 50 लाख टन उत्पादन करने में सक्षम हैं। इसके कारण भारत को हर साल 60 से 70 लाख टन बिटुमेन का आयात करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि बिटुमेन की कीमत 45 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिटुमेन और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है, इसलिए स्वदेशी और वैकल्पिक उत्पादन स्रोत विकसित करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि देश विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कमी का भी सामना कर रहा है।

महायुति सरकार ने मराठा समुदाय को न्याय दिलाने के लिए लगातार किया काम : फडणवीस

एजेंसी

अहिल्यानगर (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य में महायुति सरकार मराठा समुदाय को न्याय दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। उनका यह बयान मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे द्वारा अपना अनिश्चितकालीन आंदोलन वापस लेने के बीच आया है। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ हुई बातचीत के बाद अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया। सरकार की ओर से उन्हें 12-सूत्री प्रस्ताव सौंपा गया। जरांगे ने शनिवार सुबह जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसे उन्होंने आधी रात के कुछ देर बाद समाप्त कर दिया।

पिछले तीन वर्षों में यह उनकी नौवीं भूख हड़ताल थी। अनशन वापस लेने के सवालों पर फडणवीस ने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन पहले से ही सार्वजनिक हैं।

उच्च न्यायालय ने सीबीआई अदालत के पूर्व विशेष न्यायाधीश को किया निलंबित

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंचकूला स्थित सीबीआई अदालत के पूर्व विशेष न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी राजीव गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के समय वह कैथल में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तैनात थे। आदेश में निलंबन का कोई कारण नहीं बताया गया है, हालांकि इससे संकेत मिलता है कि यह उस अवधि से संबंधित है।

सवालों के जवाब की जगह छात्रों को झेलना पड़ा अपमान : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई ओएसएम विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधा और छात्रों के साथ अपने संवाद का एक वीडियो साझा करते हुए उन्हें बहादुर युवा भारतीय बताया, जिन्होंने मोदी सरकार से सरल सवाल पूछे, लेकिन उन्हें बदले में जवाब के बजाय अपमानै मिला। राहुल ने कहा कि छात्र उज्ज्वल भविष्य के हकदार हैं औरै हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें वह हासिल हो। उन्होंने संबंधित वीडियो एक्स पर साझा करते हुए इसे साथी राष्ट्र-विरोधी सोरोस एजेंट के साथ तथ्यों को सामने लाने वाली बातचीत करार दिया। राहुल ने लिखा, वेदांत और उसके दोस्त प्रतिभाशाली, बहादुर युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से सरल सवाल पूछे - लेकिन उन्हें जवाब के बजाय अपमान मिला। उन्होंने कहा, ये लोग उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के हकदार हैं।

हम सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें यह मिले। वीडियो में राहुल छात्रों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान उनकी परेशानियों के बारे में चर्चा करते नजर आ रहे हैं। इसमें वह मजाकिया लहजे में यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि कैसे जायज चिंताओं और मुद्दों को उठाने के बाद छात्रों परै पाकिस्तानी और डीप स्टेट एजेंटै होने का ठप्पा लगा दिया गया।

जनरल सुब्रमणि ने भारत के सीडीएस का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। पाकिस्तान और चीन संबंधी मामलों के विशेषज्ञ माने जाने वाले जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। जनरल सुब्रमणि के सामने महत्वाकांक्षी सैन्य थिएटराइजेशन (सेना के तीनों अंगों की एकीकृत सैन्य कमान व्यवस्था) योजना को लागू करने और तीनों सेनाओं के बीच समन्वय मजबूत करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com